दैनिक

नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, सोमवार, 12 मई 2025 शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 32 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

पाकिस्तान की तो खैर कोई इज्जत ही नहीं है। वह पहले ही कई बार अंतर्राष्ट्रीय मंचो पर अपनी बेइज्जती खराब करा चुका है। इस बार वह अपने साथ अपने ही हिमायती देशों की भी इज्जत लुटवाकर - हम तो डूबेंगे सनम तुमको भी ले डूबेंगे वाली पंक्ति चरितार्थ कर रहा है। जंग में भारत के हाथों पाकिस्तान की जमकर कुटाई हो रही है। वह अपने साथ चीन, तुर्की और अमेरिकी का भी भद पिटवा रहा है। जिनसे पाकिस्तान को खैरात में मिले हथियारों की भारतीय सेना परखच्चे उड़ा रही है। बेचारों की लाख की बंद मुट्ठी खुलकर खाक की हो रही है।

65 आईपीएस हुए आईजी के रूप में एम्पैनल, छग के चार अफसर भी शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्र सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के 65 अफसरों को इंस्पेक्टर जनरल आईजी समकक्ष पदों पर नियुक्ति के लिए एम्पैनल किया गया है।। इस सूची में 2003 से लेकर 2007 बैच के अफसर शामिल हैं। इनमें से 8 अधिकारी पूर्व में छूट गए बैचों से हैं, जबकि बाकी 57 अधिकारी 2007 बैच से संबंधित हैं।

2007 बैच के अधिकारी जिनकी नियुक्ति हुई: इस बैच के अधिकांश अधिकारी देश के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से हैं, जिनमें प्रमुख रूप से एजीएमयूटी, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, यूपी, बिहार, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात, हरियाणा, राजस्थान और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। छत्तीसगढ़ कैडर के 2007 बैच के चार अफसरों को द्भल एम्पैनल किया गया है। उन अफसरों में राम गोपाल, जितेंद्र सिंह मीणा, दीपक कुमार झा और अभिषेक शांडिल्य को आईजी एम्पैनल किया गया है।

पूर्व बैच से एम्पैनल अधिकारी : इनमें उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और ओडिशा जैसे राज्यों के अधिकारी शामिल हैं। - अजय कुमार मिश्रा (2003, यूपी), विनय कुमार (2004, बिहार), होमकर अमोल विनुकांत (2004, झारखंड), प्रभात कुमार (2004, झारखंड), कुलदीप द्विवेदी (2005, झारखंड), सिद्धार्थ मोहन जैन (2006, बिहार), अनुप कुमार साहू (2006, ओडिशा), शलभ माथुर (2006, यूपी)

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की छुट्टियों पर प्रतिबंध रहेगा जारी

चंडीगढ़, (वार्ता)। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने रविवार को स्पष्ट किया कि भारत-पाकिस्तान के बीच घोषित संघर्ष विराम के पाकिस्तान की तरफसे किए जा रहे उल्लंघनों के कारण स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों की छुट्टियों पर प्रतिबंध जारी रहेगा। हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों की छुट्टियों पर 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले की जवाबी कार्रवाई के रूप में सात मई को पाकिस्तान के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर चलाए जाने के एक दिन बाद गुरुवार को लगाया गया था।

1.75 करोड़ घरों को रोशन करेगा अदाणी का खावड़ा सोलर प्लांट

खावड़ा (कच्छ) (वार्ता)। भारत के शून्य कार्बन उत्सर्जन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ाने में महत्ती भूमिका निभा रही कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीआईएल) की गुजरात के कच्छ के खावड़ा में बन रही दुनिया की सबसे बड़ी सौर परियोजना पूरी तरह से तैयार होने पर 1.75 करोड़ घरों को बिजली की आपूर्ति की जा सकेगी। यह परियोजना 538 वर्ग किलोमीटर अर्थात 132943 एकड़ में फैली है जो लगभग मुंबई के आकार के बराबर है और परेसि से पांच गुना बड़ा है।

'ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ': पीएम मोदी का सेना को सख्त निर्देश

'पाक से गोली, तो यहां से चलेगा गोला'

■ अब भारत रक्षात्मक नहीं रहेगा, बल्कि आक्रामक नीति अपनाएगा

नईदिल्ली(ए.)। प्रधानमंत्री मोदी ने तीनों सेनाओं और सुरक्षा बलों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि 'वहां से गोली चलेगी, यहां से गोला चलेगा'। यानी अब भारत रक्षात्मक नहीं रहेगा, बल्कि आक्रामक नीति अपनाएगा। सूत्रों ने यह भी बताया कि पाकिस्तान को यह समझना होगा कि अब पुराने तरीके से काम नहीं चलेगा। वहीं न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से साफ कहा था कि अगर पाकिस्तान कुछ करता है तो जवाब और भी विनाशकारी और कड़ा होगा। उसी रात पाकिस्तान ने 26 ठिकानों पर हमला किया और भारत ने इस पर जोरदार जवाबी कार्रवाई की।

'ऑपरेशन सिंदूर' अभी खत्म नहीं- सरकार

भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच सरकारी सूत्रों ने साफ कर दिया है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' अब भी जारी है। यह कोई एक दिन की कार्रवाई नहीं थी, बल्कि अब इसे भारत-पाक रिश्तों का नया दौर कहा जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, यह स्थिति अब स्थायी रूप से बनी रहेगी और दुनिया को इसे 'नए सामान्य' की तरह स्वीकार करना होगा।

सीमा पर क्या हो रहा है?

सूत्रों का कहना है कि, भारत और पाकिस्तान के बीच कोई राजनयिक वार्ता फिलहाल नहीं हो रही है। सिर्फ दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों डायरेक्टर जनरल्स ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन्स (डीजीएमओ) के बीच संपर्क हुआ है ताकि सीमा पर स्थिति को संभाला जा सके। इसके साथ ही भारत का संदेश बिल्कुल साफहै- अब अगर पाकिस्तान गोली चलाएगा, तो भारत दोगुनी ताकत से जवाब देगा। और जब तक पीओके का मुद्दा हल नहीं होता, तब तक कोई भी बातचीत, मेल-मिलाप ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जनरल द्विवेदी ने सैन्य कमांडरों के साथ स्थिति की समीक्षा की, जवाबी कार्रवाई का आदेश बरकरार

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तानी सेनाओं द्वारा शनिवार रात को संघर्ष विराम और हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के मद्देनजर पश्चिमी सीमाओं के सेना कमांडरों के साथ सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। सेना ने रविवार को बताया कि सेना प्रमुख ने दोनों देशों के सैन्य संचालन महानिदेशकों के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए शनिवार को बनी सहमति के किसी भी उल्लंघन पर क्षेत्र में जवाबी कार्रवाई के लिए सेना कमांडरों को पूर्ण अधिकार प्रदान किए हैं। उन्होंने सैन्य कमांडरों कमांडो को पाकिस्तान की किसी भी दुस्साहस मुंह तोड़ जवाब देने के लिए भी कहा है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान सेना ने कल शाम दोनों देशों की सेनाओं के बीच बनी सहमति के बावजूद जम्मू कश्मीर, गुजरात और अन्य क्षेत्रों में भारतीय ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की।

'हमें किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं'

भारत ने साफकिया आतंकियों को सौंपने के अलावा हम किसी अन्य मुद्दे पर बात नहीं करेंगे। कश्मीर पर हमारी स्थिति बहुत स्पष्ट है, अब केवल एक ही मुद्दा बचा है- पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस करना। इसके अलावा और कोई बात नहीं है। अगर वे आतंकवादियों को सौंपने की बात करते हैं, तो हम बात कर सकते हैं। मेरा किसी और विषय पर कोई इरादा नहीं है। हम नहीं चाहते कि कोई मध्यस्थता करे। हमें किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं है।

संघर्ष विराम के चलते नियंत्रण रेखा पर जनजीवन सामान्य

श्रीनगर(वार्ता)। कश्मीर के सीमावर्ती इलाकों में जनजीवन धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है, क्योंकि रविवार को एक पखवाड़े से अधिक समय में पहली बार नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर किसी भी सेक्टर से गोलीबारी की कोई खबर नहीं आई।

भारत और पाकिस्तान ने शनिवार शाम को संघर्ष विराम पर सहमति जताई, जिससे कई दिनों से सीमा पार से हो रही भीषण गोलाबारी खत्म हो गई, जिसके कारण हजारों निवासियों को सुरक्षित क्षेत्रों में पलायन करना पड़ा था।

बारामूला और कुपवाड़ा जिलों में नियंत्रण रेखा पर कई गांवों में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। अधिकारियों ने पुष्टि की कि कश्मीर क्षेत्र में 350 किलोमीटर लंबी नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम उल्लंघन की कोई खबर नहीं है, जो बारामूला, कुपवाड़ा और बांदीपोरा जिलों से होकर गुजरती है। उरी में लोग अपने घरों और मुख्य शहर की दुकानों पर लौटने लगे हैं। उरी के इरशाद अहमद ने , जो गोलाबारी के कारण तीन दिन पहले बारामुल्ला शहर चले गए थे कहा, ऊचार दिनों के बाद, यहाँ बाजार खुल गया है। शांति तो लौट आई है, लेकिन लोग अभी भी डरे हुए हैं। उम्मीद है कि यह शांति बनी रहेगी।ऊ उसने कहा कि पिछले एक पखवाड़े में हुई हिंसा के दौरान कई घर क्षतिग्रस्त हो गए और जनजीवन पटरी से उतर गया। गिंगल के मंजूर अहमद ने कहा कि शत्रुता के दौरान बच्चों को सबसे खराब ■ शेष पृष्ठ 6 पर

यूएन में पाकिस्तान को बेनकाब करेगा भारत

आतंकवाद का सबूत लेकर अगले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र जाएगी टीम

नई दिल्ली (ए.)। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ पूरी तरह से आक्रामक कार्रवाई का रुख अपना लिया है। पहले संघर्ष के मैदान में हर तरीके से पछाड़ने के बाद अब भारत पाकिस्तान को वैश्विक स्तर पर उसका आतंकवाद के समर्थक वाला चेहरा बेनकाब करेगा। जानकारी के मुताबिक, भारत आतंकवाद में पाकिस्तान की संलिप्तता के नवीनतम सबूतों के साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में एक टीम भेजेगा। जानकारी के मुताबिक, अगले सप्ताह यूएनएससीआर 1267 प्रतिबंध समिति की बैठक होगी।

पहलगाम हमले के 8 दिन बाद ही तय हो गया था आतंकियों का अंजाम?

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने 1 मई को ही अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से फोन पर बात की थी। विदेश मंत्री ने अमेरिका को भारत के दो टूक संदेश में कह दिया था, 'हम पाकिस्तान में आतंकवादियों पर हमला करेंगे, और इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए।' इसके अलावा भारत ने संयुक्त राष्ट्र में भी पाकिस्तान को बेनकाब करने की पूरी तैयारी कर ली है। सूत्रों ने बताया है कि अगले सप्ताह भारत से एक टीम संयुक्त राष्ट्र जाएगी, और पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के सबूत पेश किए जाएंगे।

ऑपरेशन सिंदूर के तीनों मकसद हासिल हुए : इससे पहले समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान में आतंकवादियों पर भारतीय सेना की कार्रवाई के मकसद को लेकर विस्तार से जानकारी दी। सिलसिलेवार एक्स पोस्ट में एएनआई ने सूत्रों के हवाले ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शहीद सुरेन्द्र कुमार मोगा का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

झुंझुनूं (वार्ता)। सेना के ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए राजस्थान में झुंझुनूं जिले के वीर सपूत सुरेंद्र कुमार मोगा का रविवार को उनके पैतृक गांव मंडावा तहसील के मेहरादासी में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

शहीद के आठ वर्षीय पुत्र दक्ष ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस अवसर पर राज्य के उपमुख्यमंत्री डा प्रेम चंद बैरवा, स्वायत शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद मदन राठौड़, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, सांसद बृजेन्द्र ओला, विधायक रीटा चौधरी सहित कई नेताओं ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प एवं पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और अंतिम विदाई दी।

इस दौरान शहीद को अंतिम विदाई देने के लिए ग्रामीण उमड़ पड़े और हिन्दुस्तान जिंदाबाद एवं शहीद सुरेन्द्र कुमार अमर रहे के नारों से क्षेत्र गूंज उठा। इससे पहले शहीद का पार्थिव शरीर सुबह सैन्य सम्मान के साथ झुंझुनूं पहुंचा और मंडावा से उनके पैतृक गांव मेहरादासी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बंगलादेश में हसीना को प्रधानमंत्री बताने पर स्थानीय मीडिया हाउस के कार्यालय में आग लगायी

खुलना (वार्ता)। बंगलादेश में श्रीमती शेख हसीना को प्रधानमंत्री बताने पर स्थानीय मीडिया हाउस के कार्यालय में आग लगा दी गयी है। खुलना में 'डेली देश शोंगजोग' नामक एक स्थानीय मीडिया प्रकाशन के कार्यालय में श्रीमती हसीना को प्रधानमंत्री बताने पर आग लगा दी गई। आगजनी के इस हमले के अपराधियों का पता नहीं चल पाया है। 'डेली ऑब्जर्वर' की रिपोर्ट के अनुसार मुंशी महबूबुल आलम 'सोहाग' अखबार के संपादक हैं। वह अवामी लीग की खुलना महानगर इकाई के कार्यालय सचिव के रूप में भी काम करते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार शुक्रवार को 30-40 लोगों के एक समूह ने कार्यालय के शटर का ताला तोड़ दिया और टेबल, कुर्सियाँ और अन्य सामान को सड़क पर फेंक कर आग के हवाले कर दिया। बाद में आसपास के लोगों ने आग पर काबू पा लिया।

ऑपरेशन सिंदूर भारत की राजनीतिक, सामाजिक व सामरिक इच्छाशक्ति का प्रतीकः राजनाथ

लखनऊ (वार्ता)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं , बल्कि यह भारत की राजनीतिक, सामाजिक और सामरिक इच्छाशक्ति का प्रतीक है।

श्री सिंह ने रविवार को यहां ब्रह्मोस एकीकरण और परीक्षण सुविधा केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर अपने वर्चुअल संबोधन में इस ऑपरेशन को भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति और सशस्त्र बलों की क्षमता तथा दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन बताया। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन ने भारत की धरती पर भारत विरोधी और आतंकवादी संगठनों के हाथों अपने प्रियजनों को खोने वाले निर्दोष परिवारों के लिए न्याय सुनिश्चित किया।

रक्षा मंत्री ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, बल्कि यह भारत की राजनीतिक, सामाजिक और सामरिक इच्छाशक्ति का प्रतीक है।÷ उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को इस बात का प्रमाण बताया कि जब भी भारत आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करता है, तो सीमा पार की जमीन भी आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए सुरक्षित नहीं होती है।

उन्होंने कहा,÷उरी घटना के बाद सर्जिकल स्ट्राइक, पुलवामा हमले के बाद एयर स्ट्राइक और अब पहलगाम हमले के बाद कई स्ट्राइक के जरिए दुनिया ने देखा है कि अगर भारत की धरती पर आतंकी हमला होता है तो वह क्या कर सकता है। आतंकवाद के खिलाफजीरो टॉलरेंस की नीति पर चलते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने यह ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

सियासी फायरिंग — *युद्ध विराम को लेकर संसद में चर्चा कराने की मांग पर अड़ा विपक्ष*

खरगे-राहुल ने मोदी को पत्र लिखकर की संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग

नयी दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष तथा राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ऑपरेशन सिंदूर से पहले एवं उसके बाद की स्थिति पर विचार के लिए संसद का विशेष सत्र तुरंत बुलाने की मांग की है।

श्री खरगे ने प्रधानमंत्री को रविवार को लिखे पत्र में कहा है कि वह पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर और युद्ध विराम की घोषणाओं पर चर्चा के लिए संसद का तत्काल विशेष सत्र बुलाने के विपक्ष के सर्वसम्मत अनुरोध को दोहरा रहे हैं। उनका कहना था कि संसद ने इस बात पर भी चर्चा होगी कि पहले वाशिंगटन डीसी और बाद में भारत और पाकिस्तान की सरकारों संघर्ष विराम की घोषणाएं करती हैं। उन्होंने पत्र में यह भी कहा कि इससे पहले 28 अप्रैल को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी पहलगाम हमले को लेकर संसद विशेष सत्र बुलाने की मांग की थी।

श्री गांधी ने अपने पत्र में प्रधानमंत्री से पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान की घोषणा से पहले संघर्ष विराम के मुद्दे पर ट्वीट करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री इस आग्रह पर विचार करेंगे। गौरतलब है कि श्री गांधी ने पिछले दिनों सर्वदलीय बैठक में भी संसद का विशेष सत्र बुलाने की बात कही थी।

भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम पर ट्रम्प की घोषणा करती है हैरानः कांग्रेस

नयी दिल्ली /(वार्ता)। कांग्रेस ने पाकिस्तान और भारत के बीच चल रहे संघर्ष के विराम को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की घोषणा को हैरान करने वाला करार देते हुए रविवार को कहा कि दो देशों के बीच के मसले का अंतरराष्ट्रीयकरण नहीं किया जाना चाहिए।

कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले 24 घंटों में बहुत तेजी से बदले घटनाक्रम हैरान करने वाली स्थिति भी सामने आई है। यह जानकर सबको आश्चर्य हुआ कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की घोषणा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप करते हैं।

श्री पायलट ने कहा, यह शायद पहली बार हुआ है, जब सीजफायर की घोषणा सोशल मीडिया के ज़रिए अमेरिका के राष्ट्रपति करते हैं। उन्होंने जो अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा है, हमें उस पर भी ध्यान देना चाहिए। भारत और पाकिस्तान के बीच जो मसला है, उसका अंतरराष्ट्रीयकरण करना बेहद आश्चर्यजनक है।

कांग्रेस नेता ने कहा,भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष में सरहद के पास के पास हमारे जिन नागरिकों की जान गई है कांग्रेस पार्टी उनके परिजनों को सांत्वना देते हुए मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करती है। मैं भारतीय सेना के पराक्रम और शौर्य को सलाम करता हूं। हमारी सेना ने एक बार फिर दिखाया है कि वह दुनिया के सर्वोत्तम सेनाओं में से एक है। कांग्रेस लंबे समय से ये मांग करती आई है कि पहलगाम घटना और उसकी बाद की स्थिति पर विचार के लिए संसद का एक विशेष सत्र बुलाया जाए।

उन्होंने कहा कि वर्ष 1994 में कांग्रेस सरकार ने सर्वसम्मति से पीओके को वापस लेने का प्रस्ताव पारित कराया था। श्री पायलट ने कहा,च्अब समय आ गया है कि हमें 1994 के प्रस्ताव को दोहराना चाहिए।

राजरंग

भारतीय मूल के प्रवासी मुस्लिम की कारसाजी

सुनने में भले ही अजूबा लगे, भारत के खिलाफ आतंकी युद्ध के पीछे भारत से पाकिस्तान गए लोगों का ही हाथ रहा...ठीक 26 साल पहले पाकिस्तान ने सियाचिन इलाके में घुसपैठ के जरिए हम पर करगिल का युद्ध थोप दिया था..उस युद्ध के पीछे जनरल परवेज मुशर्रफ का हाथ था..पाकिस्तान जाने से पहले परवेज का परिवार दिल्ली के चांदनी चौक में रहता था..पहलगाम में नृशंस आतंकी कार्रवाई के बाद भारत के सामने युद्ध जैसे हालात हैं..इस युद्ध के लिए जिम्मेदार पाकिस्तान के मौजूदा जनरल आसिफ मुनीर हैं...आसिफ ने ही षडयंत्र रचकर अपने देश को तो युद्ध में झोंका ही है..भारत को भी जवाबी कार्रवाई के लिए मजबूर किया है..आसिफ का परिवार भी भारत से पाकिस्तान गया था..बंटवारे से पहले आसिफ का परिवार जालंधर में रहता था..अब इसे क्या समझें कि भारत से पाकिस्तान गए मुस्लिम ही भारत पर युद्ध थोपते रहे हैं..

वर्दी के जरिए संदेश

पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह करने की भारत की कोशिश की जानकारी देने के बाद देश की दो जांबाज अफसर विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी को अब देश ही नहीं, दुनिया भी जान गई है..देश की दोनों अफसर अब भारतीय सेनाओं का चेहरा बन गई है..इनके जरिए देश ने दुनिया को दो संदेश दिए..पहला संदेश यह कि भारत का मुस्लिम भी भारत की माटी के लिए न्योछावर हो सकता है..सोफिया उसी समुदाय का प्रतिनिधि हैं..भारत पर खुद को न्योछावर करने में धर्म कोई बाधा नहीं

बनता...दूसरा संदेश यह दिया कि भारत की नारी शक्ति ही पाकिस्तान को नेस्तनाबूद कर सकती है..भारत की नारी शक्ति पाकिस्तान के नृशंस मर्दों पर भारी है...आपने देखा होगा..पहले दिन दोनों महिला अधिकारी सेना की पारंपरिक वर्दी में थीं..व्योमिया जहां एयरफोर्स के लिए निर्धारित वर्दी पहने थीं तो सोफिया कुरैशी थल सेना की पारंपरिक वस्त्र में थीं..लेकिन दूसरे दिन से दोनों अफसरों की वर्दी समान है...यह वर्दी दरअसल मोर्चे पर धारण की जाती है..भारत ने अपनी तरफ से युद्ध की घोषणा नहीं की है..लेकिन दोनों जांबाज अफसरों की वर्दियों के जरिए पाकिस्तान को संदेश दे दिया है कि भारत पाकिस्तान की इस चुनौती को युद्ध की तरह ले रहा है...और युद्ध की तरह ही जवाब देगा..

दो मोर्चों पर देश

भारत को इन दिनों दो मोर्चों पर जूझना पड़ रहा है..पहला मोर्चा पाकिस्तान के असलहों का है..जबकि दूसरा मोर्चा सूचनाओं का है..अरब क्रांति के दौरान सोशल मीडिया को काफी क्रांतिकारी माना गया था..अरब देशों की क्रांति के पीछे सोशल मीडिया की ताकत को पूरी दुनिया ने स्वीकार किया..लेकिन अब वह सोशल मीडिया एक साथ देवता और दैत्य-दोनों ही भूमिकाओं में आ गया है..पाकिस्तान इन दिनों सोशल मीडिया की दैत्य वाली भूमिका का खूब उपयोग कर रहा है..भारत के बारे में लगातार गलत सूचनाएं दे रहा है..अपनी सेनाओं की झूठी कामयाबियां बता रहा है..भारत पर आरोप लगा रहा है कि भारत रिहायशी इलाकों पर हमला कर रहा है..धार्मिक स्थानों पर हमला कर रहा है..भारत जिस तरह पाकिस्तान के मोर्टारों, मिसाइलों और ड्रोन हमले को नाकाम कर रहा है, ठीक उसी तरह उसकी सूचनाओं को भी नाकाम कर रहा है...इसमें विदेश सचिव विक्रम मिस्री के साथ ही सूचना और प्रसारण मंत्रालय की पीआईबी की भूमिका बढ़ी है...उसके प्रोफेशनल लगातार फेक न्यूज और गलत सूचनाओं का पर्दाफाश कर रहे हैं...

फिर चेहरे के रंग क्यों उड़े

भारत के अंदरूनी सियासी मोर्चे पर इन दिनों जबरदस्त एकता दिख रही है..लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव तो प्रधानमंत्री मोदी को खुली चिट्ठी लिख चुके हैं कि उन्होंने पायलट की ट्रेनिंग ली है और वे देश की सीमा पर मोर्चा संभाले सैनिकों के साथ काम करना चाहते हैं..उनके छोटे भाई तेजस्वी यादव ने जिस तरह जयहिंद का घोष किया और सेनाओं की प्रशंसा की, उससे उनका अलग ही रूप सामने आया..अखिलेश यादव भी इसी तरह सरकार के साथ हैं..सरकार के साथ तो राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी हैं...विपक्षी राजनीति के इस बदले रूख का राजनीतिक हलकों में स्वागत ही होना चाहिए..लेकिन कुछ नेता ऐसे हैं...जो भले ही सरकार के साथ हैं, लेकिन उनके चेहरों पर बारह बजे हुए हैं..बातों के कुछ चटाखेबाजों का कहना है कि इन नेताओं को अपने भविष्य की चिंता सता रही है..उन्हें लगता है कि पाकिस्तान के हमले की जवाबी कार्रवाई का फायदा अगले कुछ महीनों बाद होने वाले बिहार चुनाव में बीजेपी उठा लेगी..इससे सत्ता से उनकी दूरी कुछ और बढ़ जाएगी..शायद इसी वजह से उनके चेहरे बुझे हुए हैं...

आकाशवाणी क्या प्रोफेशनल नहीं रहा?

युद्ध काल में सार्वजनिक मीडिया की भूमिका बढ़ जाती है..लेकिन भारत के सार्वजनिक प्रसारक आकाशवाणी की भूमिकाएं कुछ गड़बड़ नजर आ रही है..लगता है कि आकाशवाणी के पास अच्छे अधिकारी नहीं हैं..अधिकारी...इसलिए कि आजकल आकाशवाणी और दूरदर्शन जैसे विभागों की कमान भी अधिकारियों के ही हाथ है..युद्ध काल में अच्छे और प्रभावी कार्यक्रमों के जरिए जनता तक बेहतर सूचनाएं पहुंचाई जा सकती हैं..लेकिन आकाशवाणी में ऐसा होता नजर नहीं आ रहा..इसका असर हर दिन होने वाली विदेश मंत्रालय की प्रेस ब्रीफिंग में दिखता है....चाहे प्रोग्राम कुछ चल रहा हो..चाहे महेंद्र कपूर का देशभक्ति पूर्ण गाना चल रहा हो, लेकिन गाने को अचानक काटकर प्रेस कांफ्रेंस शुरू कर दी जाती है..श्रोताओं को पता ही नहीं चलता कि हुआ क्या...इससे कई बार श्रोता चिढ़ जाते हैं..और गालियां बकने लगे हैं..युद्ध जैसे हालात में प्रोफेशनलिज्म भी जारी रहना चाहिए...इसे जिम्मेदार लोगों को देखना होगा और आकाशवाणी-दूरदर्शन जैसी जगहों की कमान प्रोफेशनली सक्षम लोगों को सौंपनी होंगी..

ऑपरेशन सिंदूर से युद्ध विराम तक... भारत ने पाकिस्तान की ये 8 झूठी 'मिसाइलें' भी उड़ाई

नई दिल्ली/(ए.)। भारत-पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक चले संघर्ष के दौरान पाकिस्तान ने अपने झूठ और दुष्प्रचार की सारी हदें पार कर दीं। मिसाइल हमलों से लेकर धार्मिक स्थलों पर हमलों के फर्जी आरोपों तक, पाकिस्तान ने एक के बाद एक मनगढंत कहानियां गढ़ीं, लेकिन भारत ने हर झूठ का जवाब तथ्यों, समय-सील फोटोज और वीडियो के साथ देकर पाकिस्तान को पूरी दुनिया के सामने शर्मसार कर दिया।

भारत ने साफ किया कि पाकिस्तान की इन कोशिशों का मकसद सिर्फ अपनी विफलता को छुपाना और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को गुमराह करना था। भारत ने न केवल इस दुष्प्रचार को बेनकाब किया, बल्कि यह भी दिखा दिया कि उसकी सैन्य और रणनीतिक तैयारी कितनी मजबूत है।

एक नजर डालते हैं, पाकिस्तान की उन 8 झूठे दावों पर, जिसका भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया-

झूठ: भारत का S-400 सिस्टम तबाह

सच: विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि पाकिस्तान का यह दावा पूरी तरह फर्जी है। S-400 की कोई हानि नहीं हुई, और JF-17 से उसे निशाना बनाने की बात हास्यास्पद है।

झूठ: ब्रह्मोस मिसाइल डिपो नष्ट

सच: कर्नल सोफिया कुरैशी ने स्पष्ट किया कि ब्यास क्षेत्र में भारत की ब्रह्मोस मिसाइल साइट पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने तस्वीरों और ग्राउंड रिपोर्ट के साथ इसे साबित किया।

झूठ: भारतीय एयरफील्ड्स पर हमला

सच: जम्मू, पठानकोट, भटिंडा, भुज और नलिया जैसे एयरबेस पाकिस्तान के दावे के विपरीत पूरी तरह सक्रिय और सुरक्षित पाए गए। भारत ने सभी ठिकानों के हालिया चित्र और रिपोर्ट जारी किए।

झूठ: भारत ने मस्जिदों को निशाना बनाया

सच: विंग कमांडर सिंह ने कहा, भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और हमारी सेनाएं संविधानिक मूल्यों की प्रतिनिधि हैं। हमने केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया है, किसी भी धार्मिक स्थल को नहीं।

झूठ: ननकाना साहिब पर हमला

सच: पाकिस्तान के ननकाना साहिब पर ड्रोन हमले का दावा पूरी तरह मनगढ़ंत है। भारत ने स्पष्ट किया कि इस तरह का कोई ऑपरेशन नहीं हुआ।

झूठ: भारतीय मिसाइल अफगानिस्तान में गिरीं

सच: अफगानिस्तान की सरकार ने भी पाकिस्तान के इस दावे को नकारा और कहा, ऐसी कोई घटना नहीं हुई है। यह पूरी तरह झूठा आरोप है।

झूठ: भारत ने खुद पर ही हमला किया

सच: पाकिस्तान ने कहा कि भारत खुद अपने शहरों जैसे अमृतसर पर हमले कर रहा है। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने इसे 'पागलपन भरा और बेतुका आरोप' बताया और कहा, इतना गंदा स्क्रिप्ट कोई पाकिस्तानी ही लिख सकता है।

झूठ: एयरबेस पर भारी नुकसान

सच: भारत ने पुष्टि की कि कुछ एयरबेस उधमपुर, भुज आदि पर हमले की कोशिशें हुईं, लेकिन एयर डिफेंस सिस्टम ने ज्यादातर हमलों को विफल कर दिया और नुकसान न्यूनतम रहा।

बातें अमन की और नीयत में जहर, पाकिस्तान ने हर बार पीठ पर छुरा घोंपा, जानें इससे पहले कब

नई दिल्ली/(ए.)। चार दिनों तक चले ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच भले ही युद्धविराम की घोषणा कर दी गई हो, लेकिन पाकिस्तान की ओर से कुछ ही घंटों में इस समझौते का उल्लंघन कर दिया गया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, सीजफायर की घोषणा के महज तीन घंटे बाद ही पाकिस्तान की ओर से नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी की गई। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा कि पाकिस्तान के सीजफायर उल्लंघन के लिए सेना को पूरी छूट दी गई है। इससे पहले, भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पीओके और पाकिस्तान में स्थित कई आतंकी ठिकानों और लॉन्च पैड्स को नष्ट कर दिया था। जवाब में पाकिस्तान की सेना ने भी कुछ हमले किए, जिन्हें भारतीय सेना ने प्रभावी रूप से नाकाम किया। चार दिन चले इस संघर्ष के बाद अमेरिका की मध्यस्थता से दोनों देशों के बीच युद्धविराम लागू हुआ। हालांकि, पाकिस्तान का पुराना रिकॉर्ड दिखाता है कि वह पहले युद्ध की शुरुआत करता है, फिर शांति की पहल इसके बाद भी आक्रामक रवैया अपनाता रहा है।

कारगिल युद्ध

फरवरी 1999 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने दिल्ली-लाहौर बस सेवा की शुरुआत करते हुए पाकिस्तान का दौरा किया था और तत्कालीन पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के साथ साझा घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए थे।

दिल्ली में 15 दिन बंद रहेगी यह सड़क ट्रैफिक एडवाइजरी में बताए नए रास्ते

नई दिल्ली/(ए.)। राजधानी दिल्ली में काठिया बाबा मार्ग पर स्वरूप नगर एसडीएम ऑफिस से लेकर बुराड़ी के विजय चौक तक 15 दिन गाड़ियों की आवाजाही बंद रहेगी। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने इस संबंध में एक ट्रैफिक एडवाइजरी जारी कर लोगों से वैकल्पिक रास्तों से निकलने को कहा है। इसके साथ ही यात्रियों को असुविधा से बचने के लिए ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के निर्देशों का पालन करने की सलाह दी है।

ट्रैफिक एडवाइजरी के अनुसार, काठिया बाबा मार्ग (स्वरूप नगर-बुरारी रोड) पर पीडब्ल्यूडी की टीम द्वारा मरम्मत और री-कार्पेटिंग के काम के चलते 10 मई 2025 से 15 दिन के लिए स्वरूप नगर एसडीएम ऑफिस (एनएच-44 पर नाला के पास) और विजय चौक (बुराड़ी साइड) के बीच वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। इससे ट्रैफिक जाम हो सकता है और इस रास्ते से गुजरने वाले यात्रियों को असुविधा हो सकती है।

इन वैकल्पिक मार्ग के इस्तेमाल की सलाह

एसडीएम ऑफिस स्वरूप नगर नाला रोड से यात्री सीसी रोड के माध्यम से भलस्वा लैंडफिल (कूड़ा-खड्डा) की ओर जा सकते हैं, फिर झंडा चौक से बुराड़ी चौक तक जा सकते हैं। वैकल्पिक रूप से, बुराड़ी पहुंचने के लिए झंडा चौक से विजय चौक तक का मार्ग चुनें।

विजय चौक से यात्री गुरुद्वारा रोड से होते हुए गुर्जर चौक के रास्ते झंडा चौक से भलस्वा लैंडफिल (कूड़ा-खड्डा) और फिर नाला तक का रास्ता अपना सकते हैं।

भारत ने पहली बार किया ब्रह्मोस का इस्तेमाल ऑपरेशन सिंदूर से बेदम पाकिस्तान

नई दिल्ली/(ए.)। ऑपरेशन सिंदूर के तहत शनिवार तड़के भारत की सशस्त्र सेनाओं ने पाकिस्तान के कई प्रमुख सैन्य अड्डों पर सटीक और योजनाबद्ध तरीके से हमले किए। इन हमलों में अत्याधुनिक मिसाइलों और आधुनिक गाइडेड हथियारों का उपयोग किया गया, जिसमें ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल, SCALP एयर-लॉन्च क्रूज मिसाइल और HAMMER गाइडेड म्यूनिशन जैसे हथियार शामिल बताए जा रहे हैं। भारतीय वायुसेना के राफेल लड़ाकू विमानों से लॉन्च किए गए ये हथियार पाकिस्तानी वायुसेना के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ठिकानों जैसे कि रफीकी (झंग), मुरिद (चकवाल), नूर खान (चकलाला, रावलपिंडी), रहीम यार खान, सुक्कुर और चुनीयां (कसूर) को निशाना बनाया गया। स्कर्दू, भोलारी, जैकबाबाद और सरगोधा के एयरबेस को भी गंभीर क्षति पहुंची है। वहीं, पस्रूर और सियालकोट में रडार ठिकानों को भी सटीक हथियारों से ध्वस्त किया गया।

ब्रह्मोस मिसाइल का पहला युद्ध उपयोग

भारत की ओर से ब्रह्मोस मिसाइल के उपयोग की औपचारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन जानकार सूत्रों का कहना है कि यह इस क्रूज मिसाइल की पहली युद्ध उपयोगिता हो सकती है। यह मिसाइल भारतीय वायुसेना और नौसेना के सबसे खतरनाक हथियारों में से एक मानी जाती है। भारतीय सेना ने केवल सैन्य और तकनीकी ठिकानों को ही निशाना बनाया जैसे कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, रडार स्टेशन, यूएवी बेस और हथियार भंडार स्थल। मुरिद एयरबेस पाकिस्तानी ड्रोन और यूएवी गतिविधियों का मुख्य केंद्र है, वहीं रफीकी बेस में उन्नत फाइटर स्क्वॉड्रन तैनात हैं। चकलाला स्थित नूर खान बेस में पाकिस्तानी वायुसेना की भारी परिवहन क्षमता और ईंधन भरने वाले विमानों की तैनाती है।

झूठ के बखान में सामने आए पाकिस्तान के पुराने पाप, कैमरे के सामने पुलवामा हमले का कबूलनामा

नई दिल्ली/(ए.)। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर को लेकर सहमति तो बन गई है, लेकिन भारत की शर्तों पर। पाकिस्तान अपनी हार छिपाने के लिए बड़ी-बड़ी डींगे हांक रहा है। पाकिस्तानी सेना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जमकर झूठ बोला। हालांकि इस झूठ के बखान में उसके पोल भी खुल गई। पाकिस्तानी सेना के बड़े अफसर ने कैमरे के सामने कबूल किया कि पुलवामा आतंकी हमला उसने किया था। बता दें कि पाकिस्तान हमेशा पुलवामा आतंकी हमले में अपनी भूमिका से इनकार करता आया है। पाकिस्तानी सेना का यह बयान अब सोशल मीडिया पर उनकी ही सरकार की किरकिरी कर रहा है।

2019 के पुलवामा आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान ने पहली बार सार्वजनिक मंच से अपनी भूमिका स्वीकार की है। पाकिस्तान एयरफोर्स के प्रवक्ता एयर वाइस मार्शल औरंगजेब अहमद ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमने पुलवामा में अपनी टैक्टिकल ब्रिलिएंस से उन्हें समझाने की कोशिश की थी।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्युशन कं. लिमि.

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)(छ.रा.वि.मं. की एक उत्तरवर्ती कंपनी)

// बिजली बंद की सूचना //

(स./सं.) संभाग छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि. कसडोल संभाग के वितरण केन्द्र गिरौदपुरी के उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि प्री मानूसन पूर्व लाईन मेंटेनेंस कार्य हेतु निम्नांकित दिनांक को प्रातः 08:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक नीचे दशार्य गये क्षेत्रानुसार विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

क्र.	दिनांक	उपकेन्द्र का नाम	प्रस्तावित फीडर	प्रभावित क्षेत्र का नाम
1	13.05.2025	गिरौदपुरी	मटिया फीडर	मडवा, मटिया, तेन्दुभाठा, नरधा, दर्री
2	14.05.2025	गिरौदपुरी	अमोदी फीडर	दर्रा, मानाकोनी, टिपरूंग, कोटा, रामपुर, डेराडीह, तुरकीनडीह, अमोदी, नवापारा, धमलपुर
3	15.05.2025	गिरौदपुरी	महकोनी फीडर	कौवाताल, सुकली, बरेली महराजी, बंगलापाली, महकोनी, दलदली, खोसडा, गिंदोला
4	16.05.2025	गिरौदपुरी	जैतखाम फीडर	जैतखाम
5	17.05.2025	गिरौदपुरी	गिरौदपुरी फीडर	गिरौदपुरी मंदिर परिसर, दर्रा

आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन संभव है।

स्वहित एवं राष्ट्रहीत में ऊर्जा का संरक्षण करें।

बी.के. वर्मा 91549939
कार्यपालन यंत्री (सं./सं.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं. लिमि.-कसडोल

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर (छ.ग.) | **Central Bank of India** Regional Office, Raipur (C.G.)

यतः **परिशिष्ट-4 नियम-8 (1) कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए)**

अधोहस्ताक्षरी ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 का अधिनियम के अधीन सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का प्राधिकृत अधिकारी हैं, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उधार लेने वाले को निम्नलिखित तिथि को एक मांग नोटिस में उल्लेखित रकम तथा उस पर ब्याज उक्त नोटिस प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी। उधार लेने वाले द्वारा रकम का प्रतिदाय करने में असफल रहने पर, उधार लेने वाले और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 4 के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित दिनांक को इसमें नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधार लेने वाले को विशिष्ट रूप से और जनसाधारण को इसके द्वारा सावधान किया जाता है कि वह इस संपत्ति से संबंधित कोई व्यवहार न करें एवं यदि करता है तो वह निम्नलिखित देय धनराशि तथा उस पर देय ब्याज तथा व्यय के लिए **सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया** के प्रभार के अधीन होगा।

देनदार का ध्यान रक्षित संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय हेतु अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

क्र. सं.	उधारकर्ता/जमानतदार का नाम एवं पता/ शाखा	संपत्ति का विवरण	मांग सूचना की तिथि/राशि
01	**मेसर्स बजरंग वेल्डिंग एंड बॉडी बिल्डर, प्रो. श्री नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव**, फिरंगी पारा, रानी सागर, कोटा, करगी रोड, जिला- बिलासपुर (छ.ग.) एवं **श्री नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव (मृतक), पुत्र स्व. श्री होरी राम श्रीवास्तव**, उनके कानूनी उत्तराधिकारियों **1. श्रीमती हीमा श्रीवास्तव, पत्नी स्व. नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, 2. सुश्री आर्या श्रीवास्तव पुत्री स्व. नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, 3. सुश्री आंचल श्रीवास्तव पुत्री स्व.नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव** के माध्यम से सभी निवासी- फिरंगी पारा, रानीसागर, कोटा, करगी रोड, जिला- बिलासपुर (छ.ग.) व **गारंटर 1. श्री बीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व. होरी राम श्रीवास्तव, 2. श्री नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव (मृतक), पुत्र स्व. श्री होरी राम श्रीवास्तव**, अपने कानूनी उत्तराधिकारियों **2/1. श्रीमती हीमा श्रीवास्तव, पत्नी स्व. नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, 2/2. सुश्री आर्या श्रीवास्तव, पुत्री स्व. नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, 2/3. सुश्री आंचल श्रीवास्तव, पुत्री स्व. नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, एवं 3. श्रीमती लक्ष्मी श्रीवास्तव, पत्नी स्व. होरी राम श्रीवास्तव** के माध्यम से, सभी निवासी- फिरंगी पारा, रानीसागर, कोटा, करगी रोड, जिला- बिलासपुर (छ.ग.) **शाखाः करगी रोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.)**	1. **श्री बीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव** के नाम पर प्लॉट नं. 67/1 का भाग (पुराना), 67/17 (नया), प.ह.नं. 13, मौजा- रानी सागर, आरएनएम एवं तहसील- कोटा, जिला- बिलासपुर (छग) कुल क्षेत्रफल 0.30 एकड़/0.121 हेक्टेयर जिसमें से डायवर्टेड एरिया 0.10 एकड़ या 4360.0 वर्ग फीट में स्थित आवासीय संपत्ति के समस्त भाग व अंश। **निम्नानुसार चौहद्दीः उत्तर-** विक्रेता की भूमि, **दक्षिण-** विक्रेता की भूमि, **पूर्व-** विक्रेता की भूमि, **पश्चिम-** नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव की भूमि। 2. **श्री नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, श्री बीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव और श्रीमती लक्ष्मी श्रीवास्तव** के नाम पर प्लॉट नं. 67 का भाग (पुराना), 67/8 (नया), प.ह.नं. 13, मौजा- रानी सागर, आरएनएम, ब्लॉक व तहसील- कोटा, जिला- बिलासपुर (छ.ग.), कुल क्षेत्रफल 0.04 एकड़/0.016 हेक्टेयर या 1740 वर्ग फीट (58'X30') में स्थित आवासीय संपत्ति के समस्त भाग तथा अंश। **निम्नानुसार चौहद्दीः उत्तर-** विक्रेता की भूमि, **दक्षिण-** नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव की भूमि, **पूर्व-** विक्रेता की भूमि, **पश्चिम-** पीडब्ल्यूडी सड़क (कोटा-बिलासपुर)।	**24/01/2025** ₹ 7,51,866.00 + ब्याज एवं अन्य शुल्क; कब्जा लेने की तारीख 07/05/2025
02	**1. श्री ओमदीप सिंह सैनी पुत्र श्री गुरुदेव सिंह सैनी एवं 2. श्री गुरुदेव सिंह सैनी (मृतक) पुत्र श्री रतन सिंह सैनी** अपने कानूनी उत्तराधिकारियों के माध्यम से **2/1. श्री दलजीत सिंह सैनी पुत्र स्व. गुरुदेव सिंह सैनी, 2/2. स्व. गुरुदेव सिंह सैनी** के सभी कानूनी उत्तराधिकारी/ उत्तराधिकारी, सभी निवासी- डॉ. संतोष मिश्रा क्लिनिक के पास, मकान नं. 475, बस स्टैंड, भिलाई-3, तेशिल पाटन, जिला- दुर्ग. **शाखाः ट्रांसपोर्ट नगर, दुर्ग (छ.ग.)**	**श्री ओमदीप सिंह सैनी** के नाम पर ख.नं. 121/13 का भाग, प.ह. नं 01, मौजा- भिलाई-3, ब्लॉक व तहसील- पाटन, आरएनएम भिलाई, जिला- दुर्ग (छग), क्षेत्रफल 2400 वर्ग फुट (60'x40') या 0.022 हेक्टेयर में स्थित आवासीय संपत्ति के समस्त भाग तथा अंश। **चौहद्दीः उत्तर-** राम सरन की भूमि, **दक्षिण-** भजन राठौर की भूमि, **पूर्व-** सीसी रोड, **पश्चिम-** भरता यादव की भूमि।	**06/03/2025** ₹ 20,67,755.00 + ब्याज एवं अन्य शुल्क; कब्जा लेने की तारीख 07/05/2025
03	**श्री विनोद राणा पुत्र श्री बचन सिंह राणा एवं श्रीमती सावित्री राणा पत्नी श्री बचन सिंह राणा**, दोनों निवासी- रेलवे लाइन के पास, गजानन मंदिर रोड, विजय नगर, वार्ड नं. 57, दुर्ग, जिला- दुर्ग (छ.ग.) **शाखाः पदमनाभपुर (छ.ग.)**	**श्रीमती सावित्री राणा पत्नी श्री बचन सिंह राणा** के नाम पर खं. सं. 442/4 (442/39) का भाग, प.ह.नं. 17 (17/8), मौजा- उरला, गजानन मंदिर के पीछे, वार्ड 57, विजय नगर, दुर्ग (छ.ग.) कुल क्षेत्रफल 1637.5 वर्ग फीट में स्थित आवासीय भवन व भूमि के समस्त भाग व अंश। **चौहद्दीः उत्तर-** विक्रेता की भूमि, **दक्षिण-** 30' सड़क, **पूर्व-** अन्य की भूमि, **पश्चिम-** 20' सड़क।	**30/01/2025** ₹ 5,03,503.00 + ब्याज एवं अन्य शुल्क; कब्जा लेने की तारीख 07/05/2025

दिनांकः 11.05.2025, स्थान- रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

मौसम की मार ने फसल किया बर्बाद, आम है इस बार खास

बाम्बे ग्रीन, हापुश सहित दशहरी, लंगड़ा, चौसा मिल रहा 120 रुपए से 180 रुपए प्रति किलोग्राम

बिलासपुर/नवप्रदेश। इस साल आम का बौर शुरुआत में बहुत अच्छा रहा, लेकिन मौसम बदलने के कारण अधिकांश बौर नष्ट हो गए, जिससे आम, आम नहीं रहा और लोगों के लिए खास बन गया है। इस समय दशहरी, लंगड़ा, चौसा सहित आम के सभी प्रजाति 120 रुपए से 180 रुपए प्रति किलोग्राम मिल रहा है। पैदावार पर्याप्त नहीं होने के कारण आम की कीमत बढ़ी है। नहीं तो मई के महीने में 70 से 80 रुपए प्रति किलोग्राम में आम का हर प्रजाति मिल जाता था।

आम क्षेत्र विस्तार के लिए और उत्पादन के लिए बिलासपुर जिले का देश में अग्रणी स्थान रहता था, लेकिन इस साल मौसम की मार के कारण आम का फसल पूरी तरह बर्बाद हो गया और लोगों को 120 से 180 रुपए प्रति किलो ग्राम आम खरीदना पड़ रहा है। जिले में सरकारी लगभग एक दर्जन से भी अधिक आम के बगीचे हैं, इसके अलावा निजी आम के बाग हैं, लेकिन पैदावार कम होने के कारण आम की कीमत बढ़ी हुई है। इस समय सबसे अधिक कोटा, जीपीएम के बागों से आम बिलासपुर आ रहा है। सरकण्डा, मस्तूरी स्थित उद्यानों के भी बाजार में आम उपलब्ध हैं। उत्पादन कम होने के कारण मई-जून में भी कीमत बढ़ी हुई है। पिछले साल मई-जून के आते तक आम की कीमत कम हो जाती थी। किसानों को भी आम उत्पादन के लिए चार से पांच साल इंतजार करना पड़ता है इसलिए आम उत्पादन में किसानों को रुचि नहीं है।

कृष्ण कुंज योजना से भी नहीं बढ़ा उत्पादन

शासन द्वारा हर साल आम के क्षेत्र विस्तार के लिए किसानों को अनुदान दिया जाता है, इसके अलावा भी फलदार पौधे लगाने के लिए कृष्ण कुंज योजना के तहत अभियान चलाया गया, लेकिन जिले में आम का उत्पादन लगातार कम होते जा रहा है। किसानों में भी आम उत्पादन के लिए विशेष रुचि नहीं है, क्योंकि इसका पैदावार लेने के लिए किसानों को चार से पांच वर्ष तक इंतजार करना पड़ता है। हालांकि लगातार तीन वर्ष तक शासन द्वारा आम क्षेत्र विस्तार के लिए किसानों को अनुदान दिया जाता है। जिले के तखतपुर, बिल्हा, मस्तूरी और कोटा में कृष्ण कुंज बनाया गया है जहां पर भी आम का उत्पादन नहीं के बराबर है।

परिजनों का आरोप- घर मुलाकात के दौरान होता है लेन-देन, पहले भी हुई है शिकायत

केंद्रीय जेल में क्षमता से अधिक कैदी, सोने के लिए महीना व साल के हिसाब से बैरक प्रभारी को करते हैं भुगतान!

ऋतु साहू

बिलासपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय जेल बिलासपुर में क्षमता से करीब साढ़े 5 सौ अधिक हवालाती और बंदी हैं जिन्हें सोने की जगह (खईहा, पट्टी) के लिए महीने एवं साल के हिसाब से कीमत चुकानी पड़ती है। जगह की समस्या के कारण हवालाती और बंदियों को काफी असुविधा होती है जिसके एवज में बैरक में नियुक्त लंबरदारों को किराया देना पड़ता है।

केंद्रीय जेल में क्षमता से लगभग 6 सौ से अधिक कैदी और बंदी को रखने में समस्याएं आ रही हैं। जिसका पूरा लाभ जेल प्रबंधन उठा रहा है। यही हाल महिला जेल में भी है। कुल 161 महिला बंदी है। जेल व्यवस्था को लेकर बंदियों के परिजन भी परेशान हैं और यह पूरा लेन-देन घर मुलाकात के दौरान ही होता है। संभाग में रायगढ़, कोरबा और बिलासपुर सहित तीन महिला जेल हैं इस वजह से जेल में क्षमता से अधिक बंदी रह रहे हैं। बैमा नगोई में नया जेल भवन प्रस्तावित है। बैमा में 15 सौ क्षमता का स्पेशल जेल और बेमेतरा में 2 सौ क्षमता वाले ओपन जेल भी प्रस्तावित है। इसके बाद भी जेल में क्षमता से अधिक बंदी रहेंगे इसकी वजह बढ़ती जनसंख्या, बढ़ता क्राइम ग्राफ अपराधों में भी बढ़ोतरी होगी। ऐसे में जेल की क्षमता पर इसका असर रहेगा। वर्तमान में केंद्रीय जेल में क्षमता से अधिक बंदी होने की वजह से असुविधा की स्थिति रहती है।

महिला जेल में भी क्षमता से अधिक बंदी

महिला जेल के लिए निर्धारित क्षमता 85 महिला बंदियों की है, लेकिन वर्तमान में यहां क्षमता से दोगुने महिला बंदी रह रहे हैं। एक बैरक में 50 की जगह 70 बंदियों को एडजस्ट किया जा रहा है इसलिए भारी असुविधा है। पुरुष के साथ महिला जेल का भी हाल बुरा है और महिलाओं को भी सोने के साथ तमाम प्रकार की समस्याएं हो रही हैं।

क्षमता से साढ़े 5 सौ अधिक हैं बंदी

बिलासपुर केंद्रीय जेल में क्षमता से अधिक कैदी और बंदियों के कारण हो रही परेशानी को देखते हुए उप महानिरीक्षक जेल ने पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखकर उचित कार्रवाई करने की बात कही थी। वर्तमान में केंद्रीय जेल में महिला-पुरुष, किन्नर, नक्सली, विदेशी बंदी सहित 2843 बंदी हैं, जबकि जेल की क्षमता 2290 की है।

बैरक बढ़ाने से भीड़ नहीं होगी कम

पहले की अपेक्षा कोर्ट ट्रायल में तेजी आई है। क्षमता से अधिक बंदी की समस्या तब होती है जब कोर्ट का फैसला जल्दी नहीं आ पाता। हालांकि कई प्रकरण कोर्ट में लंबित होने के कारण अंडर ट्रायल की संख्या बढ़ रही है। बैरक बढ़ाने से भीड़ कम नहीं होगी। इसके साथ ही श्री मंडावी ने बताया कि 2015 से जेल प्रहरियों की नियुक्ति नहीं हुई है। इससे भी अव्यवस्था की स्थिति बनती है। किसी बंदी को अस्पताल भेजने के लिए साथ में जेल गार्ड का होना अनिवार्य रहता है। तीन से चार बंदी अगर अस्पताल में भर्ती हैं तो लगभग 12 जेल गार्ड नियमानुसार अस्पताल में तैनात रहते हैं। ऐसी स्थिति में इनकी कमी से अव्यवस्था और असुविधा होना तो तय है। लगातार बढ़ते अपराध के कारण अंडर ट्रायल बंदियों की संख्या बढ़ी है।

जेल अधीक्षक खोमेश मंडावी ने कहा

सवाल- क्षमता से अधिक बंदी है तो सोने की व्यवस्था कैसे होती है?

***जवाब :** वर्तमान में लगभग 24 प्रतिशत ही बंदी अधिक हैं इसके पहले तक जेल की क्षमता से दो से तीन गुना कैदी जेल में रहते थे। अभी बहुत ज्यादा अव्यवस्था की स्थिति नहीं है।*

सवाल- एक बंदी को सोने के लिए कितनी जगह मिलती है?

***जवाब:** 1.9812 मीटर ऊंचा, 0.7620 मीटर चौड़ा जगह बंदी को सोने के लिए मिलना चाहिए। अभी क्षमता से अधिक बंदी होने पर इसका पालन नहीं हो पा रहा है।*

सवाल- क्या हवालाती को सोने के लिए हर महीना और कैदी को साल में एक बार पैसा देना पड़ता है?

***जवाब:** यह धारणा लोगों के मन में बैठा हुआ है, जबकि वास्तविकता में ऐसा कुछ भी नहीं है।*

नपं का दर्जा मिला लेकिन नहीं हुआ चुनाव

हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा आम जनता के हित में जांजगीर जिले के खंड मुख्यालय बम्हनीडीह को नगर पंचायत का दर्जा दिया था। नगर पंचायत बनाने का श्रेय के चक्कर में यहाँ गठन के छह माह बीतने के बाद चुनाव संबंधी को पहल भाजपा सरकार और चुनाव आयोग द्वारा नहीं की जा रही है। सुशासन का ढिंढोरा पिटने वाली भाजपा सरकार बडे जोर शोर से सुशासन का ढिंढोरा पीट रही है। लेकिन बम्हनीडीह की आम जनता से संबंधित कार्य के लिए सरकार के पास वक्त नही है। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के बम्हनीडीह को नगर पंचायत बना दिया गया है। लेकिन, 6 महीने बाद भी यहां चुनाव नहीं कराया जा रहा है भाजपा कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति का आम जनता शिकार हो रही है जिसके कारण जनता में शासन के प्रति रोष व्याप्त है। इसे लेकर दायर याचिका पर हाईकोर्ट ने राज्य शासन और निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। दरअसल, बम्हनीडीह ब्लॉक मुख्यालय पहले ग्राम पंचायत था। जिसे राज्य शासन ने नगर पंचायत का दर्जा दिया है। शासन ने इसके लिए 4 नवंबर 2025 को अधिसूचना जारी की थी। यह अधिसूचना नगर पालिका अधिनियम की धारा 5 की शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी की गई। जब प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव हुए, तब यहां चुनाव नहीं कराया जा सका। नगर पंचायत बनाने के 6 महीने बाद भी यहां आम चुनाव की घोषणा नहीं की गई है।

गवाही देने की रंजिश में युवक पर चाकू से हमला

■ **जेल से छूटकर आया था हत्या का आरोपी**

रतनपुर/नवप्रदेश। थाना रतनपुर अंतर्गत ग्राम परसदा में आज सुबह एक सनसनीखेज वारदात सामने आई जब एक युवक पर तालाब के पास चाकू से हमला कर दिया गया। जानकारी के अनुसार पीड़ित लक्ष्मण खरे जब सुबह टहलने के लिए तालाब की ओर गया था, तभी गांव का ही रवि गढ़ेवाल नामक व्यक्ति अचानक वहां पहुंचा और बिना किसी पूर्व चेतावनी के उस पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया। हमले की भयावहता को देख वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। चाकूबाजी की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और पीड़ित के परिजन मौके पर पहुंचे, जिन्हें देखकर आरोपी फरार हो गया, पीड़ित की पत्नी और अन्य परिजनों ने तत्काल मौके पर पहुंच और 108 एंबुलेंस को बुलाकर लक्ष्मण खरे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे बिलासपुर रिफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही रतनपुर पुलिस तत्काल हरकत में आई। थाना प्रभारी नरेश कुमार चौहान ने बताया कि आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। घटना के बाद गांव में भय और आक्रोश का माहौल व्याप्त हो गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं ट्रैक्टरों में भरकर रतनपुर थाने पहुंच गए और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे। थाना प्रभारी ने उन्हें समझाइश देते हुए आश्वासन दिया कि उस पर कानूनन कड़ी कार्रवाई की जाएगी है। तब जाकर ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी रवि गढ़ेवाल पूर्व में एक हत्या के मामले में जेल जा चुका है और दो महीने पहले ही जेल से बाहर आया था।

गवाही देने वालों को मारने की धमकी

ग्रामीणों और परिजनों ने बताया कि हत्या के मामले में जितने भी गवाही देने वाले है उन सभी को मारने की धमकी आरोपी रवि गढ़ेवाल द्वारा दी जा रही थी और पूर्व में हमला भी किया जा चुका है, जिस क्रम में आज उसने लक्ष्मण पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे सभी ग्रामीण आक्रोशित है और कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे है।

छत्तीसगढ़ बंगाली समाज ने मनाई रवींद्र जयंती

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ बंगाली समाज ने रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। माल्यार्पण प्रदेश अध्यक्ष पल्लव धर, प्रदेश संरक्षक आरएन नाथ, एके गांगुली, सर्वबंग समाज के कोऑर्डिनेटर सुजीत मित्र ने किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बंगाली समाज के प्रदेश महासचिव पार्थ चक्रवर्ती, प्रदेश सचिव डॉ. एसके मजूमदार, प्रदेश सलाहकार अचिंत कुमार बोस, महिला अध्यक्ष पूर्ति धर, महिला महासचिव कल्पना डे ने उनके जीवन को याद किया।

वंदे मातरम मित्र मंडल की बैठक आयोजित

बिलासपुर /नवप्रदेश। वंदे मातरम मित्र मंडल की पूर्वी क्षेत्र रेलवे क्षेत्र की 10वीं बैठक लोको कॉलोनी क्षेत्र के मेरी माई मंदिर प्रांगण में आहूत की गई। बैठक में वार्ड क्रमांक 70 के पार्षद श्रीनिवास सीनू वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद बिज्जू श्रीमारी में मंदिर के मुख्य पुजारी तरुण आचार्य दिनेश शर्मा, संजय शर्मा एवं लोको कॉलोनी क्षेत्र के गनमैन नागरिक गण एवं बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित मंच का संचालन एवं वंदे मातरम मित्र मंडल के उद्देश्यों अब तक किए गए कार्यों और भविष्य में किए जाने वाले कार्यक्रमों और हिंदुत्व संगठन के लिए प्रयासों के बारे में विस्तृत विवरण पृथ्वी सहगल ने दिया। बैठक की प्रारंभ 4:59 पर हनुमान चालीसा के साथ हुआ अतिथि परिचय के पश्चात संगठन गीत महेंद्र पटनायक संयोजक रेलवे क्षेत्र ने लिया तत्पश्चात वंदे मातरम मित्र मंडल के उद्देश्य और गठन और अपने बच्चों को धर्म पूजा पद्धति, अपने इष्ट देव, अपने वेद, कर्मकांड सब की जानकारी एकनिष्ठ हो कर देनी होगी एवं कार्यों का विस्तृत विवरण पृथ्वी सहगल ने प्रस्तुत किया। तत्पश्चात विचारों के लिए उपस्थित जन मानस में से लगभग 10 लोगों ने अपने-अपने विचार हिंदुत्व एकता के लिए प्रस्तुत किए। संजय शर्मा, दिनेश शर्मा, रवि पासवान, अजय कश्यप मंडल अध्यक्ष, सोमनाथ पांडे, भगवान शर्मा, सीनू पार्षद वार्ड 70 विजू पार्षद वार्ड 10 तरुण आचार्य मुख्य पुजारी मंदिर लोको कॉलोनी में भी अपने-अपने विचार प्रस्तुत किया। अंत में पृथ्वी सहगल ने कल की बड़ी बैठक जो कि मोटल बिलासपुर में आहूत होने वाली है। बैठक की समाप्ति के पूर्व अतिथियों को वंदे मातरम मित्र मंडल के प्रतीक चिन्ह घड़ी लेकर सम्मानित किया गया।

चलती कार में स्टंट कर रहीं युवतियों का वीडियो वायरल

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर की सड़कों पर देर रात चलती कार में स्टंट करने की घटनाएं अब आम होती जा रही हैं। पहले तक ऐसे स्टंट्स में सिर्फ युवकों की भागीदारी देखी जाती थी, लेकिन अब लड़कियां भी पीछे नहीं हैं। ताजा मामला बिलासपुर का है, जहां दो युवतियों का वीडियो वायरल हो रहा है।

इस वीडियो में दोनों युवतियां चलती कार के सनरूफ से बाहर निकलकर खतरनाक अंदाज में मस्ती करती नजर आ रही हैं। वीडियो में साफ दिख रहा है कि कार तेज रफ्तार में है और युवतियां बिना किसी सुरक्षा के सनरूफ से बाहर निकली हुई हैं। यह हरकत न सिर्फ गैरकानूनी है बल्कि बेहद जानलेवा भी। ऐसे स्टंट से न केवल खुद की जान खतरे में पड़ती है, बल्कि अन्य राहगीरों की सुरक्षा भी दांव पर लग जाती है। जानकारी के मुताबिक, यह वीडियो शहर के व्यस्त मार्ग पर आधी रात के बाद का है। पुलिस प्रशासन ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है और वीडियो के आधार पर युवतियों की पहचान की जा रही है। इसके पहले भी कई युवा ट्रैफिक नियम तोड़े जिसके विरुद्ध कार्रवाई की गई है। प्रशासन ट्रैफिक नियमों को लेकर सख्त है। इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

आधी रात के बाद ट्रैफिक नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां

छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी गठित

■ **कांतिलाल अध्यक्ष, विष्णु महामंत्री और रमेश कोषाध्यक्ष नियुक्त**

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज रविवार को छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन की बैठक का आयोजन बिलासपुर में हुआ। इस मौके पर भूपेंद्र सवन्नी (चेयरमैन, क्रेडा) और सौरभ सिंह (चेयरमैन, सीएमडीसी) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान समन्वय समिति के सदस्य प्रीतेश गांधी ने मंच से प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा की। नई कार्यकारिणी में कांतिलाल बोथरा को प्रदेश अध्यक्ष, विष्णु बिंदल को महामंत्री और रमेश अग्रवाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को आभार और धन्यवाद प्रेषित किया।

परीक्षा परिणाम

विरानी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

सीता देवी स्कूल नवागांव का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट, शिक्षकों ने दी बधाई

सीपत/नवप्रदेश। ग्राम नवागांव स्थित सीता देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। बच्चें एवं पालकों में उत्साह वातावरण देखा गया। हायर सेकेंडरी कक्षा बारहवीं की परीक्षा में क्रमशः प्रथम जागृति सूर्या 72.20 प्रतिशत आकाश कांछी 72.20 प्रतिशत द्वितीय नम्रता साहू 67.80 प्रतिशत तृतीय रितिक कुमार 66.80 प्रतिशत हाई स्कूल कक्षा दसवीं की परीक्षा में क्रमशः प्रथम पंकज साहू 91.50 प्रतिशत गोविंद यादव 75 प्रतिशत सानिया साहू 72.80 प्रतिशत के साथ कक्षा में स्थान बनाते हुए विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया है संस्था के शिक्षकों ने छात्रों को बधाई देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है ।

हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा परिणाम में विरानी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित शिक्षा सत्र 2024 25 में हाई स्कूल परीक्षा में विरानी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के कुल 28 छात्रों में से 26 में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण स्थान प्राप्त किया दो छात्र द्वितीय स्थान पर रहा द्य मनीष चंद्राकर 91.16 प्रतिशत रुचि कश्यप 90.33 प्रतिशत लोकेश पटेल 89 प्रतिशत प्रीतम पटेल 88.5 प्रतिशत रोशन पटेल 82.5वीना जायसवाल 80.83 प्रतिशत चारु साहू 79.66 प्रतिशत हिमानी राज मेरावी 78.66 साहिल विश्वकर्मा 78.33 प्रतिशत मिथिलेश साहू 74.83 प्रतिशत हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा परिणाम में पांच छात्रों में से दो प्रथम स्थान मुस्कान शर्मा 86 प्रतिशत प्रतीक श्रीवास 77 प्रतिशत पर और तीन द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल की परीक्षा परिणाम से स्कूल संचालिका नसीम एस विरानी हुआ स्कूल की प्राचार्य तारा गिरि एवं शिक्षक साला परिवार ने उनकी उज्जवल भविष्य कामना करते हुए शुभकामनाएं दी है।

88.16 प्रतिशत अंकों के साथ श्वेता का शानदार प्रदर्शन

प्रमिला दशरथ सूर्यवंशी की सुपुत्री व गवर्मेंट हायर सेकंडरी स्कूल बेलतरा की छात्रा कु श्वेता सूर्यवंशी ने बारहवी बोर्ड की परीक्षा में 88.16 प्रतिशत अंक लाकर माता पिता नाम गौरवांवित किया है। इनके शुभचिंतकों ने इन्हें बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

सुविचार

असली खतरा बाहरी दुश्मनों से नहीं आसपास रहने वाले गद्दारों से होता है। याद रखें नाव बाहरी पानी के कारण नहीं अंदर होने वाले छेद की वजह से डूबती है। - अज्ञात

ऐसे बाज नहीं आएगा पाकिस्तान

पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हिन्दूओं की हत्या कर पूरे भारत में आक्रोश फैला दिया था, नतीजतन भारत सरकार ने पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए पहले उसके खिलाफ सैन्य कार्रवाई की और फिर ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान के आतंकी अड्डों को नेस्तनाबूत कर दिया। भारत की इस कार्रवाई से बौखलाकर पाकिस्तान ने संघर्ष विराम का उल्लघंन कर कश्मीर के निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया। इसके बाद भारत ने ड्रोन से हमला कर पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया। भारतीय सेना की कड़ी कार्रवाई को पिद्दी पाकिस्तान चार दिन भी नहीं झेल पाया और उसने भारत को रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर गुहार लगानी शुरू कर दी। संयुक्त राष्ट्र संघ और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अनुरोध पर भारत संघर्ष विराम के लिए सहमत हो गया। किन्तु भारत ने यह स्पष्ट कर दिया कि यदि पाकिस्तान ने फिर किसी आतंकवादी घटना को अंजाम दिया तो भारत ऐसे आतंकी हमले को युद्ध मानेगा और पाकिस्तान को इसका दुष्परिणाम भुगतना पड़ेगा। इसी के साथ भारत ने यह भी साफ कर दिया कि सिंधु जल समझौता निलंबित ही रहेगा। कुल मिलाकर भारत अपनी शर्तों पर संघर्ष विराम के लिए राजी हुआ है। किन्तु संघर्ष विराम की घोषणा के कुछ ही घंटों बाद पाकिस्तान ने अपनी जात दिखा दी और संघर्ष विराम का उल्लंघन कर नियंत्रण रेखा पर ड्रोन से हमला करने की कोशिश की। जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया। पाकिस्तान ने एक बार फिर दोगलापन दिखाया है। जिससे यह बात अब दीवार पर लिखी इबारत की तरह साफ हो गई है कि वह अपने नापाक इरादों से बाज आने वाला नहीं है। पाकिस्तान कुत्ते की वह दुम है, जो 20 साल तक भी पोगली में डालकर रखी जाए तब भी वह सीधी नहीं होती। बहरहाल, भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम पर 12 मई को अंतिम फैसला होगा और उसी के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। पाकिस्तान यदि अपनी कायराना करतूतों से बाज नहीं आएगा तो भारत उसके खिलाफ और कड़ी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र होगा। संघर्ष विराम की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में सीमा की स्थिति समीक्षा की गई है और एक बार फिर भारतीय सेना को यह खुली छूट दी गई है कि वह पाकिस्तान की किसी भी हरकत का तत्काल मुंह तोड़ जवाब दे। भारत और पाकिस्तान के बीच हुए कथित संघर्ष विराम को लेकर कुछ विपक्षी पार्टियों के नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साध रहे हैं कि उन्होंने पाकिस्तान को करारा सबक सिखाए बिना संघर्ष विराम पर अपनी सहमति दे दी है। विपक्ष के नेता पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को याद कर रहे हैं। जिन्होंने उन्होंने 1971 में पाकिस्तान के दो टूकड़े कर दिए थे। वे अमेरिका के दबाव के सामने नहीं झुकी थी और पाकिस्तान को ऐसा गहरा जख्म दिया था, जो पाकिस्तान की सात पुश्ते नहीं भूलेंगी। यह सही है कि स्व. इंदिरा गांधी आयरन लेडी थी लेकिन उनके साथ मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तुलना करना और उन्हें कमजोर प्रधानमंत्री साबित करना कतई उचित नहीं है। 1971 और 2025 के बीच परिस्थितियां बहुत बदल चुकी है। उस समय पाकिस्तान परमाणु शक्ति संपन्न देश नहीं था। किन्तु आज पाकिस्तान पास भी परमाणु बम है और यदि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सैन्य शक्ति तो पाकिस्तान भी विश्व की 12वीं सबसे बड़ी सैन्य शक्ति बन चुका है। ऐसे में यदि भारत और पाकिस्तान के बीच जंग हो जाती है तो भले ही पाकिस्तान का वजूद खत्म हो जाएगा लेकिन भारत को भी इसका नुकसान उठाना पड़ेगा। इस समय भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और आगामी पांच सालों के भीतर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवथा बनने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। ऐसे में यदि जंग हो जाती है तो भारत की अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होगी। इन सब स्थितियों को देखते हुए यदि भारत संघर्ष विराम के लिए सहमत हुआ तो इसे भारत की कमजोरी नहीं मानना चाहिए। वैसे भी भारत जंग की तैयारी कर चुका है यह तो पाकिस्तान ही है जो भारतीय सेना द्वारा की गई सैन्य कार्रवाई से घबराकर संघर्ष विराम की फरियाद करने लगा था। भारत ने जो भी निर्णय लिया है उसका देशवासियों को स्वागत करना चाहिए। भारत ने पहलगाम में हुआ आतंकी हमले का बदला ब्याज सहित ले लिया है और यदि अभी भी पाकिस्तान सबक सिखेगा तो भारत ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि उसका ऑपरेशन सिंदूर जारी रहेगा। भारत को यदि बात अच्छे से पता है कि पाकिस्तान लातों का भूत है और वह बातों से नहीं मानेगा। पाकिस्तान ने संघर्ष विराम तोड़कर इस बात को साबित भी कर दिया है। भारत ने संघर्ष विराम पर सहमति जरूर दी है लेकिन वह पाकिस्तान को उसी की भाषा में सबक सिखाने के लिए अभी भी तैयार बैठा हुआ है।

खंड- (1) : राष्ट्र की बात
आजादी अमृत महोत्सव

विजय कुमार गुप्ता

सिर्फ एक कृत्य देशभक्ति का परिचायक कैसे हो
मित्र मतलब बस साथ भ्रमण का याचक कैसे हो
जिन लोगों का आजादी में निज जीवन कुर्बान है
सीमा रक्षा में लड़ते हर शहीद में देश का प्राण है
देश संपत्ति रक्षा वाली सोच नागरिकों की शान है
छात्रों और युवाओं को नैतिकता पाठ दिनमान है
आजादी अमृत महोत्सव भारत का स्वाभिमान है
सच्चे देशभक्तों को विभिन्न अर्थ कर्म का ज्ञान है
लोकतंत्र व्यापकता में निज स्वार्थ चलन कैसे हो
देशभक्त की परिभाषा सिर्फएक शब्द में कैसे हो।
मित्र मतलब बस साथ भ्रमण का याचक कैसे हो।
सिर्फएक कृत्य देशभक्ति का परिचायक कैसे हो।
इतिहास गवाह है जब जब बजा तानाशाही तबला
बर्बाद चकनाचूर था परिवार समाज देश का गमला
एक भवन बनाने मेहनत का पर्याय बनाती कमला

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:45, सूर्यास्त: 07:01, चन्द्रोदय: 17:59, चन्द्रास्त: 28:49, अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु: ग्रीष्म, शक सम्वत: 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत: 2082 (सिद्धार्थी), मास : वैशाख, पक्ष : शुक्ल, तिथि : पूर्णिमा, नक्षत्र : विशाखा (पूर्ण रात्रि), योग : वरीयान,प्रथम करण : गर (06:46 तक), द्वितीय करण : वणिज (20:01 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : तुला, मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मेष (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:46 से 12:41, अमृत काल 20:22 से 22:10, रवियोग 13:27 से 29:25, विजय मुहूर्त 14:29 से 15:24, गोधूलि मुहूर्त 19:00 से 19:20, सायाह्न सन्ध्या 19:01 से 20:03, निशिता मुहूर्त 23:52 से 24:34, राहुकाल 07:30 से 09:00, राहुवास उत्तर, यमगण्ड 12:13 से 13:55, दुर्मुहूर्त 17:12 से 18:07, होमाहुति चन्द्र, दिशा शूल पश्चिम, अग्निवास पृथ्वी (20:01 तक), भद्रावास पाताल

दया भाव की जीवित प्रतिमूर्ति थे महात्मा बुद्ध

श्वेता गोयल

सात सप्ताह के गहन चिंतन-मनन के बाद वैशाख मास की पूर्णिमा को 528 ई.पू. सूर्योदय से कुछ पहले उनकी बोध दृष्टि जागृत हो गई और उन्हें पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति हो गई। उनके चारों ओर एक अलौकिक आभा मंडल दिखाई देने लगा। उनके पांच शिष्यों ने जब यह अनुपम दृश्य देखा तो उन्होंने ही राजकुमार सिद्धार्थ को पहली बार 'तथागत' कहकर संबोधित किया। 'तथागत' यानी सत्य के ज्ञान की पूर्ण प्राप्ति करने वाला। पीपल के जिस वृक्ष के नीचे बैठकर सिद्धार्थ ने बुद्धत्व प्राप्त किया, वह वृक्ष 'बोधिवृक्ष' कहलाया और वह स्थान, जहां उन्होंने यह ज्ञान प्राप्त किया, बोध गया के नाम से विख्यात हुआ तथा बुद्धत्व प्राप्त करने के बाद ही सिद्धार्थ को 'महात्मा बुद्ध' कहा गया। महात्मा बुद्ध मन की साधना को ही सबसे बड़ी साधना मानते थे। अपने 80 वर्षीय जीवनकाल के अंतिम 45 वर्षों में उन्होंने दुनियाभर में घूम-घूमकर बौद्ध धर्म का प्रचार किया और लोगों को उपदेश दिए।

महात्मा बुद्धः हर प्राणी के लिए दया का व्रत

हर साल वैशाख मास की पूर्णिमा को 'बुद्ध पूर्णिमा' के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष बुद्ध पूर्णिमा 12 मई को मनाई जा रही है। माना जाता है कि 563 ई.पू. वैशाख पूर्णिमा के ही दिन लुम्बनी वन में शाल के दो वृक्षों के बीच गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था, जिन्होंने वैशाख पूर्णिमा को ही बोध गया में बोधि वृक्ष के नीचे बुद्धत्व प्राप्त किया था। यही कारण है कि बौद्ध धर्म में बुद्ध पूर्णिमा को सबसे पवित्र दिन माना गया है। गौतम बुद्ध का वास्तविक नाम सिद्धार्थ गौतम था। गौतम उनका गौत्र था किन्तु कालांतर में वह सिद्धार्थ गौतम, महात्मा बुद्ध, भगवान बुद्ध, गौतम बुद्ध, तथागत आदि विभिन्न नामों से जाने गए। बचपन से ही राजकुमार सिद्धार्थ घंटों एकांत में बैठकर ध्यान किया करते थे लेकिन फिर भी उन्होंने पुत्र जन्म तक सांसारिक सुखों का उपभोग किया परन्तु धीरे-धीरे उनका मन सांसारिक सुखों से उचाट होता गया।

सिद्धार्थ मन की शांति पाने के उद्देश्य से एक दिन भ्रमण के लिए अपने सारथी छेदक को साथ लेकर रथ में सवार हो महल से निकल पड़े। रास्ते में उनका मनुष्य की दुःख की चार घटनाओं से साक्षात्कार हुआ। जब उन्होंने दुःख के इन कारणों को जाना तो मोहमाया और ममता का परित्याग कर पूर्ण सन्यासी बन गए। सबसे पहले उन्होंने मार्ग में एक रोगी व्यक्ति को देखा और सारथी से पूछा, ''यह प्राणी कौन है और इसकी यह कैसी दशा है?''

सारथी ने बताया, ''यह भी एक मनुष्य है और इस समय यह बीमार है। इस दुनिया में हर व्यक्ति को अपने जीवन में कभी न कभी रोगी होकर दुःखों का सामना करना ही पड़ता है।''

आगे बढ़ने पर सिद्धार्थ ने मार्ग से गुजरते एक वृद्ध, निर्बल व कृशकाय व्यक्ति और उसके बाद एक मृत व्यक्ति की अर्थी ले जाते विलाप करते लोगों को देखा तो हर बार सारथी से उसके बारे में पूछा। सारथी ने एक-एक कर उन्हें मनुष्य की इन चारों अवस्थाओं के बारे में बताया कि हर व्यक्ति को कभी न कभी बीमार होकर कष्ट झेलने पड़ते हैं। बुढ़ापे में काफी दुःख झेलने पड़ते हैं, उस अवस्था में मनुष्य दुर्बल व कृशकाय होकर चलने-फिरने में भी कठिनाई महसूस करने लगता है और आखिर में उसकी मृत्यु हो जाती है।

सिद्धार्थ यह रहस्य जानकर बहुत दुःखी हुए। आगे उन्हें एक साधु नजर आया, जो बिल्कुल शांतचित्त था। साधु को देख सिद्धार्थ के मन को अपार शांति मिली और उन्होंने विचार किया कि साधु जीवन से ही मानव जीवन के इन दुखों से मुक्ति संभव है। बस फिर क्या था, देखते ही देखते सिद्धार्थ सांसारिक मोहमाया के जाल से बाहर निकलकर पूर्ण वैरागी बन गए और एक दिन रात्रि के समय पत्नी यशोधरा तथा पुत्र राहुल को गहरी नींद में सोता छोड़ उन्होंने घर-परिवार और राजसी सुखों का परित्याग कर दिया तथा सत्य एवं ज्ञान की खोज में एक स्थान से दूसरे स्थान पर भटकते रहे। उन्होंने छह वर्षों तक जंगलों में कठिन तप किया और सूखकर कांटा हो गए किन्तु ज्ञान की प्राप्ति न हो सकी। उसके बाद उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य व मानसिक शक्ति प्राप्त की और बोध गया में एक पीपल के वृक्ष के नीचे बैठकर गहन चिंतन में लीन हो गए तथा मन में दृढ़ निश्चय कर लिया कि इस बार ज्ञान प्राप्त किए बिना वे यहां से नहीं उठेंगे।

सात सप्ताह के गहन चिंतन-मनन के बाद वैशाख मास की पूर्णिमा को 528 ई.पू. सूर्योदय से कुछ पहले उनकी बोधदृष्टि जागृत हो गई और उन्हें पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति हो गई। उनके चारों ओर एक अलौकिक आभा मंडल दिखाई देने लगा। उनके पांच शिष्यों ने जब यह अनुपम दृश्य देखा तो उन्होंने ही राजकुमार सिद्धार्थ को पहली बार 'तथागत' कहकर संबोधित किया। 'तथागत' यानी सत्य के ज्ञान की पूर्ण प्राप्ति करने वाला। पीपल के जिस वृक्ष के नीचे बैठकर सिद्धार्थ ने बुद्धत्व प्राप्त किया, वह वृक्ष 'बोधिवृक्ष' कहलाया और वह स्थान, जहां उन्होंने यह ज्ञान प्राप्त किया, बोध गया के नाम से विख्यात हुआ तथा बुद्धत्व प्राप्त करने के बाद ही सिद्धार्थ को 'महात्मा बुद्ध' कहा गया। महात्मा बुद्ध मन की साधना को ही सबसे बड़ी साधना मानते थे। अपने 80 वर्षीय जीवनकाल के अंतिम 45 वर्षों में उन्होंने दुनियाभर में घूम-घूमकर बौद्ध धर्म का प्रचार किया और लोगों को उपदेश दिए।

(लेखिका डेढ़ दशक से शिक्षण क्षेत्र से जुड़ी हैं)

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 2010 में आज ही के दिन लीबिया में त्रिपोली इंटरनेशनल हवाई अड्डे के निकट अफ्रीकिया एयरवेज का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार 104 लोगों में से 103 की मृत्यु हो गई थी। 2008 में आज ही के दिन जजों की बहाली के मामले पर कोई सहमति न बन पाने के कारण पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने साझा सरकार से हटने का फैसला किया था। 2008 में चीन के सिचुआन में भूकंप से 87 हजार से अधिक लोगों की मृत्यु हुई थी और इस भूकंप से 3.50 लाख से अधिक लोग घायल हो गए थे। 1915 में क्रांतिकारी रासबिहारी बोस ने जापानी नौका सानुकी मारू पर सवार होकर भारत छोड़ा था। 1689 में आज ही के दिन इंग्लैंड और हॉलैंड ने लीग ऑफ़आग्सबर्ग बनाया था। 1666 में आज ही के दिन पुरंदर की संधि के तहत शिवाजी औरंगजेब से मिलने आगरा पहुंचे थे। 1459 में 12 मई को ही राव जोधा ने जोधपुर की स्थापना की थी। 1989 में आज ही के दिन भारतीय महिला क्रिकेट की खिलाड़ी शिखा पांडे का जन्म हुआ था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

ये जो कुछ

ये जो कुछ (बेवकूफ)औरतों को लगता है ना कि ये आपरेशन सिंदूर पितृ सत्तात्मक है या गलत नाम दिया गया है।उनसे मैं कहना चाहती हूँ कि आप इस लायक क्यों नही बनीं कि किसी आपरेशन को नाम दे पातीं? वास्तव में ऐसी औरतें नालायक होती हैं जो खुद तो कुछ कर नही सकतीं बस दूसरों के किए पर उंगली उठाती हैं।खलिहर बेवकूफऔरतें।

- प्रीति श्रीवास्तव

मीडिया जो कर रही है

मीडिया जो कर रही है वो भी एक लडाई है ।हर मोर्चे पर लडाई चल रही है इसे एक तरह से दुश्मन पर मानसिक दबाव बनाया जाना कहा जायेगा।अटैक कई तरह से किए जाते हैं इसलिए इस वक्त बस जीत का संकल्प करो।

- दिव्या शर्मा

ख़ास पाती.

झूठ के साये में - सच के

झूठ के साये में - सच के व्यापारी अब रहने लगे हैं झूठ के गाँव में धूप ठिठुरने लगी है अब जंगल के सूखें पेड़ों की छाँव में हे सच! बोल तो सही तेरी इस विवशता को क्या ओढ़ूँ या फिर बिछाऊँ हे झूठ! तुझे नमन नहीं है मेरा निकल मेरे गाँव से अभी निर्वस्त्र या उठा लूँ अपना शस्त्र सच तू कितना भी हो विवश मैं फिर भी सौ-सौ बार शीश नवाऊँ।

- रामकिशोर उपाध्याय

राणा हम्मीर सिंह सोढ़ा पाकिस्तान का

राणा हम्मीर सिंह सोढ़ा पाकिस्तान का अकेला क्षत्रीय राजवंश जो वहां किसी से नहीं डरता । ये वहां एम पी भी रह चुके हैं। खुले आम हरामिस्तानी निज़ाम को चुनौती देते हैं । इन्हें पीओके का चीफमिनिस्टर बनाए जाए। और कुत्ते सपा के सांसद को जिसने महाराणा सांगा पर गलत बयान दिया उसे ये बताया जाए कि एक महाराणा का वंशज अब भी हरामिस्तान का बाप है । **- मित्र ग़ाज़ियाबादी**

आपके ऊपर युद्ध थोपा गया है

आपके ऊपर युद्ध थोपा गया है क्योंकि आपको भ्रम में रखकर कमजोर करने की कवायद बरसों से जारी थी वह आपको कमजोर समझ रहा है परन्तु अपनी क्षमताओं से स्वयं को शक्तिशाली साबित करने के लिए युद्ध आवश्यक है। वे लोग जो युद्ध के लिए मना कर रहे हैं वे दुश्मन द्वारा छोड़े गए किटाणु ही हैं जो फिर भ्रमित कर हमें अपराध बोध ग्रस्त करना चाहते हैं। ऐसे कुक्कुरों की किकियाहट और भौंकने पर नजर मत डालना और भाव मत देना। कभी कभी शांति के लिए युद्ध भी आवश्यक हो जाता है। **- नवीन शंकर शर्मा**

क्या तुम अब भी उदास रहती हो।

क्या तुम अब भी उदास रहती हो। क्यों अपने ही आसपास रहती हो।। जयका अच्छा है आंसुओं का मगर। बुंद भर काफी गर प्यास रहती हो।। हौसला तो रख तू हिम्मत तो जूटा। इसीलिए मन से निराश रहती हो।। दो-चार कदम चलना भी मुश्किल। जिंदगी अगर यूं ही हताश रहती हो।। मात कभी होती देखी नहीं उसकी। गर कमल दिल में आस रहती हो।। आज का दिन हम सबके लिए मंगल हो। **- कमलकांत डोंगरे**

माथे की रेखा पर जलता, एक दीप है

माथे की रेखा पर जलता, एक दीप है तेज का सिंदूर ना केवल श्रृंगार नारी का, यह है रणभेरी ऑपरेशन सिंदूर। लाली में इसकी छिपा हुआ, शौर्य, तपस्या, सत्य विचार, यह अभिषेक है आत्मबल का, नारी की जय-गाथा अपार। कनक-कंचन से बढ़कर है ये, यह नारी की संकल्प-रेखा, जो अन्याय के मुख पर लिख दे, आजादी की दीप्त लेखा। ये रंग है बलिदान का भी, ये आभा है सम्मान की, यह चिह्न नहीं कोई बंधन का, ये पहचान है स्वाभिमान की। मांग की यह रेखा कहती है – ÷मैं अबला नहीं, सक्षम हूँ, हर युग की आग में तपकर, साक्षात् शक्ति का दर्शन हूँ।÷ कंगन नहीं, अब कटार उठेगी, वो नारी जब मर्म को छुए, मांग का सिंदूर बता देगा, कि कौन शत्रु अब ध्वस्त हुए। यह चिह्न नहीं है केवल सुहाग का, यह सौगंध है स्वाभिमान की, जहाँ जहाँ यह रेखा चमके, वहाँ विजय हो हिंदुस्तान की। **- रश्मि अभय**

किया सुदर्शन चक्र ने, ऐसा तीव्र

किया सुदर्शन चक्र ने, ऐसा तीव्र प्रहार। हमले पकिस्तान के, किये सभी बेकार।। खाता है मुँह की मुआ, बार बार ये पाक। बची खुची भी कट गई,दुष्ट नीच की नाक।। लेना होगा ऐक्शन, अब तो हमें जरूर। हटा दीजिए इस दफा,जड़ से ही नासूर।। **- रमेश शर्मा**

QUIZ TIME

1) नाबार्ड की स्थापना कब की गई थी?

2) संसद का निर्माण किनके द्वारा होता है?

3) कौन-सा प्रक्रिया है, जिसके द्वारा रिसीवर संदेश के स्रोत के द्वारा प्रयोग किए गए संकेतों की व्याख्या करता है?

4) टाटीपाका तेल रिफाइनरी कहाँ स्थित है?

5) 2025 में एक्सियम स्पेस के एक्स-4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में किसे भेजा जा रहा है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 12 जुलाई, 1982 (2) लोक सभा, राज्यसभा और राष्ट्रपति (3) डिकोडिंग (4) आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में स्थित है (5) शुभांशु शुक्ला

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन आप धैर्य धारण करने पर उम्मीद से अधिक लाभ कमा सकते है।

वृषः आज का दिन धन-धान्य वृद्धि कारक रहेगा। विरोधी भी नतमस्तक रहेंगे आज आप महत्त्वपूर्ण घरेलु अथवा व्यावसायिक निर्णय लेंगे।

मिथुनः आज के दिन आप स्वयं को अन्य लोगो से श्रेष्ठ आंकेंगे मनमाना व्यवहार करने से आस पास रहने वालों को असुविधा होगी।

कर्कः आज के दिन आप ना चाहकर भी व्यर्थ के झगड़ो में पड़ेंगे सेहत में भी उतार-चढ़ाव लगा रहेने से कार्य क्षेत्र पर अव्यवस्था फैलेगी।

सिंहः आपका आज का दिन आर्थिक रूप से पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आज जिस भी कार्य मे हाथ डालेंगे देर-अबेर उससे धन प्राप्ति होकर ही रहेगी।

कन्याः आज का दिन मिश्रित फल देने वाला रहेगा। दिन के आरंभ में थोड़ी सुस्ती रहने के कारण कार्यो में विलंब होगा।

तुलाः आज के दिन आप मन ही मन आंनदित रहेंगे। लापरवाही व्यवहार में रहने से दिन में कई बार कलह का कारण बनेगी।

वृश्चिकः आज के दिन आप सभी कार्यो को देख परख कर ही करेंगे फिर भी कार्य सफलता में विलंब अथवा कार्य हानि होगी।

धनुः आज का दिन आपको सामाजिक क्षेत्र से मान-सम्मान दिलाएगा परन्तु घरेलू माहौल किसी गलतफहमी के कारण खराब होगा।

मकरः आज आपको किसी भी कार्य में मध्यान के बाद असुविधा नही होगी व्यावसायिक स्थल पर भी कार्य सरलता से चलने लगेंगे।

कुंभः आज का दिन सुख शान्ति से बितायेंगे लेकिन स्वभाव में ईर्ष्या की भावना रहेगी अन्य लोगो के कामो में मीन मेख निकालने से विवाद भी हो सकता है।

मीनः आज के दिन आपको शारीरिक रूप से अत्यंत सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आकस्मिक दुर्घटना अथवा अन्य कारणों से शारीरिक कष्ट पहुँच सकता है।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

ऊपर से नीचे

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रूकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 044का हल

भारतमाला प्रोजेक्ट घोटाला : राजस्व विभाग के 8 अहम किरदारों पर किसकी मेहरबानी

■ भारत माला परियोजना घोटाला : आरोपी एसडीएम-तहसीलदार, आरआई, पटवारी समेत 8 अब तक ईओडब्ल्यू की पकड़ से बाहर, अधर में जांच

रायपुर/ नवप्रदेश। अभनपुर तहसील क्षेत्र के तत्कालीन एसडीएम निर्भय साहू, तहसीलदार शशिकांत कुर्रे, राजस्व निरीक्षक रोशनलाल वर्मा, पटवारी दिनेश पटेल के अलावा गोबरानवापारा के तत्कालीन नायब तहसीलदार लखेश्वर प्रसाद किरण, पटवारी नायकबांधा जीतेंद्र लहरे, पटवारी बसंती घृतलहरे, लेखराम पटेल ऐसे नाम हैं, जिनके खिलाफ छत्तीसगढ़ के चर्चित भारतमाला प्रोजेक्ट घोटाले में ईओडब्ल्यू ने मामला दर्ज किया है. लेकिन इन लोगों के फरार होने की वजह से घोटाले की जांच अटकी हुई है.

इस घोटाले में ईओडब्ल्यू ने अब तक हरमीत सलूजा, उमा तिवारी, केदार तिवारी और विजय जैन को गिरफ्तार किया है. इन चारों को रिमांड पर लेकर ईओडब्ल्यू पूछताछ कर चुकी है. लेकिन ईओडब्ल्यू अब तक घोटाला की जड़ तक पहुंच नहीं पाया है. घोटाला की शुरुआत कैसे और कहां से हुई, यह सबसे बड़ा सवाल है, जिसका खुलासा तभी हो पाएगा, जब सभी फरार निलंबित अधिकारी-कर्मचारी ईओडब्ल्यू की गिरफ्त में आएंगे।

अफसर भी शंक के दायरे में : इस प्रोजेक्ट का नक्शा एनएचएआई द्वारा तैयार किया गया था. इस नक्शा के आधार पर प्रभावित किसानों की जमीनों का अधिग्रहण कर उन्हें मुआवजा बांटा गया है. इस तरह अधिसूचना जारी होने से पहले अगर प्रोजेक्ट का नक्शा लीक हुआ है, तो यह संभावना जताना भी गलत नहीं होगा कि नक्शा एनएचएआई से लीक हुआ है. सवाल यह है कि नक्शा लीक हुआ है या फिर कराया गया. अगर कराया गया है, तो इस घोटाले में एनएचएआई के कुछ अफसरों के भी शामिल होने की भी संभावना है.

क्या लीक हुआ था नक्शा

जानकार बताते हैं कि भारत माला परियोजना की अधिसूचना जारी होने के बाद बैक डेट पर प्रभावित किसानों की जमीनों को छोटे-छोटे टुकड़े में बांटकर उनके परिवार के अन्य सदस्यों के नाम पर चढ़ा दिया गया, जिससे जमीन अधिग्रहण के रूप में कई गुना ज्यादा मुआवजा राशि का वितरण किया जा सके. जांच रिपोर्ट में बैक डेट पर किसानों की जमीन को टुकड़ों में बांटने का उल्लेख किया गया है, लेकिन ऐसा भी हो सकता है कि अधिसूचना जारी होने के पहले ही जमीनों का बटांकन कर दिया गया हो. अगर ऐसा हुआ है तो इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि अधिसूचना जारी होने से पहले ही प्रोजेक्ट का नक्शा लीक हुआ होगा, जिसका फायदा निलंबित हुए अधिकारी-कर्मचारियों के साथ भू-माफिया ने उठाया।

कई लोगों की मिलीभगत

भारत माला प्रोजेक्ट घोटाला में अब तक यह बातें सामने आई है कि प्रभावित किसानों की जमीनों को टुकड़ों में बांटकर उन्हें कई गुना अधिक मुआवजा दिलाया गया है. मुआवजा की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में पहुंची भी है, लेकिन उसके बाद से सभी के खातों के ऊपर के मिले लाखों-करोड़ों रुपए निकाल लिए गए हैं. ये रुपए किसने निकाले, कैसे निकाले, इसकी भी जांच की जा रही है।

14 नए संदिग्धों से होगी पूछताछ

भारतमाला परियोजन में भूअर्जन के नाम पर 48 करोड़ रुपए घोटाला किए जाने के आरोप में ईओडब्ल्यू एसीबी की टीम ने जिन पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, उनसे पूछताछ में घोटाले से जुड़े 14 और संदिग्धों के नाम मिले हैं. इनमें जमीन दलाल से लेकर राजस्व विभाग के कर्मचारी और अफसर शामिल हैं. ईओडब्लू, एसीबी इन्हें नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए तलब कर सकती है. इन संदिग्धों में ज्यादातर जगदलपुर, गरियाबंद तथा धमतरी जिले के रहवासी हैं.

बढ़ सकती है घोटाले की रकम

भारतमाला परियोजना के लिए भू-अर्जन के नाम पर घोटाले की रकम 48 करोड़ रुपए है. ऐसे में गरियाबंद, जगदलपुर सहित धमतरी में भारतमाला परियोजना के नाम पर घोटाला किया गया होगा तो घोटाले की रकम कई गुना और बढ़ सकती है. ऐसे में जांच का दायरा और बढ़ जाएगा.

एक ही पैटर्न की आशंका

भारतमाला परियोजना के लिए किन इलाकों का भू-अर्जन किया जाना है, इसकी जानकारी लीक होने के बाद जमीन दलाल के साथ जमीन कारोबारी भी सक्रिय हो गए. इसके बाद जमीन दलाल और जमीन कारोबारियों ने राजस्व विभाग के अफसर, पटवारी, आरआई से साठगांठ कर किसानों से कम दर पर जमीन खरीदी और उसे टुकड़ों में बांटकर मोटी कमाई की. रायपुर के बाद जिन और नई जगहों पर किए गए भू-अर्जन में रायपुर पैटर्न में ही गड़बड़ी किए जाने की आशंका है.

संक्षिप्त खबरें

बुद्ध पूर्णिमा पर नहीं होगी रायपुर निगम क्षेत्र में मांस-मटन की बिक्री, आदेश जारी

रायपुर/ नवप्रदेश।बुद्ध जयन्ती (बुद्ध पूर्णिमा) के दौरान 12 मई को रायपुर नगर निगम क्षेत्र में मांस-मटन की बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी. इस सम्बन्ध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश पर रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से आदेश जारी किया है.बुद्ध जयन्ती (बुद्ध पूर्णिमा) दिनांक 12 मई 2025 को किसी भी दुकान में मांस-मटन विक्रय करते पाये जाने पर मांस ङ्क मटन जप्त करने की कार्रवाई की जाएगी और सम्बंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्रवाई भी की जाएगी.12 मई को रायपुर निगम के जोन स्वास्थ्य अधिकारीगण, जोन स्वच्छता निरीक्षकगण मांस- मटन के विक्रय पर प्रतिबन्ध के आदेश का व्यवहारिक पालन सुनिश्चित करवाएंगे. इसके साथ अपने-अपने सम्बंधित जोन क्षेत्रों के मांस-मटन की दुकानों का सतत निरन्तर पर्यवेक्षण करेंगे.

नहीं रहा नंदनवन की शान 'नरसिंह', ढाई महीने की बीमार के बाद मौत

रायपुर। नंदनवन पक्षी विहार में बीते दस सालों से आकर्षण का केंद्र रहा नरसिंह अब लोगों को नजर नहीं आएगा. नदंनवन के चार तेंदुओं में से एक नरसिंह की ढाई महीनों की बीमारी के बाद मौत हो गई. जानकारी के अनुसार, ट्यूमर के लगातार बढ़ने के कारण भोजन पानी और दवाओं के सेवन में 16 साल के नरसिंह को अत्यधिक कठिनाई होने लगी थी.नरसिंह को 2014 में बालोद परिक्षेत्र से रेस्क्यू किया गया था. जंगल सफारी वनमण्डल ने मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि पोस्टमार्टम के बाद नरसिंह का अंतिम संस्कार कर दिया गया. नंदनवन के चारों तेंदुओं को जंगल सफारी शिफ्ट किया जाना था.

समय से पहले इस बार मानसून आने की संभावना, टूट सकता है पिछला रिकार्ड

रायपुर/ नवप्रदेश।इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य तिथि से चार दिन पहले ही 27 मई को केरल तट पर दस्तक दे सकता है। यदि ऐसा होता है, तो यह पिछले 16 वर्षों में सबसे जल्दी आगमन होगा। इससे पहले, 2009 में 23 मई और 2024 में 30 मई को मानसून ने केरल में प्रवेश किया था। सामान्यतः मानसून एक जून को केरल पहुंचता है और 13 जून को जगदलपुर और 16 जून को रायपुर और 21 जून को अंबिकापुर पहुंचता है। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में पूर्वी उत्तर प्रदेश से पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ और दक्षिण-पूर्व तेलंगाना तक पश्चिमी हवाओं में द्रोणिका बनी हुई है। दक्षिण-पश्चिम मानसून के अगले कुछ दिनों में अंडमान सागर, बंगाल की खाड़ी और निकोबार द्वीप समूह की ओर बढ़ने की संभावना है। प्रदेश में बिगड़ा हुआ है मौसम का मिजाज-छत्तीसगढ़ में अगले दो दिनों तक गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। प्रदेश में अधिकतम तापमान बिलासपुर में 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान पेंड्रारोड में 21.4 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में तापमान में वृद्धि की संभावना जताई है।

विज्ञान का उत्सव-मेगा स्काई वॉचिंग कार्यक्रम ने रचा इतिहास

■ मानवता के लिए विज्ञान, समाज के लिए विज्ञान, सोच में विज्ञान

रायपुर/ नवप्रदेश। विज्ञान और खगोलशास्त्र के प्रति विद्यार्थियों की रुचि को बढ़ावा देने हेतु कोरिया जिले में पहली बार एक ऐतिहासिक पहल की गई। जिला प्रशासन कोरिया, जूनियर रेड क्रॉस सोसाइटी और ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी कोरिया के संयुक्त तत्वावधान में 'मेगा स्काई वॉचिंग कार्यक्रम' का भव्य आयोजन शासकीय आदर्श रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल, बैकुण्ठपुर के मिनी स्टेडियम में 10 मई 2025 को किया गया। यह कार्यक्रम न केवल शैक्षणिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणास्पद अनुभव भी साबित हुआ।

इस अभिनव कार्यक्रम में जिले के 500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था स्कूली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक सोच और खगोल विज्ञान

के प्रति जिज्ञासा को जागृत करना। विद्यार्थियों को टेलीस्कोप के माध्यम से चंद्रमा, मंगल ग्रह और बृहस्पति का अवलोकन करने का दुर्लभ अवसर प्राप्त हुआ, जिससे उन्हें ब्रह्मांड की विशालता और रहस्य का प्रत्यक्ष अनुभव हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत शाम 5 बजे हुई, जिसमें सभी आयु वर्ग के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। उपस्थित नागरिकों और विद्यार्थियों को एलईडी स्क्रीन पर ब्रह्मांड से संबंधित अद्भुत जानकारियाँ और दृश्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के दौरान खगोलीय पिंडों की जानकारी दी गई और वैज्ञानिकों द्वारा ब्रह्मांड की विभिन्न घटनाओं को सरल भाषा में समझाया गया।मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक श्री रवि कुर्रे और जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना रजवाड़े ने इस अनूठे प्रयास की सराहना की और विद्यार्थियों को विज्ञान की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया।

विज्ञान की सोच, समाज का भविष्य

कार्यक्रम का मूलमंत्र मानवता के लिए विज्ञान, समाज के लिए विज्ञान, सोच में विज्ञान' विद्यार्थियों के मन में गूंजता रहा। विद्यार्थियों ने बताया कि उन्होंने पहली बार इतने पास से चंद्रमा और ग्रहों को देखा और यह अनुभव उनके लिए अविस्मरणीय रहेगा।निश्चित ही इन दूरस्थ क्षेत्रों में वैज्ञानिक चेतना का संचार करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य होता है, परंतु जिला प्रशासन और विज्ञान संस्थाओं ने मिलकर यह सिद्ध कर दिया कि प्रयास और संकल्प से कोई भी कार्य असंभव नहीं। यह कार्यक्रम न केवल एक शैक्षणिक उपलब्धि रहा, बल्कि भावी वैज्ञानिकों के लिए एक प्रेरणादायक मंच भी बना।

वैज्ञानिक दृष्टिकोण को सशक्त करने वाला आयोजन

इस कार्यक्रम में ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी के ऑल इंडिया कमेटी के सदस्य श्री पतित पावन कुइला, काउंसिल सदस्य श्री विजय कुमार, छत्तीसगढ़ प्रभारी सुश्री पूजा शर्मा तथा कोरिया प्रभारी श्री कमल डडसेना विशेष रूप से उपस्थित रहे। टेलीस्कोप विशेषज्ञ श्री जीवन साहू और नीरज कुमार ने छात्रों को खगोलीय पिंडों के अवलोकन में मार्गदर्शन दिया।

डिप्टी सीएम शर्मा और साव की दो टूक! अब नहीं छिप सकेंगे बांग्लादेशी

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों और बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत सभी जिलों में स्पेशल टास्क फोर्स (स्ञ्चस्न) का गठन किया जाएगा, जो संदिग्ध व्यक्तियों के दस्तावेजों की जांच करेगी। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

सभी जिलों में स्पेशल टास्क फोर्स का होगा गठन : डिप्टी सीएम शर्मा-गृह मंत्री विजय शर्मा ने जानकारी दी कि राज्य में अवैध रूप से निवास कर रहे अप्रवासियों और बिना वैध दस्तावेजों के रह रहे व्यक्तियों की पहचान के लिए अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में स्पेशल टास्क फोर्स गठित की जाएगी, जो जो संदिग्ध व्यक्तियों के दस्तावेजों की जांच कर उनकी पहचान सुनिश्चित करेगी। पुलिस मुख्यालय ने इस संबंध में सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को पत्र जारी कर निर्देशित किया है। भारत सरकार और वरिष्ठ कार्यालयों द्वारा समय-समय पर जारी किए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इन निर्देशों के तहत बांग्लादेशी नागरिकों सहित अन्य अवैध अप्रवासियों की पहचान कर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

घुसपैठियों को शरण देने वालों पर भी होगी कार्रवाई : उपमुख्यमंत्री साव-उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए राज्यभर में विशेष तलाशी अभियान चलेगा। उन्होंने कहा कि संदिग्धों के पहचान पत्र और अन्य दस्तावेजों की पूरी जांच की जाएगी और अगर कोई व्यक्ति अवैध अप्रवासियों को शरण देता पाया गया, तो उस पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्देशों के अनुसार सभी जिलों में बांग्लादेशी नागरिकों सहित अन्य अवैध अप्रवासियों की पहचान एवं वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करे।

मुढ़ीपार के संतोष सिंह और पद्मा साहू के जीवन में आई नई रोशनी

रायपुर /नवप्रदेश। सुशासन तिहार के अंतर्गत खैरागढ़ जिले के ग्राम मुढ़ीपार में आयोजित समाधान शिविर में स्थानीय नागरिकों के जीवन में आशा की नई किरण जगाई है। इसी कड़ी में ग्राम मुढ़ीपार के निवासी संतोष सिंह और पद्मा साहू ने शिविर में श्रम कार्ड पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर शासन ने तत्परता दिखाते हुए कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में शिविर के दौरान ही दोनों का श्रम कार्ड जारी कर दिया। संतोष सिंह और श्रीमती पद्मा साहू ने इस त्वरित सेवा के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि श्रम कार्ड के अभाव में उन्हें रोजी-मजदूरी के

कार्यों में उचित पारिश्रमिक नहीं मिल पा रहा था।

अब श्रम कार्ड प्राप्त होने से वे श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर होगा। यह पहल शासन की संवेदनशीलता और जनकल्याणकारी नीतियों की प्रभावशीलता का प्रमाण है।

नया रायपुर में रफ्तार का कहर

पोल से टकराकर कार बनी आग का गोला, युवक की मौत

रायपुर /नवप्रदेश। राजधानी में फिर से रफ्तार का कहर देखने को मिला है। नया रायपुर के सेक्टर 17 में तेज रफ्तार अनयंत्रित होकर स्ट्रीट पोल में जा भिड़ी। टक्कर के बाद कार के पुर्जे काफी दूर तक जा गिरे। वाहन पूरी तरह जलकर जलकर खाक हो गई। कार चला रहे युवक गौतम की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के दौरान मृतक के अलावा दो युवक भी सवार थे। दोनों को गंभीर चोटें आई है। कार सवार सभी युवक शराब के नशे में धुत्त थे। मामला मंदिर हसौद थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, नया रायपुर में शदाणी दरबार निवासी युवक गौतम सतवानी नवा रायपुर की सड़कों पर तेज रफ्तार में कार दौड़ा रहा था। कार में गौतम के साथ प्रियांशु सचदेव और अविराज सवार थे। उनकी कार सेक्टर 17 में अनियंत्रित हो गई और तेज रफ्तार में स्ट्रीट पोल से टकरा गई। हादसे में गौतम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं प्रियांशु और अविराज दोनों गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज जारी है।

हादसा इतना भीषण था कि कार के पुर्जे बिखर कर 30 फीट जा दूर गिरे हैं। स्ट्रीट पोल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के बाद कार में देखते ही देखते आग लग गई, जिसके चलते वाहन जलकर खाक हो गई। सूचना पर पुलिस घटनास्थल में पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

रात 12 के बाद भी हाइपर क्लब में चल रही थी पार्टी, पुलिस ने तत्काल कराया बंद

रायपुर /नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के हाइपर क्लब को पुलिस ने देर रात छापा मारकर तत्काल बंद कर दिया। शहर में पब और नाइट क्लब रात 11:30 बजे तक ही संचालित करने के नियम हैं, लेकिन 'हाइपर क्लब' में रात 12 बजे के बाद भी गतिविधियां जारी थी। जिसके चलते पुलिस ने क्लब को बंद कराया। मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है।भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने राजधानी रायपुर में अवैध रूप से संचालित क्लबों के खिलाफदिए गए पुलिस को ज्ञापन सौंपा था। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और शुक्रवार देर रात 'हाइपर क्लब'

पर सख्त कार्रवाई करते हुए तत्काल बंद करा दिया।

एनएसयूआई का कहना है कि पुलिस ने रात 12 बजे के बाद भी चालू पाने पर जिस क्लब में कार्रवाई की है, वहां सिर्फ नियमों का उल्लंघन नहीं बल्कि नाबालिग युवाओं को भी प्रवेश दिया जा रहा था। यह बेहद गंभीर और चिंताजनक स्थिति है।

बता दें कि हाइपर क्लब पहले भी विवादों में घिरा रहा है। इस क्लब को लेकर पूर्व में गोली चलने की घटनाएं और नशीले पदार्थों के अवैध उपयोग जैसी गंभीर शिकायतें सामने आ चुकी हैं।

विकास की किरण रूपलाल और राजेश की नई शुरुआत

महाजाल से बदली जिंदगी : रूपलाल और राजेश की नई शुरुआत

रायपुर /नवप्रदेश। 'सुशासन तिहार' के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में खैरागढ़ विकासखण्ड के ग्राम खपरी तेली और खपरी सिंदर के दो मेहनती ग्रामीणों, रूपलाल निषाद और राजेश निषाद, के जीवन को नई दिशा दी है। इन दोनों मछुआरों ने मछली पालन के लिए शासन से सहायता प्राप्त करने हेतु समाधान शिविर में आवेदन प्रस्तुत किया। उनकी आवश्यकताओं को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने ग्राम मुढ़ीपार में आयोजित शिविर में उन्हें तुरंत महाजाल (फिशिंग नेट) प्रदान किया। पहले ये दोनों पारंपरिक और सीमित साधनों से मछली पकड़ते थे, जिससे उन्हें

मेहनत के अनुपात में बहुत कम आय होती थी। लेकिन अब महाजाल की सहायता से वे अधिक मात्रा में मछली पकड़ने में सक्षम हो सकेंगे । इससे उनकी आमदनी में वृद्धि होगी। और जीवन में आर्थिक स्थिरता आएगी। रूप लाल और राजेश ने शासन व प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा यह सहायता हमारे लिए एक नई उम्मीद लेकर आई है। अब हमें अपने परिवार के भविष्य को लेकर चिंता नहीं है। मत्स्य पालन विभाग के सहायक संचालक श्री प्रदीप भोले ने बताया कि शासन की प्रतिबद्धता है कि ग्रामीणों को उनकी जरूरत के अनुसार योजनाओं का लाभ सीधे और त्वरित रूप से मिले। सुशासन तिहार इसका सशक्त माध्यम बन रहा है।

न्यूज़ गैलरी

भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधियों की संगठनात्मक बैठक संपन्न, शीर्ष नेताओं ने किया मार्गदर्शन

दंतेवाड़ा /नवप्रदेश। भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल,प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय,प्रदेश अध्यक्ष व जगदलपुर विधायक किरण देव,बस्तर सांसद महेश कश्यप,बस्तर संभाग प्रभारी रजनीश सिंह,बस्तर संभाग सह प्रभारी निरंजन सिंहा,दंतेवाड़ा जिला संगठन प्रभारी श्रीनिवास मद्दी दंतेवाड़ा पहुंचे। दंतेवाड़ा आगमन पर भाजपा कार्यालय चितालंका में विधायक चैतराम अटामी,जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता,जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुडामि समेत भाजपा पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओ ने शीर्ष नेताओं का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। सर्वपथम सभी शीर्ष नेताओं ने भाजपा कार्यालय चितालंका में स्थित बस्तर माटी पुत्र व पूर्व सांसद स्व बलिराम कश्यप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष कक्ष का उद्घाटन शीर्ष नेताओं के करकमलों द्वारा किया गया एवं जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता को सभी ने शुभकामनाएं प्रेषित किया तत्पश्चात भाजपा कार्यालय में बीजापुर भाजपा की संगठनात्मक बैठक में बीजापुर भाजपा जिलाध्यक्ष घासीराम नाग समेत जनप्रतिनिधि,पदाधिकारी व सभी कार्यकर्ता शामिल हुए एवं शीर्ष नेताओं ने उनका मार्गदर्शन किया। इसके पश्चात जिला ग्रंथालय में आयोजित भाजपा दंतेवाड़ा के समर्थित जनप्रतिनिधियों की बैठक में शीर्ष नेताओं ने पहुंचकर मार्गदर्शन किया 7 इस दौरान संगठनात्मक कार्यों एवं आगामी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए सुशासन सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सुनिश्चित किया गया। जनप्रतिनिधियों को जनता ने जो जिम्मेदारी दी है उसको पूरी निष्ठा से निभाने एवं इसके लिए सभी एक सेवक के रूप में निरन्तर कार्य करें यह संदेश दिया गया

मातृ दिवस पर स्वस्थ पंचायत के लिए साझी सोच विजन बिल्डिंग कार्यक्रम आयोजित

कांकेर / नवप्रदेश। दिवस उत्सव श्रृंखला के तहत कांकेर के जेपी क्षेत्र में एक विशेष सहयोगात्मक विजन बिल्डिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को केंद्र में रखते हुए न`बरहुड ऑफ केयर की अवधारणा को मजबूती देना और स्वस्थ पंचायत की दिशा में विभिन्न विभागों एवं समुदाय संगठनों के बीच तालमेल स्थापित करना था।कार्यक्रम में टीआरआई ने नेबरहुड ऑफ केयर की संकल्पना, गर्भावस्था की उच्च जोखिम पहचान, एएनसी जांच, जेएएस और वीएचएसएनसी की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान प्रतिभागियों ने क्षेत्रीय चुनौतियों पर अनुभव साझा किया और विभागीय समन्वय के साथ मिलकर सक्रिय समाधान खोजने, स्वास्थ्य योजनाओं को डीएच, वीपीआरपी, जीपीडीपी में समावेश करने की रणनीतियों पर चर्चा की गई। साथ ही विभागीय समन्वय टीकाकरण कवरेज एमआर आईएमआर में कमी और मातृ-शिशु पोषण पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक जिम्मेदारी और सहयोग की भावना के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में 80 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिनमें सीबीओ, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आईसीडीएस, पंचायत प्रतिनिधि, टीआरआई टीम एवं जिला फेलो शामिल थे। इसके अलावा मितानिन दीदियां, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, चिकित्सा अधिकारी, पीपीआईए फेलो, सरपंच तथा सीएलएफ अध्यक्ष मौजूद रहीं।

आदिवासी बालिका मामले को विधायक ने लिया संज्ञान

- बस्तर अंचल में आदिवासी युवती की घटना बेहद शर्मसार आरोपी पर कड़ी कार्यवाही हो : आशा नेताम
- पीड़िता को न्याय दिलाने कोतवाली में नेताओ का जमावाड़ा

साड़ी दुकान में काम करने वाली आदिवासी युवती को झूठे आरोप में फंसाने वाला आरोपी गिरफ्तार

कांकेर/ नवप्रदेश। शहर के अरिहंत साड़ी सेंटर के संचालक वीरचंद पारख के यहां आदिवासी बालिका के साथ हुई गंभीर घटना को लेकर कांकेर के लोकप्रिय विधायक आशाराम नेताम ने नवप्रदेश की खबर पर संज्ञान लेते हुए आदिवासी बालिका पर शर्मनाक घटना पर चिंता जताते हुए आरोपी के खिलाफ़ सख्त कार्यवाही करने कहा है।

बता दें कि अरिहंत साड़ी सेंटर में 19 वर्षीय आदिवासी बालिका को दुकान संचालक वीरचंद पारख ने आदिवासी बालिका को बंधक बनाकर रखा था साथ ही दुकान संचालक वीरचंद पारख ने आदिवासी बालिका के साथ छेड़छाड़ कर अश्लील वीडियो दिखाने का आरोप पीड़िता ने लगाया है। बाहर हाल अरिहंत साड़ी सेंटर के संचालक वीरचंद पारख को कोतवाली पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

रविवार को पीड़िता को न्याय दिलाने कोतवाली में नेताओ का जमावाड़ा.-रविवार को इच्छापुर की पीड़ित युवती को न्याय दिलाने कोतवाली पुलिस में ज़िला पंचायत सदस्य मृदुला भास्कर पूर्व जनपद सदस्य राजेश भास्कर कांग्रेस नेता लोमेंद्र यादव यूथ कांग्रेस के पवन कांगे ईच्छापुर सरपंच कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग किया गया है। नेताओ ने यह भी मांग किया है कि सुदूर बस्तर अंचल में बाहर से आने वाले व्यक्तियों की सघन जांच पड़ताल कर संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग किया गया है।

श्रम विभाग की कार्यशैली सवालों के घेरे में दिखाई दे रही है

आशा नेताम विधायक कांकेर ने कहा कि अरिहंत साड़ी सेंटर में आदिवासी बालिका के साथ हुई घटना बेहद शर्मशार करने वाली है।आदिवासी अंचल में युवती को बंधक बनाना छेड़छाड़ अश्लील वीडियो दिखाने की घटना बेहद हैरान करने वाली है। आरोपी जो भी हो सख्त कार्यवाही किया जाना चाहिए। साथ ही कलेक्टर से श्रम विभाग की लचर कार्यशैली को लेकर चर्चा किया जाएगा।

आखिर नाबालिग युवक युवती की जांच कब करेगा श्रम विभाग

बता दें कि कांकेर मुख्यालय में अधिकांश दुकानों में नागलिग युवक युवती से काम किया जा रहा है।इतना ही नहीं आसपास के राइस मिलो में भी नाबालिग लड़के लकड़ियां लेबर कार्य करते हुए देखे जा सकते हैं। नाबालिग युवक युवती के गंभीर मामले आने पर ही श्रम विभाग की कुंभकर्णीय नीद टूटती देखी जा सकती है। लेकिन श्रम विभाग समय समय पर औचक निरीक्षण करना तो दूर कार्यवाही शून्य मानी जा सकती है।

लाला जगदलपुरी के जागरूक पाठकों ने प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन, पुस्तकालय की बदहाल स्थिति पर जताई चिंता

- लाला जगदलपुरी के जागरूक पाठकों ने प्रबंधक को सौंपा आवेदन, पुस्तकालय की बदहाल स्थिति पर जताई चिंता

जगदलपुर/ नवप्रदेश। बस्तर संभाग की सबसे बड़ी सार्वजनिक पुस्तकालय लाला जगदलपुरी में लगातार बढ़ती अव्यवस्थाओं और आवश्यक सुविधाओं की कमी को लेकर रविवार को नियमित पाठकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पुस्तकालय प्रबंधन को लिखित आवेदन सौंपा। यह पहल पुस्तकालय के सक्रिय पाठक राहुल कुमार पांडे के नेतृत्व में की गई, जिनके साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और प्रतियोगी परीक्षार्थी उपस्थित रहे।आवेदन में पाठकों ने पुस्तकालय की मौजूदा हालत पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि यहां कंप्यूटर सेक्शन लंबे समय से बंद है, जिससे डिजिटल पढ़ाई बाधित हो रही है। बैठने की कुर्सियां टूटी हुई हैं। जिससे पाठकों को लगातार असुविधा का सामना करना पड़ता है। साथ ही गर्मी के इस मौसम में एयर कंडीशनिंग प्रणाली काम नहीं कर रही है, जिससे अध्ययन का वातावरण प्रभावित हो रहा है। पाठकों ने शौचालयों की खराब स्थिति और वहां स्वच्छता की कमी को लेकर भी असंतोष जताया। उन्होंने कहा कि हैंडवॉश जैसी जरूरी सुविधा तक मौजूद नहीं है। इसके अलावा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए जरूरी किताबें भी पुस्तकालय में उपलब्ध नहीं हैं। सफाई व्यवस्था नियमित नहीं है और परिसर में अनुशासन बनाये रखने के लिए कोई सुरक्षा प्रबंध नहीं है।

प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि कंप्यूटरों में ई-बुक्स और अन्य डिजिटल अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाए और सुरक्षा के लिए एक गार्ड की नियुक्ति की जाए ताकि पुस्तकालय का वातावरण शांत और सुरक्षित बना रहे।

सभी पाठकों ने यह स्पष्ट किया कि जब वे नियमित रूप से मासिक शुल्क अदा करते हैं, तो पुस्तकालय की इतनी उपेक्षित स्थिति उचित नहीं है। यह पुस्तकालय पूरे बस्तर संभाग के लिए एक प्रमुख अध्ययन केंद्र है और इसकी उपेक्षा पूरे क्षेत्र के विद्यार्थियों के भविष्य को प्रभावित कर सकती है। इस प्रयास में राहुल कुमार पांडे के साथ रोहन कुमार,हरीश साहू,शुभम दुबे,जय बंजारे,कर्तव्य आचार्य,मनीष कुमार और मिंटू पांडेय सहित अनेक पाठक उपस्थित रहे। उन्होंने मांग की कि प्रशासन इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करे

समाधान शिविर में गर्मी से बचाव का दिया संदेश

- कलेक्टर, एसपी व वनमण्डलाधिकारी ने समाधान शिविर में पिया ओआरएस घोल

बलरामपुर / नवप्रदेश। जिले में आयोजित समाधान शिविर के दौरान एक अनोखा दृश्य देखने को मिला जब कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा और पुलिस अधीक्षक बैंकर वैभव रमनलाल एवं वनमण्डलाधिकारी श्री आलोक कुमार बाजपेयी व जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर ने शिविर स्थल पर मौजूद स्वास्थ्य विभाग द्वारा वितरित ओआरएस घोल का सेवन किया। गर्मी के मौसम में डिहाइड्रेशन से बचाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य प्रशासनिक अधिकारियों ने ओआरएस घोल का सेवन किया। कलेक्टर ने कहा कि तेज गर्मी में शरीर में पानी की कमी हो सकती है, ऐसे में ओआरएस का सेवन बेहद जरूरी है।

मा.शाला राजापारा में 15 दिवसीय समर कैंप का आयोजन

कांकेर / नवप्रदेश। शासकीय माध्यमिक शाला टिकरापारा (राजापारा) द्वारा समर कैंप का आयोजन 5 मई से 20 मई तक किया जा रहा है जिसमे रोजाना छात्रों की संख्या प्रतिदिन बढ़ती जा रहा है।शासन के निर्देशानुसार ग्रीष्मकालीन अवकाश में छात्र हित को ध्यान में रखते हुए उनके बहुमुखी कौशल के विकास के लिए सभी के द्वारा चिन्हांकित गतिविधियां जिसमें रंगोली मेहंदी गजरा फूल चित्रकारी खेल गतिविधि गायन वादन निबंध लेखन अक्षर सुधार भाषण कहानी लेखन नृत्य नाटक प्रतिदिन अलग अलग गतिविधियों को कराया जाएगा।इस कड़ी में बच्चों द्वारा माला बनाना चित्रकारी और गजरा बनाने की बारीकियों को सीखा।समर कैंप के मार्गदर्शन में प्रधानाध्यापक अनिता देहारी शोभा गुप्ता राजेश ठाकुर, दुर्गा वर्मा एवं संकुल समन्वय रोमन जैन अहम भूमिका निभा रहा हैं।

पालिका का कचरा डिब्बा नालियों में गिरा पड़ा है, नहीं हो रही सफाई

- नगर के वार्डों में स्थित नालियों में भरी पड़ी है गंदगी

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। नगर पालिका दंतेवाड़ा में नालियों की सफाई तो निरंतर किसी न किसी वार्ड में हो रही है। इससे कोई इनकार नहीं कर रहा। मगर सवाल यह कि सफाई कार्य के बावजूद नगर की नालियों में अथाह गंदगी क्यों दिखाई पड़ती है। आम जनता यही सवाल पालिका प्रशासन से कर रही है कि नालियों की सफाई ज्यादातर मुख्य मार्ग में होती है अंदरूनी वार्डो में सफाई नहीं की जा रही। आम जनता का कहना है कि जब उनसे हर साल टैक्स लिया जाता है तो सफाई उनके वार्डो में क्यों नहीं की जाती? न नालियों की ढंग से सफाई होती है न सड़कों पर कभी झाड़ू लगता है जबकि मुख्य मार्ग में हमेशा सफाई काम होता है। बता दें कि नगर के कतियाररास, में शंखनी पुलिया के उस पार जेल बाड़ी चौक तक बने नालियों में अथाह गंदगी सालों से जमी पड़ी है, उसे साफ नहीं कराया जा रहा। जिमेदार नगर पालिका के सीएमओ, अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को फोन पर जानकारी देने के बावजूद सफाई नहीं हो रही। आलम यह कि मुख्य मार्ग में नगर पालिका अध्यक्ष के घर के सामने बस स्टैंड प्रवेश पुल के पास नगर पालिका द्वारा रखे गए डस्टबिन डब्बे से कभी कचरा नहीं उठाया जाता। डस्टबिन औंधे मुंह नालियों में गिरा पड़ा है उसे भी उठाने की फूर्सत पालिका के पास नहीं है। इसी तरह बैंक चौक में भी डस्टबिन ईधर उधर लुढक कर गिरा पड़ा देखा गया है। पालिका के सफाई कर्मियों को प्रतिदिन डस्टबिन से कचरा निकालना होता है। मगर ये नहीं निकालते जिससे डस्टबिन कचरा भर जाने से या फिर पशुएं आकर कचरे में मुंह मारती है। जिससे डस्टबिन गिर जाता है और कचरा सडकों एवं नालियों में बिखरकर फैल जाता है। पातररास में भी एक मछली व्यवसायी द्वारा लगातार मछली से निकलने वाली गंदगी को नालियों में डाला जा रहा है। मछली भरकर लाये गये थर्मोकोल के डिब्बे को भी नालियों में यत्र तत्र फेंका जाता है जिससे भारी दुर्गंध फैल रही है। इसकी शिकायत भी नपालिका से की गई है। मगर पालिका अधिकारी कोई कारवाई नहीं कर रहे। वार्डवासी नगर पालिका के ढुलमुल रवैये से काफी नाराज हैं। वार्ड पार्षद भी सफाई के प्रति ध्यान नहीं देते। चुनाव जीतने के बाद जनप्रतिनिधि कभी वार्डो में झांकने नहीं आते।

सुशासन तिहार का तीसरा चरण हुआ सफलतापूर्वक संपन्न

एमसीबी/नवप्रदेश। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला भरतपुर ब्लाक के कुंवारपुर में बाजार के पास सुशासन तिहार के अंतर्गत 08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक प्राप्त आवेदनों के तीसरे चरण के तहत आज विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर समस्त जनप्रतिनिधियों को छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा के समक्ष आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों को दी गई, जिसमें कुंवारपुर, कोइलरा, गढ़वार, पुल्झर, गोधौरा, तितौली, तोजा, सेरी, कुदरा, लाखनटोला एवं जोलगी ग्राम पंचायत के लोग शामिल रहे। शिविर में बताया गया कि सुशासन तिहार तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है और वर्तमान में इसका तीसरा चरण चल रहा है। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को जानकारी दी गई ।

क्षेत्रीय महामंत्री संगठन अजय जामवाल एवं महामंत्री संगठन पवन साय ने की देश के सैनिक एवं बस्तर के जवानों के कुशलता की कामना

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय ने सेना के जवानो एवं बस्तर के सैनिको के कुशलता की कामना के लिये दंतेवाड़ा स्थित बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के दर्शन किये। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत द्वारा की जा रही कार्यवाही की सराहना की।क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा की भारत की सैन्य शक्ति एवं सेना का अद्वितीय साहस देश के लिए समर्पण का प्रतिक है।भारतीय सेना के जाबाज लगातार अपना पराक्रम दिखा रहे है. सैन्य शक्ति के उच्च मनोबल के लिये एवं बस्तर के जवानों के लिये माँ दंतेश्वरी से मंगल कामना की है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से संभाग प्रभारी रजनीश सिंह, सह प्रभारी निरंजन सिन्हा,जिला पंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुडामि, संग्राम सिंह राणा,दीपक बाजपेई, मुकेश शर्मा,सत्यजीत चौहान, नीलम ठाकुर,सोडमू कोर्राम सहित भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

पेज 1 का शेष

'पाक से गोली, तो यहां ...

या समझौता संभव नहीं है।

क्या है ऑपरेशन सिंदूर?

यह ऑपरेशन भारत की तरफसे आतंकवाद के खिलाफशुरू की गई एक बड़ी सैन्य मुहिम है। इसका मकसद न सिर्फसीमा पार आतंकियों के ठिकानों को तबाह करना है, बल्कि पाकिस्तान को यह संदेश देना भी है कि अब भारत हर हमले का जवाब तुरंत और तगड़ा देगा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत हाल ही में बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालय पर जबरदस्त हमला किया गया। भारत ने इस कार्रवाई में अपने सबसे आधुनिक और शक्तिशाली हथियारों का इस्तेमाल किया। यह हमला इसलिए भी अहम था क्योंकि जैश-ए-मोहम्मद का गठन पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने किया था। सूत्रों का कहना है कि यह सीधा संदेश था कि भारत अब आतंक को बढ़ावा देने वालों को भी निशाना बनाएगा।

पहलगाम आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर और सीजफायर

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारतीय सेना ने सात मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह किया था। जिसमें कई कुख्यात आतंकी भी मारे गए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच हालात बिगड़े और दो दशक बाद चरम पर पहुंच गए। वहीं पाकिस्तान की तरफसे भारत के शहरों को निशाना बनाए जाने के बाद, भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने सभी को नाकाम करते हुए उसका माकूल जवाब दिया। भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के 14 सैन्य ठिकानों को ध्वस्त कर दिए। इससे घबराए पाकिस्तान ने भारत के सामने सीजफायर का प्रस्ताव रखा, जिसे दोनों देशों ने आपसी चर्चा के बाद लागू कर लिया।

संघर्ष विराम के चलते नियंत्रण ...

मनोवैज्ञानिक आघात का सामना करना पड़ा। उसने कहा, 卐जब 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के तुरंत बाद गोलाबारी शुरू हुई, तो हमने सोचा कि यह एक या दो दिन में खत्म हो जाएगी। लेकिन इसके बाद जो हुआ वह दशकों में सबसे भारी गोलाबारी थी। हमारे बच्चे डर से काँप रहे थे। हमें उन्हें बारामुल्ला और श्रीनगर में रिश्तेदारों के घर भेजना पड़ा। वे इस आघात को कभी नहीं भूलेंगे।"

मंजूर ने इस बात पर जोर दिया कि जब भी भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता है, तो सीमावर्ती निवासियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। उसने कहा, 卐यह शांति अस्थायी नहीं, बल्कि स्थायी होनी चाहिए। केवल हम सीमावर्ती निवासी ही सही मायने में समझ सकते हैं कि तनाव का क्या मतलब है। केवल उरी में ही पिछले सप्ताह की गोलाबारी में एक महिला की मौत हो गई और 15 से अधिक लोग घायल हो गए।कुछ गांव बुरी तरह प्रभावित हुए और कई घर नष्ट हो गए। उल्लेखनीय है कि नियंत्रण रेखा के अन्य इलाकों में भी धीरे-धीरे सामान्य जीवन की ओर वापसी हो रही है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच भारी गोलीबारी हुई थी।भारत द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कई स्थानों पर हमले किए जाने के बाद गोलाबारी तेज हो गई। पहलगाम में आतंकवादियों ने 25 पर्यटक और एक स्थानीय व्यक्ति की गोली मार कर निमर्म हत्या कर दी थी।

पहलगाम हमले के 8 दिन...

से कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तीनों मकसद हासिल कर लिए हैं।

शहीद सुरेन्द्र कुमार मोगा...

तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा और पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि वायु सेना में असिस्टेंट मेडिकल सार्जेंट सुरेंद्र कुमार मोगा शनिवार सुबह उधमपुर हवाई अड्डे पर पाकिस्तान की गोलाबारी में शहीद हो गए थे।

ऑपरेशन सिंदूर भारत की...

स्पष्ट कर दिया है कि यह नया भारत सीमा के दोनों ओर आतंकवाद के खिलाफप्रभावी कार्रवाई करेगा।卐

श्री सिंह ने कहा कि यह ऑपरेशन पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ढांचे को नष्ट करने के लिए शुरू किया गया था और इसमें निर्दोष नागरिकों को निशाना नहीं बनाया गया, लेकिन पाकिस्तान ने भारत में नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाया और मंदिरों, गुरुद्वारों और चर्चों पर हमला करने की कोशिश की। उन्होंने कहा,卐हमारे सशस्त्र बलों ने वीरता और संयम का परिचय दिया और पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों पर हमला करके मुंहतोड़ जवाब दिया। हमने न केवल सीमा से सटे सैन्य ठिकानों पर कार्रवाई की, बल्कि हमारे सशस्त्र बलों का आक्रोश रावलपिंडी तक पहुंच गया, जहां पाकिस्तानी सैन्य मुख्यालय स्थित है।卐 ब्रह्मोस एकीकरण और परीक्षण सुविधा केंद्र पर रक्षा मंत्री ने कहा कि यह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत के प्रयासों को मजबूत करेगा और महत्वपूर्ण प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा करके क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देगा। उन्होंने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर उद्घाटन को एक ऐतिहासिक क्षण बताया, जो भारत की बढ़ती नवीन ऊर्जा को दर्शाता है और महत्वपूर्ण, उच्च अंत और अग्रणी प्रौद्योगिकियों में तेजी से वैश्विक परिवर्तन के साथ संरेखित करता है। श्री सिंह ने ब्रह्मोस को न केवल दुनिया की सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों में से एक बताया, बल्कि यह भारतीय सशस्त्र बलों की ताकत, विरोधियों के लिए निरोध का संदेश और अपनी सीमाओं की सुरक्षा के लिए देश की अटूट प्रतिबद्धता का संदेश है।

न्यूज गैलरी

सर्व पिछड़ा वर्ग समाज जिला कोंडागांव की बैठक सम्पन्न

कोंडागांव/ नवप्रदेश। छग सर्व पिछड़ा वर्ग समाज जिलाध्यक्ष रितेश पटेल की अध्यक्षता मे जिला स्तरीय बैठक फरसगांव रेस्ट हॉउस में सम्पन्न हुई। जिसमें जिले के पदाधिकारियों सहित सामाजिक जन सम्मिलित हुए और संगठन की मजबूती सहित आगामी रणनीतियों पर चर्चा हुई। साथ ही कोंडागांव के नए कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना से एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार से जल्द मुलाक़ात कर सामाजिक विषयों पर चर्चा की सहमति बनी।विकासखंड केशकाल एवं विश्रामपुरी मे जल्द ही बैठक आयोजित कर संगठन विस्तार करते हुए ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक नीलकंठ शार्दुल,संभाग उपाध्यक्ष फूलचंद दीवान, जिला उपाध्यक्ष मनोज देवांगन, जिला महामंत्री रैमल दीवान, मीडिया प्रभारी अमित गुप्ता,सचिव योगेश्वर साहू, लोकनाथ राठौर, जिला पंचायत सदस्य नन्दलाल राठौर, देवेंद्र पटेल, डिगेश्वर साहू, कलार समाज जिलाध्यक्ष त्रिनाथ दीवान, रामनाथ पांडे, राजेश साहू, रामकृष्ण पटेल सहित सामाजिक जन मौजूद रहे।

मालाकोट माता मेला में हमर सोन चिरईया लोक कला मंच की शानदार प्रस्तुति

कोंडागांव/ नवप्रदेश। जिले के ग्राम मालाकोट में स्थानीय माता मेला के अवसर पर लोक कला मंच हमर सोन चिरईया रिकार्डिंग डांस परिवार मालाकोट के द्वारा रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।सरपंच गीता नेताम और उपसरपंच बसंती नेताम ने माता मेला की बधाई देते हुए बताया कि मालाकोट में प्राचीनतम काल से स्थानीय माता मेला का आयोजन प्रतिवर्ष धुमधाम में मनाया जाता है। जिसमें आसपास क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के लोग अपने ईष्ट देवी देवता के प्रतिमूर्ति आंगादेव,देवलाट की परिक्रमा कराते हैं साथ ही,इस वर्ष स्थानीय लोक कला मंच के कलाकारों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसका दर्शकों ने भरपूर आनन्द उठाया।हमर सोन चिरईया के कलाकारों ने छत्तीसगढ़िया करमा,ददरिया,सुवा और बस्तरिया लोक गीतों में देर रात तक समां बांधा व मंच प्रस्तुति के माध्यम से जल,जंगल जमीन के संरक्षण, नशामुक्ति अभियान,बाल विवाह रोकथाम, स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।हमर सोन चिरईया लोक कला मंच के संस्थापक खीर चंद दीवान,हरेंद्र ,दीवान,देवेंद्र नेताम,संरक्षक मलारु नेताम, उभरते कलाकार रविना,सियोबती,एवती,देवेश्वरी,प्रेरणा,दिनेश्वरी,रेणुका रीतिका,पूजा,खेमसिंह,अरुण,कमलेश,लक्ष्मीनाथ,देवी,मनेश और ग्राम पंचायत मालाकोट के जनप्रतिनिधियों का विशेष सहयोग रहा।

समाधान शिविर में लालो मरावी को मिली पेंशन की स्वीकृति

बलरामपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन तिहार के अंतर्गत चलाए जा रहे समाधान शिविरों का प्रभाव जमीनी स्तर पर परिलक्षिति हो रहा है। शासन की योजनाओं का लाभ अब आम नागरिकों तक त्वरित रूप से पहुंच है। जिसका उदाहरण ग्राम पंचायत लुरघुट्टा में आयोजित समाधान शिविर में देखने को मिला, जब बुजुर्ग लालो मरावी को मौके पर ही पेंशन की स्वीकृति मिली।लालो मरावी ने व्यक्त की खुशी और जताया शासन का आभार ग्राम नवाडीह निवासी श्रीमती लालो मरावी, जो कई महीनों से वृद्धावस्था पेंशन के लिए प्रयासरत थीं, उन्हें समाधान शिविर में मौके पर ही दस्तावेजों की जांच के बाद पेंशन योजना में पात्र मानते हुए पेंशन की स्वीकृति मिली। लालो कहती हैं कि कार्ड मिलने के बाद अब बुढ़ापे में थोड़ा सहारा मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार हमारी बातें सुन रही है जो भी समस्या है उसका सुशासन तिहार के माध्यम से तुरंत निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने पेंशन स्वीकृति के लिए शासन प्रशासन को धन्यवाद दिया। लालो मरावी के जैसे कई अन्य लाभार्थियों को भी वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत लाभ प्रदान किया गया।

नेशनल लोक अदालत में 13792 मामले का निराकरण कर 1,77,87, 814 रुपए का अवार्ड पारित किया गया

कोंडागांव/ नवप्रदेश। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर कोण्डागांव में 10 मई को आयोजित नेशनल लोक अदालत का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव किरण चतुर्वेदी महोदया के द्वारा माँ सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। तत्पश्चात नेशनल लोक अदालत में रखे गये लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये गए जिला न्यायालय कोण्डागांव के पांच न्यायालयों में एवं तालुका विधिक सेवा समिति केशकाल के न्यायालय में एक खण्डपीठ तथा तालुका विधिक सेवा समिति नारायणपुर के न्यायालय में दो खण्डपीठ बैठाकर तथा राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु राजस्व न्यायालय में एक-एक खण्डपीठ बैठाकर दिनांक 10 मई 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें राजीनामा योग्य मामलों को आपसी राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया गया। जिसमें 'बैंक रिकवरी , आपराधिक प्रकरण ,बिजली बिल प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरन, चेक बाउंस ,सिविल,प्रकरण ट्रॉफिक चालान, राजस्व प्रकरण निराकृत किये गए ।

इस प्रकार समस्त न्यायालय/राजस्व न्यायालय के माध्यम से कुल 13792 प्रकरण का निराकरण किया गया जिसमें कुल राशि 17787814/ रुपए का अवार्ड पारित किया गया।उपरोक्त, सभी खण्डपीठों के पीठासीन अधिकारी, सदस्यगण, अधिवक्तागण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगणों के उपस्थिति व सहयोग से उपरोक्त सफलता प्राप्त की जा सकी। साथ ही जिला चिकित्सालय कोण्डागांव की टीम के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें दूर दराज से आये पक्षकारगण का बी.पी. सूगर का जांच किया गया। इसी प्रकार बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा कोण्डागांव के द्वारा टेंट स्टॉल का सहयोग किया गया।इसी दौरान सभी खण्डपीठों के न्यायाधीशों ने प्रकरणों में समाधान प्राप्त करने वालों पक्षकारों को न्याय वृक्ष के रूप में काजू, जामुन, आंवला इत्यादि वृक्ष भेंट कर सम्मानति किया गया।

12 मई को पाराडोल में होगा समाधान शिविर

एमसीबी/नवप्रदेश। जिले में सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत नागरिकों से प्राप्त शिकायतों एवं मांगों के संबंध में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए प्रशासनिक अमला पूरी तन्मयता से कार्य कर रहा है। सुशासन तिहार अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समाधान शिविरों का आयोजन कर प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में 12 मई 2025 को चैनपुर, बौरीडांड, चौघड़ा, चनवारीडांड, तेन्दुडांड, नारायणपुर, छिपछिपी, भौता, बंजी तथा बुंदेली, पाराडोल सेक्टर में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया जाना है, जिसमें 11 ग्राम पंचायतों के लोगों के आवेदन का समाधान किया जायेगा। जिसमें जिला के समस्त विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

युवती को प्यार में फंसाकर बनाया अश्लील वीडियो, युवक गिरफ्तार

- कांकेर पुलिस ने आरोपी युवक को हैदराबाद से किया गिरफ़्तार

कांकेर/ नवप्रदेश। एक युवती को प्यार में फंसाकर अश्लील विडियो बनाने के आरोप में युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 28अप्रैल 2025 को पीड़िता थाना नरहरपुर उपस्थित होकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि वर्ष 2024 में इंस्टाग्राम के माध्यम से आरोपी धनंजय शर्मा (विश्वकर्मा) निवासी सहजूपार, पो. जैतपुर, थाना खजनी, जिला गोरखपुर (उ0प्र0) से जान पहचान हुआ था बातचीत करने दौरान दोनों में दोस्ती हो गई फिर एक दूसरे का मो.नं. शेयर किये और वाटसअप में भी विडियो काल वाटसअप चैटिंग के माध्यम से बातचीत होता था। कुछ दिनों के बाद पीडिता के द्वारा आरोपी धनंजय विश्वकर्मा को बोली कि हम लोग आज के बाद बातचीत नहीं करेगें। फिर धनंजय विश्वकर्मा पीड़िता को बार-बार कॉल करके परेशान करता था। और विडियो काल करता था। और फोन में मैसेज करके डराता धमकाता था। कि तुम मेरे साथ बात नहीं करोगी तो तुम्हें मरवा डुंगा बोलता था। इस दौरान 26अक्टूबर 2024 को आरोपी धनंजय विश्वकर्मा प्रार्थिया के पास विडियों कालिंग कर डरा धमका कर उसका अश्लील विडियो बना लिया और अश्लील विडियो को वायरल करने की धमकी देने लगा। आरोपी द्वारा पीडिता का फेक इस्टाग्राम आईडी.बनाया गया और पीडिता के अश्लील विडियो को वायरल कर दिया जिस पर प्रार्थिया कि रिपोर्ट पर थाना नरहरपुर में अपराध क्रमांक 38/2025 धारा 79, 319, 351(3) 66(ड) ,66(ध), 67( ) 12 पाक्सो एक्ट विवेचना में लिया गया।

विवेचना दौरान आरोपी धनंजय शर्मा (विश्वकर्मा) का लोकेशन हैदराबाद तेलंगाना होना पता चलने पर मामले की गंभीरता को देखते हुए उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई.के.एलिसेला के आदेशानुसार अति.पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अविनाश ठाकुर के पर्यवेक्षण में तत्काल टीम गठित कर आरोपी पता तलाश हेतु हैदराबाद तेलंगाना पुलिस टीम रवाना किया गया। हैदराबाद तेलंगाना से आरोपी धनंजय कुमार विश्वकर्मा पिता रामपुकार उर्फ रामकुमार विश्वकर्मा, उम्र 22 वर्ष, निवासी सहजूपार, पो. जैतपुर, थाना खजनी, जिला गोरखपुर (उ0प्र0) को पूछताछ हेतु हिरासत में लेकर थाना नरहरपुर आये जंहा पर आरोपी ने अपने मेमोरेण्डम कथन में अपराध घटित करना स्वीकार किया जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाईल को जप्त किया गया। एवं आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी नरहरपुर निरीक्षक सुरेश राठौर सायबर सेल प्रभारी प्रेम प्रकाश अवधिया उप निरीक्षक पवन पुनीत तिर्की.प्र.आर.जगदीश नेताम आर.अमृत नाग.आर आशीष कुजांम द्वारा अथक मेहनत कर उल्लेखनीय योगदान दिया है।

बाल विवाह की रोकथाम की दिशा में शासन-प्रशासन की सक्रियता

बलरामपुर / नवप्रदेश। शासन-प्रशासन बाल विवाह जैसी कुप्रथा के उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए बालिकाओं के शिक्षा, उनके अधिकारों की रक्षा, और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी सजगता से कार्य कर रही है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकासखंडों में आयोजित समाधान शिविरों में जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से बाल विवाह के विरुद्ध एक सशक्त जनचेतना अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में लुरघुट्टा समाधान शिविर में बताया गया कि बाल विवाह रोकना केवल कानूनी कर्तव्य नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। हमें बेटियों को शिक्षा, आत्मनिर्भरता की बढ़ाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह जागरूकता अभियान अंतर्गत शिविर में लगाए गए स्टॉल में जहां बाल विवाह के दुष्परिणाम, कानून, और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और अधिकारों को लेकर बुकलेट, ब्रोसर और पोस्टर वितरित किए गए। ''पहले पढ़ाई फिर विदाई'' जैसे स्लोगन के माध्यम से आमजनों को जागरूक किया गया।

बाल विवाह की सूचना पर की जा रही त्वरित कार्रवाई

प्रशासनिक अमला अब बाल विवाह जैसे मामलों में सक्रियता एवं सजगता से कार्य कर रही है। किसी भी गांव में बाल विवाह की सूचना मिलने पर महिला बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, आंगनबाड़ी सहायिका, कार्यकर्ता और पंचायत प्रतिनिधियों की संयुक्त टीम के द्वारा घर पर पहुंचकर विवाह को रोके जाने की कार्रवाई की जा रही है। हाल ही में जिले के क्षेत्रों में 20 बाल विवाह समय रहते रोके गए, जिनमें परिजनों को समझाइश देकर विवाह की तिथि स्थगित कराई गई। साथ ही ऐसे मामले जहां समझाइश के पश्चात भी विवाह करवाने की कोशिश करने पर संबंधितों के ऊपर एफ आई आर की कार्यवाही भी की गई है।

जिला मुख्यालय से 45 किमी. दूर स्थित कैम्प होरादी में चालू हुआ जियो का नया मोबाईल टॉवर

- नारायणपुर पुलिस के प्रयासों से अबूझमाड़ क्षेत्र में लगातार बढ़ी रही मोबाईल कनेक्टिविटी
- अब संचार सुविधा एवं इंटरनेट के माध्यम से लाभांवित होंगे अबूझमाड़ के ग्रामीण

नारायणपुर/ नवप्रदेश। रविवार को नारायणपुर पुलिस के प्रयास से अबुझमाड़ क्षेत्र अन्तर्गत जिला मुख्यालय से करीब 45 कि.मी.दूर थाना सोनपुर क्षेत्रान्तर्गत कैम्प होरादी में जियो मोबाईल का नया टॉवर लगाकर दूरसंचार व्यवस्था प्रारंभ किया गया है। होरादी में नया मोबाईल टॉवर लगने से आसपास क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह का माहौल बना हुआ है।

होरादी में मोबाईल टॉवर लगने से क्षेत्र में आसपास के लोगों को मोबाईल कनेक्टिविटी दूरसंचार व्यवस्था एवं इंटरनेट का लाभ मिलेगा जिसके माध्यम से लोग शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होंगे और देश-विदेश की घटनाओं एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

पुलिस अधीक्षक नारायणपुर प्रभात कुमार (भा.पु.से.) ने कहा कि नारायणपुर पुलिस आपकी सेवा में यहां पर तैनात है हमे अपना मित्र समझे किसी प्रकार से कोई समस्या आने पर आप लोग कभी भी कैम्प में आकर हमें बताए। हमारे जवान सदैव आप लोगों की सुरक्षा एवं सेवा के लिए तत्पर है। भारत एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं एवं रोजगार के अवसरों के बारे में ग्रामीण को जागृत किया।

जनता तक योजनाओं की जानकारी का सशक्त माध्यम है जनमन पत्रिका

बलरामपुर । सुशासन तिहार अंतर्गत विकासखंड बलरामपुर के ग्राम पंचायत लुरघुट्टा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शासन की प्रमुख मासिक पत्रिका 'जनमन' एवं फोल्डर-सुशासन तिहार का भी निःशुल्क वितरण किया गया, जिसे ग्रामीणों ने अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों को जनमन पत्रिका दी गई, जिसमें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नवीन नीतियों, विकास कार्यों और सफल लाभार्थियों की प्रेरक कहानियां समाहित है। ग्रामीणों ने पत्रिका को पढ़कर शासन की योजनाओं की विस्तृत जानकारी मिलने पर खुशी जताई। ग्राम लुरघुट्टा निवासी श्री सत्येंद्र रजक जो पेशे से खेती किसानी करते हैं, उन्होंने कहा कि जनमन पत्रिका बहुत उपयोगी है।

शादी का झांसा देकर दो साल से लूट रहा था अस्मत पीड़ित महिला ने पुलिस से लगाई गुहार, आरोपी हिरासत में

कांकेर/ नवप्रदेश। कांकेर कोतवाली पुलिस इन दिनों विभिन्न अपराधिक मामले को सुलझाने में अहम भूमिका निभा रही है। पड़ोसी जिला कोंडागांव के विश्रामपुरी का मूल निवासी जो शहर के एमजी वॉर्ड में किराए के मकान में निवासरत है। आरोपी ने महिला से 02 वर्षो से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म कर रहा था।

पीड़ित महिला की शिकायत के आधार पर महिला संबंधित लैंगिक मामलों में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता पाई है।कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 09मई 2025 को थाना कांकेर आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि वर्ष 2022 में पीड़िता का जान पहचान आरोपी करम चन्द्र हाल निवासी शांतिनगर जो मूलतः विश्रामपुरी कोण्डागांव का रहने वाला है के साथ हुई थी उसके बाद पीड़िता एवं आरोपी दोनों आपस में बातचीत करने लगे बातचीत के दौरान आरोपी करम चन्द्र प्रधान पीड़िता को पसंद करता हूं कहकर शाम करीबन 06.00 बजे ब्यासकोंगेरा के पुलिया के पास ले गया और आरोपी शादी करूंगा वचन देता हूं बोलकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया कि रिपोर्ट पर थाना कांकेर में अप.क्र.139/25 धारा-69,296,115(2),351(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया । विवेचना के दौरान उ.म.नि./वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई.के.एलिसेला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोहसीन खान के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली की टीम गठित कर आरोपी करम चन्द्र प्रधान पिता हरलाल प्रधान उम्र 29 वर्ष साकिन रोगाडीही हाल मुकाम शांतिनगर कांकेर को शांतिनगर से घर के बाहर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। आरोपी करम चन्द्र का कृत्य प्रथम दृष्टया लैंगक अपराध की धारा-69,296,115(2),351(2) बीएनएस का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपी करम चन्द्र को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड तैयार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में उप निरीक्षक सुरेन्द्र मानिकपुरी सउनि भुनेश्वरी भगत आरक्षक मआर.सविता नाग एवं थाना पेट्रोलिंग टीम का अहम भूमिका रहा है।

अपराध पर लगाम

लाखों का चूना लगाकर लंबे समय से फरार चल रहा था आरोपी

एचडीबी फाइनेंस बैंक का कलेक्शन कर्मचारी गिरफ्तार

कांकेर/ नवप्रदेश। फर्जी तरीके से लोन वितरण सहित राशि गबन कर धोखाधड़ी करने वाला एचडीबी बैंक के फाइनेंस कंपनी का कलेक्शन कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी अनुसार प्रार्थी नरेश जेठवा पिता चिमनलाल जेठवा उम्र 44 वर्ष निवासी लालबाग जगदलपुर के लिखित आवेदन पर से प्रकरण के घटना स्थल एचडीबी फाइनेंस सर्विसेस कंपनी कांकेर का होने से रवाना होकर मौके पर पहुंचकर प्रकरण के प्रार्थी नरेश जेठवा से पूछताछ कर कथन लिया गया जो प्रथम सूचना पत्र को ताईत करते हुए कथन दिया कि एचडीबी फाइनेंस सर्विस कंपनी ब्रांच कांकेर में आरोपी राघवेन्द्र झा, नितेश बघेल तथा जितेन्द्र धारगाये की पदस्थापना थी पदस्थापना के दौरान में कस्टमर से फायनेंस एवं कलेक्शन का कार्य करते थे कार्य के दौरान 27 सितम्बर 2024 एवं 30सितंबर 2024 को तीनो आरोपी मिलकर कस्टमर लोगो से कुल कलेक्शन राशि 2,91,300/- रूपया का रशिद काटकर कस्टमर को देकर कलेक्शन राशि को फाइनेन्स कंपनी में जमा ना कर के स्वयं रख कर कंपनी के रकम को गबन किये हैं कि रिपोर्ट पर थाना कांकेर में अपराध क्र. 84/25 धारा-316(2),316(5),3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में

लिया गया प्रकरण में विवेचना के दौरान उमनि./वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई.के.एलिसेला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोहसीन खान के मार्गदर्शन में टीम गठित कर आरोपीगणों राघवेन्द्र झा नीतेश बघेल तथा जितेन्द्र धारगाये के खिलाफ अपराध सबूत पाये जाने से पता तलाश के दौरान आरोपी जितेन्द्र धारगाये पिता दुखहरण को 12मार्च 25 को गिरफ्तार किया गया था एवं अन्य फरार आरोपी की पता साजी सघनता से की जा रही थी 02 माह के अथक प्रयास बाद मुखबीर से सूचना मिला की आरोपी नितेश बघेल पिता देवकुमार पुलिस से लुक छिप रहा है व बस स्टैण्ड केशकाल से अन्य किसी स्थान में भागने का प्रयास कर रहा है कि सूचना पर तत्काल रवाना होकर आरोपी नितेश बघेल पिता देवकुमार बघेल उम्र 26 वर्ष ग्राम गौरगांव थाना केशकाल को घेराबंदी कर पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार किया जिसका मेमोरेण्डम कथन लेकर पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से गिरफ्तार किया गया है, आरोपीगणों का कृत्य फायनेंस कंपनी का कर्मचारी होते हुए भी कंपनी के पैसा को कलेक्शन कर कंपनी में जमा ना करना धारा 316(5) बीएनएस का अपराध घटित करना पाये जाने से प्रकरण में धारा 316(5) बीएनएस जोड़ा गया हैं प्रकरण में 02 आरोपी गिरफ्तार हैं व अन्य 01 आरोपी राघवेन्द्र झा घटना कारित कर घटना के बाद से फरार हैं। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में सउनि वेदन सलामे, मप्रआर ज्योति साहू,आरक्षक शक्ति सिंह का अहम भूमिका रहा है।

जिला न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन संपन्न

72065 प्रकरणों का हुआ त्वरित निराकरण

कांकेर/ नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिला एवं सत्र न्यायालय कांकेर में द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री आनंद ध्रुव द्वारा नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया।लोक अदालत में विभिन्न मामलों का त्वरित,सौहार्दपूर्ण एवं आपसी सहमति से 72065 प्रकरणों का तात्कालिक निराकरण किया गया। जिले में कुल 10 खंडपीठ गठित किए गए, जिनमें कांकेर में 06, भानुप्रतापपुर में 02 एवं पखांजूर में 02 खंडपीठ शामिल थे। खण्डपीठ क्र-1 श्री आनंद कुमार ध्रुव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, खण्डपीठ क्र-2 श्री रमाशंकर प्रसाद, कुटुम्ब न्यायाधीश, खण्डपीठ क्र-3 श्रीमती विभा पाण्डेय, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, खण्डपीठ क्र-4 श्री भास्कर मिश्र, सिविल जज सीनियर डिवीजन/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कांकेर, खण्डपीठ क्र-5 श्रीमती अम्बा शाह द्वितीय सिविल न्यायाधीश सीनियर डिवीजन, खण्डपीठ क्र-6 सुश्री सुनीति नेताम, द्वितीय सिविल जज जुनिय डिवीजन कांकेर तथा तालुका भानुप्रतापपुर में खण्डपीठ क्र-1 श्री दीपक के गुप्ता, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश भानुप्रतापपुर, खण्डपीठ क्र-2 श्री गुलापन राम यादव, सिविल जज सीनियर डिवीजन, तथा तालुका पखांजूर में खण्डपीठ क्र-1 श्री विजय कुमान मिजं, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पखांजूर, क्र-2 श्री मयंक सोनी, सिविल जज वर्ग-1 प्रथम श्रेणी पखांजूर का खण्डपीठ बनाया गया था।

साइबर अपराध में ठगे गए 3.5 करोड़, पीड़ित को दिलाए 49 लाख रुपए वापस

राजनांदगांव/ नव प्रदेश। राजनांदगाव के एक व्यवसायी से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर की गई साइबर ठगी के मामले में थाना बसंतपुर पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त कार्यवाही से एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस ने मनी ट्रेल को ट्रैक कर आरोपी द्वारा उपयोग किए गए लगभग 50 बैंक खातों का विश्लेषण किया। चिन्हित बैंक खातों में से 49 लाख की धनराशि को समय रहते होल्ड कराकर, वैधानिक प्रक्रिया एवं भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र -साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की सहायता से पीड़ित के खाते में वापस कराया गया है।

प्रकरण में पीड़ित द्वारा माह अगस्त 2024 मे थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक. 365/2024 धारा 318(4), 3(5) बीएनएस , 66 (डी), 66(1) आई.टी. एक्ट दर्ज कराई गई थी, जिसमें उन्होंने बताया कि अज्ञात साइबर अपराधियों ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर उनसे करीब 3.5 करोड़ रुपये की ठगी की है।

शिकायत को गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक राजनांदगाव श्री मोहित गर्ग के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन मे पुलिस थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा तत्काल साइबर सेल को सूचित किया गया। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के बैंक खातों की पहचान कर उन्हें समय रहते होल्ड कराया गया। तत्पश्चात ?49 लाख की धनराशि वैधानिक प्रक्रिया पूरी करते हुए पीड़ित के खाते में वापस जमा कराई गई। उक्त प्रकरण में साइबर सेल की टीम द्वारा केरल राज्य से एक आरोपी की गिरफ्तारी भी की गई है इस सफलता में साइबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। राजनांदगाव पुलिस आमजन से यह अपील करती है कि वे किसी भी प्रकार के निवेश या ट्रेडिंग से संबंधित प्रस्तावों की पूर्ण जानकारी लेकर ही निर्णय लें, एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल निकटतम थाना या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें।

न्यूज गैलरी

राजपूत क्षत्रिय समाज ने महाराणा प्रताप की मनाई जयंती

महासमुंद/नवप्रदेश। राजपूत क्षत्रिय समाज द्वारा 9 मई को स्वाधीनता आंदोलन के महानायक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संध्या 5 बजे महासमुंद के नयापारा स्थित सामाजिक भवन में महाराणा प्रताप की छायाचित्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर समाज के संरक्षक भरत सिंह ठाकुर अधिवक्ता ने महाराणा प्रताप जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए महाराणा प्रताप के घोड़ा चेतक और हाथी रामप्रशाद के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि रामप्रसाद हाथी के स्वामी भक्ति और महाराणा प्रताप की देश भक्ति जिसमें उन्होंने पराधीन होना स्वीकार नहीं किया, लेकिन देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उसी प्रकार रामप्रसाद हाथी ने अपने स्वामी भक्ति के साथ दुश्मनों के द्वारा बंदी बनाने पर उसने भी खाना पीना त्याग कर अपने प्राण दे दी। क्षी ठाकुर ने समाजजनों को महाराणा प्रताप के आदर्शो का अनुसरण करने की सलाह दी। समाज के अध्यक्ष उदय पाल सिंह भदौरिया ने महाराणा प्रताप की जयंती की शुभकामना देते हुए कहा की आज देश जिन परिस्थितियों से गुजर रहा उसमें हमारे आदर्श महाराणा प्रताप के विचारों को पूरे देश को अनुसरण करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। जिसमें कुमारी लावन्या राजपूत, कुमारी बबली ठाकुर, कुमारी रिया ठाकुर द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुत दी। जिसे समाज के सदस्यों ने बहुत सराहा साथ ही बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विजय सिंह वर्मा, गुमान सिंह ठाकुर, मनोहर सिंह ठाकुर, कल्याण सिंह ठाकुर, श्रीमती उत्तरा ठाकुर, श्रीमती माहेश्वरी ठाकुर, सुश्री उपमा ठाकुर, श्रीमती श्याम कुमारी राजपूत, महक राजपूत, मेघा ठाकुर, प्रिया ठाकुर, आकांक्षा ठाकुर, तानिया ठाकुर, परी ठाकुर, दिब्यांसी ठाकुर, टीया ठाकुर, कांति ठाकुर सहित भारी संख्या में समाज के सदस्यगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महिला इकाई के अध्यक्ष श्रीमती राजश्री ठाकुर ने तथा आभार प्रदर्शन समाज के वरिष्ठ संपत सिंह गौतम ने की है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त व निर्वाचन आयुक्त डॉ. ने प्रतिनिधिमंडल से की मुलाकात

एमसीबी/ नवप्रदेश। मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार तथा निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ. विवेक जोशी ने आज निर्वाचन सदन में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) के महासचिव श्री एम. ए. बेबी के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। यह बैठक विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के अध्यक्षों से हो रही चर्चाओं की श्रृंखला का हिस्सा है। इन संवादों का उद्देश्य लंबे समय से महसूस की जा रही रचनात्मक चर्चाओं की आवश्यकता को पूरा करना है, जिससे राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पार्टी अध्यक्ष आयोग के साथ सीधे अपने सुझावों और चिंताओं को साझा कर सकें। यह पहल आयोग के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य सभी हितधारकों के साथ मिलकर वर्तमान कानूनी ढांचे के अंतर्गत चुनावी प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बनाना है।इससे पहले, आयोग ने बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) के अध्यक्ष कुमारी मायावती के नेतृत्व में 06 मई 2025 को तथा भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में 08 मई 2025 को मुलाकात की थी। अब तक कुल 4,719 सर्वदलीय बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं, जिनमें 40 बैठकें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों (सीईओ) द्वारा, 800 जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) द्वारा और 3,879 बैठकें निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) द्वारा आयोजित की गईं, जिनमें 28,000 से अधिक विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

गरियाबंद में नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन

- 64 हजार 547 प्रकरणों का हुआ निपटारा

गरियाबंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर श्री बलराम प्रसाद वर्मा जी के निर्देशन पर जिला एवं अपर सत्र न्यायालय गरियाबंद में संचालित न्यायालयों, किशोर न्याय बोर्ड गरियाबंद तथा राजिम व देवभोग के व्यवहार न्यायालयों एवं राजस्व जिला गरियाबंद के राजस्व न्यायालयों में 10 मई 2025 शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। उक्त लोक अदालत हेतु तालुका विधिक सेवा समिति गरियाबंद द्वारा 04 खण्डपीठों का गठन किया गया था। नेशनल लोक अदालत में कुल 64 हजार 547 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 54 लाख 56 हजार 29 रूपये का एवार्ड पारित किया गया है। तालुका विधिक सेवा समिति गरियाबंद के अध्यक्ष श्री यशवंत वासनीकर ने बताया कि उक्त लोक अदालत हेतु जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश गरियाबंद श्री बी आर साहू की गठित खण्डपीठ में कुल 53 लंबित एवं 1650 प्रिलिटिगेशन प्रकरण रखे गये थे, जिनमें 01 मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों का निराकरण करते हुए 14 लाख रूपये का एवार्ड पारित किया गया वही 89 प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण करते हुए 6 लाख 75 हजार 278 रूपये का एवार्ड पारित किया गया, इस प्रकार उक्त खण्डपीठ में कुल 90 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 20 लाख 75 हजार 278 रूपये का एवार्ड पारित किया गया। वहीं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं व्यवहार न्यायधीश वरिष्ठ श्रेणी गरियाबंद श्रीमती अनिता ध्रुव की गठित खण्डपीठ में 294 प्रिलिटीगेशन प्रकरण रखे गये थे, जिनमें 04 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 50 पचास हजार रूपये का एवार्ड पारित किया गया तथा समरी मामले सहित 176 लंबित प्रकरण रखे गये थे जिनमें 117 लंबित मामलों का निराकरण करते हुए 26 लाख 46 हजार 600 रूपये की राशि अदा करायी गयी। इस प्रकार उक्त खण्डपीठ में कुल 470 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 26 लाख 96 हजार 600 रूपये का एवार्ड पारित किया गया। श्री प्रशान्त कुमार देवांगन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं द्वितीय व्यवहार न्यायधीश वरिष्ठ श्रेणी गरियाबंद की गठित खण्डपीठ में 286 प्रिलिटिगेशन प्रकरण रखे गये थे, जिनमें 07 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 81 हजार 531 रूपये का एवार्ड पारित किया गया समरी मामले सहित 23 लंबित प्रकरण रखे गये थे जिनमें 08 लंबित मामलों का निराकरण किया गया।

इस प्रकार उक्त खण्डपीठ में कुल 15 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 81 हजार 531 रूपये का एवार्ड पारित किया गया।

आवश्यक मांगों को लेकर विधायक इंद्र साव से मिले डीएड अभ्यर्थी

भाटापारा/नवप्रदेश। शिक्षक भर्ती 2023 के सहायक शिक्षक के 2300 से अधिक रिक्त पदों पर छठवें चरण की काउंसलिंग 1:2 (अनुपात) में कराये जाने हेतु जिले के समस्त डी. एड अभ्यर्थी विधायक इंद्र साव से सौजन्य मुलाकात कर अपने मांगों को लेकर पत्र सौपे मुलाकात के दौरान डी.एड अभ्यर्थियों के द्वारा विधायक श्री साव को अवगत कराया गया कि, पूर्व मे विज्ञापित सहायक शिक्षक के 6285 पदों नियुक्ति की कार्यवाही उपरांत पाचवे चरण की काउंसलिंग व नियुक्ति उपरांत 3979 पदों पर नियुक्ति हुई है, और 2300 से अधिक लगभग 40 प्रतिशत पद अभी भी रिक्त है।

उक्त पदों को प्रक्रिया के तहत नियमानुसार 1 जुलाई 2025 तक पूर्ण किये जाने हेतु समय निर्धारित है। भर्ती प्रक्रिया के दौरान न्यायालयीन प्रकरणों के चलते रोक लगने के कारण पूर्व के 984 पदों पर भर्ती किया जाना शेष है एवं पंचम चरण के 2621 पदों के विरूद्ध काउंसलिंग उपरांत 1299 पद ही भरे गये है। जबकि 1316 अभी तक बचे हुए है इस प्रकार शेष 984 पद एवं पाचवे काउंसलिंग उपरांत बचे रिक्त पदों को मिलाकर कुल 2301 पद बचे हुए है। उक्त पदों पर लोक शिक्षण संचालनालय छ.ग. के पत्र दिनांक 24.04.2025 के तहत सीधी भर्ती 2023 के अंतर्गत सहायक शिक्षक पद की छठवे चरण की भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करने के संबंध में निर्देश जारी किया गया है।

अभ्यर्थियों ने मुख्य रूप से विधायक को बताया कि पुर्व भर्ती प्रक्रिया के तहत मेरिट सूची से अभ्यर्थियों को काउंसलिंग में 1:1 (अनुपात) मे बुलाया जाता है, किन्तु मेरिट सूची सत्यापित सूची नहीं होने के कारण काउंसलिंग में अपात्र व्यक्तियों का नाम भी सम्मिलित हो जाता है, जिस वजह से पात्र योग्यताधारी अभ्यर्थियों का नाम काउंसलिंग मे शामिल नहीं हो पाता।उक्त संबंध में आज जिले के डी.एड अभ्यर्थिगण विधायक इंद्र साव के समक्ष उपस्थित होकर काउंसलिंग 1:2 मे कराये जाने का मांग पत्र प्रस्तुत किये। उक्त संबंध में विधायक श्री साव ने कहा कि आपकी मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को पत्राचार कर उनके समक्ष बात रखने का आश्वासन दिया गया ताकि निर्धारित समय सीमा में शेष भर्ती प्रक्रिया को पुरा किया जा सकें। उक्त अवसर पर काफी संख्या में डी. एड अभ्यर्थी गण उपस्थित थे।

चाकू से हमला करने वाले संघर्षरत बालकों को लिया गया अभिरक्षा में

- मंडई के समय का पूर्व विवाद बना घटना का कारण
- विवाद बाद ग्राम स्तर पर हुआ था समझौता
- घटना में प्रयुक्त चाकू को पुलिस ने किया जप्त

भण्डारपुर/ डोंगरगढ़/ नवप्रदेश। आठ मई को ग्राम भण्डारपुर में रात्रि लगभग 9:30 बजे प्रार्थी नोकेश्वर चन्द्रवंशी पिता प्रकाश चन्द्रवंशी उम्र. 42 साल निवासी ग्राम भण्डारपुर थाना डोंगरगढ़ के भतिजा व गांव के एक अन्य बालक को 03 विधि से संघर्षरत बालकों द्वारा पुराने रंजीश को लेकर लकड़ी एवं बांस के डण्डा व धारदार चाकू से जान से मारने की नियत से वार कर दिया। जिससे प्रार्थी के भतिजा को सिर में गंभीर चोंट लगा एवं एक अन्य बालक को भी हाथए पैर सिर में चोंट आया। जिसकी रिपोर्ट पर अप0क्र0. 208‌‌‍2025 धारा. 296ए 115;2द्धए 109ए 3;5द्ध बीएनएसएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुये श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग एवं श्रीमान अति0 पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्माए एसडीओपी महोदय डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम के द्वारा विधि से संघर्षरत बालकों के पता तलाश हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया जिस पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा तीनों विधि से संघर्षरत बालकों का पता तलाश कर अभिरक्षा लेकर पुछताछ किया। पुछताछ करने पर विधि से संघर्षरत बालकों द्वारा मंडई के समय पूर्व में आह्तों के साथ विवाद होना जिसका ग्राम स्तर पर समझौता हो जाना बताये। जिसके कारण बदला लेने के लिये तीनों मिलकर लकड़ीए बांस के डण्डा एवं चाकू से मारपीट करना बताये हैं। घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू एवं लकड़ी व बांस के डण्डा को जप्त किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ जितेन्द्र वर्माए उप निरीक्षक राजेश कुमारए सउनि कुरैशीए आर0 प्रयांश सिंहए चन्द्रकात सोनीए लक्ष्मी कंवरए योगेश साहू का विशेष योगदान रहा है।

दक्ष प्रजापति जयंती में शामिल हुए नपाध्यक्ष

महासमुंद/नवप्रदेश। सुभाषनगर के कुम्हारपारा में 8 मई को राजा दक्ष प्रजापति जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू रहे। सर्वप्रथम साहू ने राजा दक्ष प्रजापति की पूजा कर समाज में सद्भाव की प्रार्थना की।इस दौरान समाज जनों को संबोधित कर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि राजा दक्ष प्रजापति अत्यंत पूजनीय हैं। वे धरती के प्रथम महान प्रतापी राजा थे। उन्होंने सबसे पहले मानव जाति की जरूरतों को पूरा करने के लिए काम किया था।

डॉ. पद्मा साहू की पुस्तक का विमोचन

खैरागढ़/नवप्रदेश। छंद के छ का 9 वां स्थापना दिवस समारोह राजधानी रायपूर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुस्तक विमोचन, सम्मान समारोह के साथ ही राज्य स्तरीय कवि सम्मेलन हुआ। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य के 16 जिले के 90 से अधिक छंदकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अभिलाषा बेहार सचिव छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग एवं अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार रामेश्वर शर्मा ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुधीर शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार, सूर्यकांत गुप्ता वरिष्ठ छंदकार, चेतन भारती वरिष्ठ साहित्यकार, आशा देशमुख वरिष्ठ छंदकार की उपस्थिति में अतिथियों ने छंदगुरू अरूण कुमार निगम की छत्तीसगढ़ी गजल संग्रह मार्गदर्शिका गजल के ग, सहित खैरागढ़ की डॉ पद्मा साहू की छत्तीसगढ़ी बाल कविता संग्रह ममा गाँव जाबो का विमोचन हुआ । डॉ साहू एक प्रधान पाठक होने के नाते बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देती है एवं नवाचार के माध्यम से बच्चों के साथ जुडकर उनको शिक्षा प्रदान करती है। उन्होंने बच्चों के पठन पाठन को रुचिकर बनाने छत्तीसगढ़ी बाल कविता संग्रह का सृजन किया है। इसमें आमा, अमली , प्रकृति, तिहार, खेलकूद, विज्ञान, गणित पर्यावरण, सभी से संबंधित रंगीन चित्रमय 45 कविताओं का संग्रह है जो विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी व रुचिकर साबित होगा। इनके अधिकांश कविताओं को पद्मा के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा में प्रस्तुत किया जाता है। यह पद्मा साहू की तीसरी कृति है दोहा, कुंडलिया, छत्तीसगढ़ी कहानी आदि पर अपनी कलम चलाकर छत्तीसगढ़ी भाषा को समृद्ध करने का अमूल्य सहयोग प्रदान कर रही हैं।

आयोजन छोटे-छोटे बच्चे ने विभिन्न खेलकूद में भाग लेकर दिखाई अपनी प्रतिभा

साहू सदन नगरी में समर कैंप का समापन

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा-स्थानीय साहू सदन नगरी में आज अंतिम दिवस समर कैंप का समापन हुआ इनमें मुख्य अतिथि पुनीत राम साहू संरक्षक तहसील साहू समाज नगरी अध्यक्षता लोमस प्रसाद साहू अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ साहू समाज नगरी अति विशिष्ट अतिथि हृदय लाल साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत ,विशिष्ट अतिथि दिनेश कुमार साहू ,भुनेश्वरी साहू ,पदुमलाल साहू ए एल बनपेला,हेमलता साहू, के आर साहू बी इओ नगरी, प्रकाश चंद साहू बीआरसी ,मास्टर ट्रेनर महेंद्र कुमार बोर्झा, कौशल प्रसाद साहू, निशा साहू शशि कला बैरागी, सुषमा अडील, भूषण नाग, उपेंद्र साहू ,विजय कुमार साहू ,योगेश कुमार साहू ,चमन साहू, लेखराज साहू अंकेक्षक ,लोचन साहू बाबूलाल जैन ,ओमी जैन थे। अतिथियों ने कर्मा माता के तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर द्वितीय सत्र समापन समारोह का शुभारंभ किया। अतिथियों के सम्मान में स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। लोमश प्रसाद साहू अध्यक्ष ने स्वागत भाषण में समर कैंप के उपलब्धियां के बारे में बतलाते हुए आए हुए अतिथियों का सम्मान किया। समर क्लास का फीडबैक छात्र छात्राओं द्वारा निरंजना साहू, खिलांशु साहू, कल्याणी साहू परिष्कृत साहू ने दिया। मास्टर ट्रेनर द्वारा फरवि शंकर साहू ने दिया। अतिथियों द्वारा उद्बोधन के कम पर पुनीत राम साहू संरक्षक, भुवनेश्वरी साहू हृदय लाल साहू ए एल बनपेला, हेमलता साहू, प्रकाश चंद साहू, आदि ने समाज को संबोधित किया।

एक देश, एक चुनाव विषयक संगोष्ठी नगरी में आज

- पेंशनर समाज नगरी द्वारा आयोजित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भाजपा पदाधिकारियों की रणनीतिक बैठक संपन्न

नगरी/नवप्रदेश। एक देश, एक चुनाव जैसे महत्वपूर्ण विषय पर जनचेतना जागृत करने हेतु छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज, नगरी द्वारा 12 मई 2025, सोमवार को दोपहर 3 बजे साहू सदन नगरी में एक जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर जिले के प्रमुख जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित वक्ताओं के रूप में सेवानिवृत्त अधिकारी आर. एल. देव, के. एस. श्रीमाली और श्री ए. एल. बनपेला अपने विचार साझा करेंगे। संगोष्ठी में जिले की सांसद द्वय रूप कुमारी चौधरी एवं भोजराज नाग, विधायक अजय चंद्राकर, धमतरी महापौर जगदीश (रामू) रोहरा, तथा पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद सहित अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति प्रस्तावित है।कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने हेतु जिला भाजपा अध्यक्ष प्रकाश की विशेष उपस्थिति में एक रणनीतिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विषय की गंभीरता व महत्व को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। बैठक में कार्यक्रम के विभिन्न दायित्वों का विभाजन करते हुए पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को ज़िम्मेदारियाँ सौंपी गईं।

न्यूज गैलरी

एक दिवसीय नि :शुल्क कैरियर गाइडेंस कार्यशाला 24 को

मुंगेली/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय परिसर में जिला स्तरीय 10वी एवं 12वी बोर्ड परीक्षा 2025 में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी जाति वर्ग के प्रतिभावान छात्रों के लिए एक दिवसीय निःशुल्क कैरियर गाइडेंस कार्यशाला एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 24 मई शनिवार को प्रातः 10 बजे से दो सत्र में आयोजन किया जा रहा है। प्रथम सत्र में कैरियर गाइडेंस एवं द्वितीय सत्र में प्रतिभा सम्मान जिसमें जिले के समस्त शासकीय अशासकीय शालाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्रा अपने रिजल्ट के इंटरनेट कॉपी और अपने एक अभिभावक के साथ उपस्थित हो सकते हैं। पूर्व से पंजीयन भी करा सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए संस्था के मोबाइल नम्बर 9303901651 पर संपर्क करें उक्त जानकारी संस्था अध्यक्ष राजेंद्र दिवाकर एवं सचिव एचआर भास्कर ने दी है।

पडावपारा में नेत्रहीन कलाकारों ने भजन संध्या में बांधा समां

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर के प्रमुख चौक पडावपारा में रात्रि में नेत्रहीन कलाकारों द्वारा आयोजित भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसका लोगों ने देर रात तक आनंद लिया देशभक्ति एवं भक्ति गीतों में लोग झुमतें रहे। नवरंगपुर, ओडिशाः श्री जगन्नाथ जी के पावन स्मरण में आयोजित ''जीवन नेत्रहीन भजन संध्या'' का आयोजन स्थानीय कलाकार लिप्पू जैन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में नेत्रहीन कलाकारों ने हारमोनियम, तबला और झांझ की संगत में भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में दिव्यांग कलाकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनकी सहायता हेतु दान एकत्रित करना था। आयोजकों ने लोगों से अपील की कि वे इस पुनीत कार्य में सहयोग दें।

अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान जांच में जुटी पुलिस

लखनपुर/नवप्रदेश। नगर पंचायत लखनपुर के वार्ड क्रमांक 11 निवासी सज्जन राम राजवाड़े आ0 रामनाथ राजवाड़े उम्र 52 साल ने अज्ञात कारणों से 9 मई दिन शुक्रवार के दरमियानी रात अपने घर के मयार में साड़ी का फंदा बना फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। 10 मई दिन शनिवार को सबेरे परिवार वालों ने सज्जन राजवाड़े को फांसी पर लटके हुये देखा। हादसे की जानकारी थाने में दी। पुलिस घटनास्थल पहुंच मौका-मुआयना करते हुए अधेड़ के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

शहर के विकास में सहयोगी बनने नगर पालिका की अपील, जनता करें समेकित व जलकर का भुगतान

जल व समेकित कर बकाया, शहर के विकास में आ रही बाधा

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ प्रदेश के सबसे बडी नगर पालिका का दर्जा रखने वाले मुंगेली में अरसे से शहरवासियों द्वारा सम्पत्ति कर व जल कर का भुगतान नही किया जा रहा है। निरंतर बकाया होने से यह राशि करोडों मे हो चली है। ऐसे मे अनेक तरह के विकास कार्यो में कर पर निर्भर रहने वाली नगर पालिकाओं में अब विकास में बाधा आ रही है। स्थिति को देखते हुए नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सीएमओ आशीष तिवारी ने शहर के विकास मे सहभागी बनने लोगो से जल व समेकित करों का भुगतान करने कि अपील कि है। नपा अध्यक्ष ने कहा कि उन्होने शहर को स्वच्छ, सुंदर व विकसित बनाने कि दिशा में अनेक योजनाओं कि रूपरेखा तैयार कर ली है, लेकिन नगर पालिका में पर्याप्त मद नही होने से विकास कार्य शुरू नही हो पा रहे है। दुसरी ओर नगर पालिका के अंतर्गत कार्य करने वाले कर्मचारियों के वेतन का भुगतान भी नहीं हो पा रहा है। जिससे विकास कार्यो में भी बाधा आ रही है। गौरतलब है कि नगरीय निकायों में अनुदान के लिए विकास कार्यो के लिए मूल रूप से आय के स्त्रोत अनेंक अनेक तरह के कर होते है, जिनकी वसूली नगरीय निकाय क्षेत्र के अंतर्गत रहने वालों कि होती है। लेकिन नगर पालिका परिषद मुंगेली में करोडों रूपए का सम्पत्ति कर व जल कर लंबे अरसे से बकाया है। नगर वासियों द्वारा इन करो का भुगतान होने

से नगर में नगर में बहाली के साथ ही विकास कार्य होंगे। बता दें कि नगर पालिका परिषद स्तर पर संपत्ति कर के रूप में आय स्त्रोतो में भवन कर प्रमुख है, जो नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत निर्मित भवनो पर कर लगाई जाती है, जिसमें आवासिय और व्यावसायिक भवन शामिल है। इसी तरह भुमि कर भी वसुलने का प्रावधान है, जिसमे खाली प्लॉट में निर्मित भवन शामिल है। नपा क्षेत्र में संस्थनों पर व्यावसायिक कर लगाया जाता है। बिल बोर्ड और होर्डिंग या डिजिटल बोर्ड पर विज्ञापन कर लगाया जाता है। वही निर्माण कार्यों पर निर्माण कर वसूलने का प्रावधान है। वहीं भवन और भूमि के पंजीकरण पर संपत्ति पंजीकरण शुल्क वसूला जाता है। इसके साथ ही भवन और भूमि के मुल्यांकन पर संपत्ति मुल्यांकन कर कि वसूली कि जाती है। लेकिन आलम यह है कि नगर पालिका मुंगेली में आधे से कम लोग ही इस कर का भुगतान कर रहे है, जिसका असर नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्यों पर पड रहा है। दुसरी ओर कर्मचारियों का वेतन और मानदेय भी इन करों के भुगतान से दिया जाता कर कि वसूली नहीं होने से कर्मचारियों का वेतन व मानदेय का भुगतान भी प्रभावित हो रहा है। संपत्ति कर के माध्यम से नगर पालिका को राजस्व प्राप्त होता है। जिसका उपयोग नगरीय सेवाओं जैसे कि कुडा-कचरा संग्रहण, स्ट्रीट लाईट, और अन्य सामाजिक सेवाओं का संचालन किया जाता है। वहीं संपत्ति कर के माध्यम से सडकें, पानी की आपूर्ति, स्वच्छता और अन्य सामाजिक सेवाओं के रख-रखाव में किया जाता है। इसी तरह हजार से अधिक कि आबादी वाले मुंगेली नगर पालिका परिषद क्षेत्र में नल जल योजना के अंतर्गत शहर में हजारों कि संख्या में नल कनेक्शन है, जिसमें से कुछ लोग ही जल कर का भुगतान करते है, जबकि सामान्य नल के अंतर्गत 180 रूपए प्रतिमाह व भागीरथी नल योजना के अंतर्गत 60 रूपए प्रतिमाह कर निर्धारित है।

सप्ताह में होने वाले जनदर्शन का लाभ आम जनता को नहीं मिल पा रहा, निराशा लग रही हाथ

सत्ता परिवर्तन के बाद भी कार्यशैली में बदलाव नहीं, आज भी पुराना ढर्रा जारी

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में इन दिनों सुशासन तिहार की योजना को फलीभूत करने के लिए सभी आला अधिकारी जुटे हुए है, जिसके चलते जिला पंचायत, कलेक्ट्रेट कार्यालय सूने-सूने नजर आ रहे है। चुनाव के बाद से लगातार कार्यो की पेंडेंसी बढ़ते जा रही है और आम जनता अपने कार्यो को लेकर संबंधित जिला कार्यालयों में चक्कर काट रहे है। सप्ताह में होने वाले जनदर्शन का भी लाभ आम जनता को नही मिल पा रहा है और वे खाली हाथ निराश लौट रहे है। ज्ञात हो कि कुछ समय पहले केन्द्र की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रधानमंत्री जन-मन योजना चलाया गया था। जिसके चलते भी आम जन के साथ-साथ शासकीय योजनाऐं भी प्रभावित हुई थी।

सत्ता परिवर्तन के बाद कार्यशैली में बदलाव आएगा, किन्तु आज भी जिले में वही पुराना ढ़र्रा चल रहा है, अधिकतर अधिकारी और

कर्मचारी कार्यालयों से नदारद रह रहे है। सप्ताह में एक ओर स्थायी रूप से आला अधिकारियों के कार्यालय में बैठने का पूर्व के आदेशों का भी पालन नही हो पा रहा है। जिसके चलते लोग कार्यालयों के चक्कर काट रहे है। अधिकतर कार्यालयों में अधिकारियों के दौरे की बात कही जाती है, वही जिले के आला अधिकारी के संबंध में बताया जाता है कि वे सुशासन तिहार समाधान शिविर मे लगे हुए है, यह ज्ञात हो कि केंद्र शासन की योजना प्रधानमंत्री जन-मन योजना चलाया गया था जिसमें कर्मचारी व अधिकारी जुटे हुए थे, और अब अधिकारी राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार में जुटे हुए है और इसके अलावा कुछ अधिकारी बैठकों में व्यस्त है। अधिकारियों के नही रहने के कारण अधीनस्थ कर्मचारियों की मौज हो गई है, वे भी कार्यालयों से नदारद रहते है। कागजों पर सफ्लतापूर्वक चलने वाले आंकड़ों में जिले का सर्वोच्च स्थान मिल सकता है, किन्तु आम लोगों को आज भी अपने कार्यो के लिये भटकना पड़ रहा है। नजूल से संबंधित अधिकांश कार्य पेंडिंग पड़े हुए है, इसी तरह शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग, सड़क की योजनाओं की प्रगति आंकड़ों में अलग और वास्तविकता अलग बयां करती है। लोगों की शिकायते सुनने के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय में लोग चक्कर काट रहे है, लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नही है। सत्ता परिवर्तन के बाद मानों ऐसा महसूस होने लगा है कि प्रशासन अब हितग्राहियों के घर पहुंचने लगा है। किन्तु यह भी कही नजर नही आ रहा है।

द्वितीय नेशनल लोक अदालत में 17 हजार 371 प्रकरण निराकृत

मुंगेली/नवप्रदेश। द्वितीय नेशनल लोक अदालत में कुल 17 हजार 371 प्रकरण निराकृत हुए तथा 51 लाख 13 हजार 673 अवार्ड राशि रही। वर्ष 2025 के द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 मई को जिला न्यायालय, तहसील न्यायालय एवं राजस्व न्यायालय में किया गया।

जिला न्यायालय मुंगेली में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ 10.45 बजे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमति गिरिजा देवी मेरावी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। नेशनल लोक अदालत हेतु जिला न्यायालय में कुल 06 खंडपीठ तहसील न्यायालय लोरमी में 01 खडपीठ तथा राजस्व न्यायालय में कुल 08 खंडपीठ का गठन किया गया है। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित कुल प्रकरण 1832 एवं जिला न्यायालय व राजस्व न्यायालय में प्रस्तुत प्री-लिटिगेशन प्रकरण 19823 कुल 21655 सुनवाई हेतु रखे गये है। जिनमें से न्यायालय में लंबित कुल 1438 प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं 50 हजार 45 हजार 772 रूपये राशि अवार्ड पारित किया गया है एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में कुल 15 हजार 933 प्रकरणों का निराकरण किया जाकर 67 हजार 931 रूपये के राशि का अवार्ड पारित किया गया। इस नेशनल लोक अदालत में राजीव कुमार न्यायाधीश परिवार न्यायालय के खण्डपीठ द्वारा पति एवं पत्नी के मध्य की गई काउंसलिंग के माध्यम से पति एवं पत्नी को उनके मध्य उत्पन्न विवादों को भुलाकर, साथ रहने के संबंध में समझाईश दी गई। इस प्रकार उभयपक्षों की सहमति से नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौता के तहत् प्रकरण का निराकरण किया गया।

ऊर्जा पार्क का भ्रमण कर खेलकूद व विविध गतिविधियों में लिए हिस्सा

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा के कक्षा 6वीं से 12वीं तक दोनों माध्यम के विद्यार्थीगण शिक्षकों सहित 9 मई को कुल 164 की संख्या में 3 एसी बस द्वारा एक्सपोजर विजिट पर रायपुर पहुँच कर सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन अंतर्गत कक्ष, लाइब्रेरी, अध्ययन कक्ष, समिति कक्ष, गर्भ गृह आदि देखा, एवं 56 एकड़ भूमि में नया रायपुर में निर्माणाधीन 200 सीटर नवीन छ.ग. विधानसभा के मॉडल का अवलोकन किए। विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों द्वारा बैठक की कार्यवाही एवं प्रक्रिया के बारे में सभा कक्ष में विद्यार्थियों को विस्तार से बताया गया एवं बच्चों से प्रश्न पूछकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया गया। विधानसभा सचिवालय द्वारा प्रतिभागी विद्यार्थियों को अब तक विधानसभा से संबंधित अद्यतन जानकारी का बुकलेट वितरित किया गया। इसके उपरांत साइंस पार्क में विज्ञान के अनुसंधान संबंधी विभिन्न मॉडलों का अवलोकन कर विस्तृत जानकारी प्राप्त किया गया। तत्पश्चात ऊर्जा पार्क का भ्रमण कर सोलर पैनल के माध्यम से चलित विभिन्न खेल-कूल एवं विविध गतिविधियों में हिस्सा लिए। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न रोचक स्थलों का प्रत्यक्ष अवलोकन होने से उनमें अनुसंधान संबंधी शैक्षणिक जानकारी का विकास हुआ एवं उनमें नई-नई बातें जानने की कौतुहल देखी गयी। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान कार्यक्रम प्रभारी पंकज मिश्रा सहित व्याख्याता महादेव यादव, हरिशंकर गुप्ता, सांत्वना दत्ता, रूही फातिमा, संध्या कुजूर, पारूल ओझा, ज्योति जायसवाल, शिक्षक वीर सिंह सिकन्दर, ललिता प्रसाद पाटले, डुलेश गबेल, पी.टी.आई राजेन्द्र प्रसाद साहू, कार्यालय लिपिक बंशीलाल कुम्हार एवं राकेश साहूउपस्थित रहे। उक्त जानकारी शाला प्राचार्य डॉ. आई.पी. यादव द्वारा दी गई।

समाधान शिविर में लालो को मिली पेंशन की स्वीकृति

बलरामपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन तिहार के अंतर्गत चलाए जा रहे समाधान शिविरों का प्रभाव जमीनी स्तर पर परिलक्षिति हो रहा है। शासन की योजनाओं का लाभ अब आम नागरिकों तक त्वरित रूप से पहुंच है, जिसका उदाहरण ग्राम पंचायत लुरघुट्टा में आयोजित समाधान शिविर में देखने को मिला, जब बुजुर्ग लालो मरावी को मौके पर ही पेंशन की स्वीकृति मिली।लालो मरावी ने व्यक्त की खुशी और जताया शासन का आभारग्राम नवाडीह निवासी लालो मरावी, जो कई महीनों से वृद्धावस्था पेंशन के लिए प्रयासरत थीं, उन्हें समाधान शिविर में मौके पर ही दस्तावेजों की जांच के बाद पेंशन योजना में पात्र मानते हुए पेंशन की स्वीकृति मिली।

ग्रामीणों को मिल रहा शासकीय योजनाओं का लाभ

बलरामपुर/नवप्रदेश। आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान, शासकीय योजनाओं की समीक्षा और निगरानी, विकास कार्यो में तेजी लाने और जनता, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों के साथ सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुसार पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार के तीसरे चरण में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विगत दिवस बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के विकासखण्ड कुसमी के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसकेपी के प्रांगण में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में सम्मिलित गांव साहपुर, भवानीपुर, महकेपी, मगाजी, धनजी, बसकेपी, सुखरी, कंदरी के ग्रामीणों ने अपनी मांग, समस्या एवं शिकायतों के निराकरण के लिए उत्साहित होकर पहुंचे। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने बसकेपी में आयोजित शिविर में पहुंचकर शिविर का अवलोकन किया।

उन्होंने विभागों द्वारा लगाए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया तथा ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्या एवं मांगो से अवगत होकर आवेदनों का निराकरण त्वरित करने के निर्देश दिए और सभी आवेदकों को उनके आवेदन के निराकरण की जानकारी शिविर के माध्यम से कराने को कहा। 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक समाधान पेटी के माध्यम से प्राप्त किए गए आवेदनों का निराकरण करते हुए विभिन्न मांगों के हितग्राहियों को समाधान शिविर के माध्यम से सामग्री वितरण किया गया। जिसमें समाज कल्याण विभाग अर्न्तगत दिव्यांगजनों को ट्रायसायकल, खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड, श्रम विभाग द्वारा जॉब कार्ड, लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास की चाबी, कृषि विभाग द्वार बीज का वितरण किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी के लिए स्टॉल भी लगाए गए थे, जिसका ग्रामीणों ने अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी ली।

ग्राम पंचायत बड़ेसीपत में आयोजित समाधान शिविर में पहुंचे कलेक्टर

सक्ती/नवप्रदेश। सुशासन तिहार अंतर्गत आज जिले के तीन स्थान नगर पालिका परिषद सक्ती, नगर पंचायत बाराद्वार, ग्राम पंचायत बड़ेसीपत में समाधान शिविरों का आयोजन किया गया।

जनपद पंचायत मालखरौदा के ग्राम बड़ेसीपत में आयोजित शिविर का कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने औचक निरीक्षण किया और और विभागीय स्टॉलों का अवलोकन कर प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी ली। बड़ेसीपत में आयोजित शिविर में बरभांठा, नावापारा, नगझर, कुरदा, छपोरा, चारपारा, भड़ोरा, छोटेसीपत,

बड़ेरबेली, भूतहा, अमेराडीह, भठोरा, पिहरीद से कुल 84 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 60 आवेदन का त्वरित निराकरण किया गया। और शेष 24 आवेदनों को निराकृत करने हेतु संबंधित विभाग को प्रेषित किया गया। कलेक्टर ने शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। शिविर में विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी भी दी गई। इस शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई का कार्य किया गया, मनरेगा अंतर्गत जॉब कार्ड का वितरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड, पेशन स्वीकृति पत्र, समाज कल्याण विभाग द्वारा मोटराईज ट्राई सायकल वितरण किया गया। समाधान शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया गया था स्वास्थ्य जांच कर आवश्यकतानुसार दवाई भी उपलब्ध कराया गया। स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यकता अनुसार दवाईयों का वितरण किया गया। वही आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में जनसामान्य को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाईयों का वितरण किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, मछली पालन, पशुधन विकास, लोक निर्माण, विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग, जिला सहकारी, श्रम विभाग, आयुर्वेद विभाग, खाद्य विभाग सहित अन्य विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई।

प्रवेश | कक्षा एलकेजी, यूकेजी से 12वीं तक कुल रिक्त 370 सीट के लिए 1031 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे

आत्मानंद में लॉटरी के माध्यम रिक्त सीटों पर मिला प्रवेश

मुंगेली/नवप्रदेश। पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में सत्र 2025-26 हेतु अंग्रेजी माध्यम में कक्षा एल.के.जी., यू.के.जी. कक्षा 1 से 6 वीं तक एवं कक्षा 8वीं व हिन्दी माध्यम के कक्षा 4थी से 7 वीं एवं 11वीं जीव विज्ञान व 12वीं जीव विज्ञान कक्षाओं के रिक्त सीटों पर लॉटरी से प्रवेश प्रक्रिया नियमानुसार सम्पन्न की गयी। सर्वप्रथम शाला प्राचार्य डॉ. आईपी यादव ने बताया कि शाला में कक्षा एल.के.जी., यू.के.जी तथा कक्षा 1ली से 12वीं तक कुल रिक्त 370 सीट के लिए कुल 1031 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे। जिनमें से अंग्रेजी एवं हिंदी दोनों माध्यम में लॉटरी के माध्यम से रिक्त सीटों को भरा गया एवं अंग्रेजी माध्यम के कक्षा 11वीं गणित, वाणिज्य एवं 12 जीव विज्ञान, वाणिज्य व हिन्दी माध्यम के कक्षा 1ली, 2री, 11वीं गणित, वाणिज्य, 12वीं गणित, जीव विज्ञान में रिक्त सीटों से कम आवेदन प्राप्त हुए उस कक्षा में सीधे प्रवेश दी गई। लॉटरी प्रक्रिया में प्रत्येक कक्षा में कुल रिक्त सीटों में 50 प्रतिशत बालिकाओं का, बी.पी.एल. एवं आर्थिक रूप से कमजोर पालकों के बच्चों का 25 प्रतिशत, एवं अनारक्षित श्रेणी के 25 प्रतिशत बच्चों का चयन किया गया। सभी कक्षाओं में कुल रिक्त सीटों का 10 प्रतिशत

प्रतीक्षा सूची हेतु भी अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित बच्चों के पालकों चयनित विद्यार्थियों को 13 मई से 16 मई तक अपने आवश्यक दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, पिछली कक्षा का रिपोर्ट कार्ड, टी.सी. आदि आवश्यक दस्तावेज शाला के प्रवेश आवेदन पत्र सहित जमा कराना होगा। तत्पश्चात् प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को 17 मई से 20 मई तक अवसर दिया जायेगा। चयनित बच्चों के पालकों में चयन पश्चात् खुशी की लहर देखी गई। लॉटरी प्रक्रिया में नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष रामशरण यादव, जिला शिक्षा अधिकारी सीके घृतलहरे, एडीपीओ अजय नाथ, अतिरिक्त तहसीलदार चंद्रकांत राही, नायब तहसीलदार हरिशंकर यादव, बीईओ प्रतिभा मंडलोई, बीआरसी सूर्यकांत उपाध्याय, पार्षद रोशन सोनी, निमेश देवांगन, एसएमडीसी सदस्य ममता जोशी, शिक्षक-पालक संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह राजपूत, सहित पालकगण उपस्थित रहें। अपने संबोधन में जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रवेश हेतु चयनित सभी अभ्यर्थियों को बधाई दिया एवं जिनका प्रवेश नही हो पाया है।

शराबी को हल्ला करने से मना करना पड़ा महंगा, एक को चार ने पीटा, मामला दर्ज

लखनपुर/नवप्रदेश। बीती रात थाना क्षेत्र के ग्राम जयपुर में एक शराबी को हल्ला करने से मना करना सामने वाले युवक को भारी पड़ गया। दरअसल उतम सिह ग्राम पंचायत टपरकेला 9 मई दिन शुक्रवार को अपने बहन के घर ग्राम जयपुर गया हुआ था। शाम को सभी भोजन कर रहे थे तभी ग्राम टपरकेला निवासी जयकरणसिंह शराब पीकर उधम मचाते हुए हो हल्ला करने लगा। युवक उतम सिह ने मना किया ,शराबी मान गया। युवक अपने गृहग्राम टपरकेला वापिस आ गया । करीब 11.30बजे युवक के पास शराबी जयकरणसिंह का फोन आया बोला कि तुम कहां हो। युवक बोला घर पर हूं। सोना मत मैं टपरकेला आ रहा हूं। फिर जयकरणसिंह अपने साथ राजकुमार निवासी टपकेला तथा सुनील सिंह एवं सागर निवासी ग्राम जयपुर के साथ मेरे कोठार में आये जहां मैं सोया था। शराबी जयकरणसिंह बोला अपने औकात में रह कर बात किया करो। चारों अश्लील गालियां देते हुए युवक को हाथ मुक्के डंडा से जमकर जमकर पीटा।

इंजीनियर ने धर्म परिवर्तन करने से किया इनकार, थाने में दर्ज कराई एफआईआर

जीपीएम की प्रिंसिपल और शिक्षिका ने कहा-धर्म परिवर्तन करोगे तो रोजगार के साथ मिलेगा पचास हजार

बिलासपुर/नवप्रदेश। जीपीएम के मुख्यमंत्री डीएव्ही पब्लिक स्कूल की शिक्षिका ने अपने इंजीनियर पति और ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना का अपराध दर्ज करवा दिया है। महिला का पति जब समझौता कर वापस घर गृहस्थी बसाने की बात करने पहुंचा तो उसकी पत्नी ने कहा कि स्कूल की प्रिंसिपल के कहने पर उसने ईसाई धर्म अपना लिया है। आप भी मेरी प्रिंसिपल से मिलकर ईसाई धर्म अपनाओ तब मैं समझौता करूंगी। पति ने इसकी शिकायत चकरभाठा थाने में की है। पति की शिकायत पर अपराध दर्ज कर घटनास्थल मध्यप्रदेश होने के चलते जांच के लिए वहां भेजा है।

मयंक पांडे 36 वर्ष पिता मोहन पांडे हाईकोर्ट के पीछे गोल्डन पार्क कॉलोनी चकरभाठा में रहते हैं। इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद वह वर्तमान में बेरोजगार है। उनका विवाह 10 फरवरी 2019 को रंजना पांडे पिता अन्नि पांडे निवासी आमाडांड़ कोतमा से सामाजिक हिन्दु रीति रिवाज के अनुसार पारिवारिक सहमति से हुआ था। इंजीनियर की पत्नी रंजना पांडे मुख्यमंत्री डीएव्ही पब्लिक स्कूल कुम्हारी जिला जीपीएम में शिक्षिका हैं। मयंक पांडे ने अपनी शिकायत में बताया है कि मेरे व मेरी पत्नि रंजना पाण्डेय के मध्य पारिवारिक विवाद होने से मेरी पत्नि के द्वारा मेरे व मेरे माता पिता के खिलाफ 26 सितंबर 2024 को महिला थाना अनुपपुर में दहेज प्रताड़ना 498 एवं अन्य धाराओ में पुलिस को गुमराह करते हुए एफ.आई.आर. दर्ज कराई हैं। इंजीनियर ने अपनी पत्नी को आपसी समझौता कर पुनः नए सिरे से वैवाहिक जीवन की शुरूवात करने के लिए बोला। इंजीनियर की शिकायत के अनुसार समझौते की बात सुनकर उनकी पत्नी ने उन्हें कहा कि डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल कुम्हारी मरवाही जिला जी.पी.एम. की प्राचार्य केरोलाईन मैरी ने मेरी ईसाइ धर्म परिवर्तन कराई हैं और मुझे भी ईसाइ धर्म परिवर्तन कराने के लिए बोली हैं कहते हुए मुझे मेरी पत्नी बोली कि पहले तो आप मेरी प्राचार्य केरोलाईन मैरी से मिलो वह आपका कहीं न कहीं जाब लगवा देगी एवं वह आपको ईसाइ धर्म परिवर्तन का पचास हजार रूपये भी देंगी बस आपको मेरी तरह ईसाइ धर्म परिवर्तन करना है, उसके बाद आप किसी भी आदमी को ईसाइ धर्म परिवर्तन के लिए लाओगें तो प्रिंसपल हर आदमी का बीस हजार रूपये देंगी।

नौकरी छुड़वाने के डर से धर्म परिवर्तन का आरोप

इंजीनियर मयंक पांडे ने अपनी शिकायत में बताया है कि स्कूल की प्रिंसिपल उसके धर्मांतरण करवाने के लिए अच्छी जगह नौकरी देने के अलावा 50 हजार रुपए देने का लालच भी दे रही थीं। इसके अलावा अन्य लोगों के धर्मांतरण करवाने पर प्रति व्यक्ति बीस हजार रुपए देने का लालच दिया है। इंजीनियर के अनुसार उसकी पत्नी रंजना पाडेण्य उसके स्कूल की प्रिंसपल मैडम केरोलाईन मैरी के अधिनस्थ नौकरी करती हैं नौकरी न छुड़ा दे कहकर डर से स्वयं ईसाइ धर्म परिवर्तन की हैं तथा मुझे भी दबाव बना रही हैं। इंजीनियर ने अपनी धार्मिक भावनाओं को ठेस पंहुचाकर अपमान करने की बात कह अपनी पत्नि रंजना पाडेण्य व प्रिंसपल केरोलाईन मैरी प्रिंसिपल डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल कुम्हारी मरवाही जिला जी.पी.एम. के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है।

शून्य में अपराध कायम

शिकायत मिलने पर चकरभाठा थाने में रंजना पांडे और प्राचार्य केरोलाईन मैरी के विरुद्ध धारा 299,3(5) बीएनएस के तहत शून्य में अपराध दर्ज किया गया है। चकरभाठा थाना प्रभारी उत्तम साहू ने बताया कि घटनास्थल मध्यप्रदेश जिला अनूपपुर होने की वजह से शुन्य में अपराध कायम कर जांच के लिए अनूपपुर के संबंधित थाने में केस डायरी भेजी जाएगी।

न्यूज गैलरी

नेशनल लोक अदालत में 593 करोड़ का अवार्ड पारित

बिलासपुर/नवप्रदेश। शनिवार को प्रदेश में आयोजित नेशनल लॉज अदालत में रिकार्ड 38 लाख 98 हजार 415 मामलों की सुनवाई हुई व खंडपीठों ने इनमामलों का निराकरण किया। लोक अदालत में 593 करोड़ का अवार्ड पारित किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में उच्च न्यायालय से लेकर तालुका स्तर न्यायालयों के साथ-साथ राजस्व न्यायालयों में आयोजित नेशनल लोक अदालत में प्राप्त आंकड़ों के अनुसार कुल 38,98,415 (अड़तीस लाख अन्ठान्नबे हजार चार सौ पन्द्रह) प्रकरणों का निराकरण करते हुए 5,93,61,29,519 (पांच सौ तिरान्नबे करोड़ इक्सठ लाख उन्तीस हजार पांच सौ उन्नीस) रूपए का अवार्ड पारित किया गया। नेशनल लोक अदालत में तकनीकी का उपयोग करते हुए जहां पक्षकार नहीं आ सके उन्हें वर्चुअल माध्यम से भी जोड़कर तथा मोबाईल वेन के माध्यम से लोक अदालत में प्रकरणों का निराकरण किया गया। शनिवार को छत्तीसगढ़ राज्य में वर्ष 2025 की दूसरे नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने जिला एवं सत्र न्यायालयों में आयोजित नेशनल लोक अदालत की कार्यवाहियों का वर्चुअल निरीक्षण किया।

सीवीआरयू में बिरसा मुंडा पर केंद्रित दो दिवसीय नेशनल सेमिनार का समापन

बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व और कृतित्व से नई दृष्टिकोण का उदय: घोष

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा पर केंद्रित ट्राइबल हीरो एस ए चैंपियन ऑफ जेंडर जस्टिस विषय पर दो दिवसीय नेशनल का समापन हो गया। इस दो दिवसी नेशनल सेमिनार में देशभर से 12 से अधिक वक्ता ने अपने विचार रखें। यह आयोजन इंडियन कौंसिल ऑफ़ सोशल साइंस रिसर्च, भारत सरकार (आईसीएसएसआर)एवं डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जेंडर इक्वलिटी की सोच हायर एजुकेशन में सबसे बेहतर हुई है हमारे यहां महिलाएं आज बराबरी से शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुधार और अन्य दृष्टिकोण पर कार्य करने की जरूरत है आज जो दो दिनों तक विचार आए हैं वह बहुत ही सार्थक हैं। ईश्वर सर को उपस्थित विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि इस सेमिनार की सार्थकता इस रूप में हम सबके सामने हैं कि सात राज्यों के शोध पत्र और चार राज्यों से वक्ताएं आए हुए हैं सेमिनार का संकलन प्रकाशित किया जाएगा। साथ ही आदिवासी विभाग एवं केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। दिस ऑफर वक्त के रूप में उपस्थित आलोक शुक्ला ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी अस्मिता के प्रतीक थे। वे आदिवासी स्वायत्तता के प्रतीक थे। वे स्वतंत्रता के प्रतीक थे उन्होंने बताया कि महिला के अधिकारों के लिए उन्होंने बहुत कार्य किया है। भावी पीढ़ी को उसे अध्ययन करने की जरूरत है। इस अवसर पर उपस्थित प्रोफेसर पियूष रंजन सुप्रिडिंग एंथ्रोपॉलजिस्ट एंड सब ओरिजिनल हेडफोन एंथ्रोपॉलजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया मिनिस्ट्री ऑफ़ कल्चरल भारत सरकार छत्तीसगढ़ ने कहा कि टेक्निकल विश्वविद्यालय ने कला, संस्कृत, साहित्य की दिशा में बहुत ही अच्छा कार्य किया है। भगवान बिरसा मुंडा पर केंद्रित इस सेमिनार की सार्थकता भी होगी।

वक्ताओं ने रखे विचार

इन दो दिनों में वक्ता के के रूप मे दो बलिराम पवार आलोक शुक्ला, डॉ बलिराम पवार, सुशील कुमार उपाध्याय, डॉ नंदिता प्रधान भट्ट दिल्ली, पुष्पलता चिलुका बेंगलुरु, मौसमी महंता, डॉ पीयूशा रंजन , डॉ रीता वेणुगोपाल , डॉ ब्रजेश चंद्र त्रिपाठी, प्रोफेसर विजय कुमार रक्षित, जुल्फिकार सिद्दीकी जशपुर डी आई ई टी प्राचार्य, डॉ धीरेंद्र सिंह, डॉ विभा मिश्रा, शामिल हुए।

सेवाभाव के साथ गर्मी में राहत देने वाले प्याऊ घर का समापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ ने भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी के आदेशानुसार 9 अप्रैल से 9 मई तक जिले के विभिन्न स्थानों पर 6 प्याऊ घर संचालित कर प्यासे राहगीरों को पानी पिलाने की सेवा कार्य किया था जिसका समापन स्वामी आत्मानंद कन्या उच्च. मध्य. शाला सरकंडा में किया गया । प्याऊ घर के द्वारा जिले के स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स के साथ ही स्काउटर एवं गाइडर ने जनसेवा की भावना से ओतप्रोत होकर लगातार 1 महीने तक राहगीरों को मटके का शीतल पानी पिला कर राहत प्रदान किया जिसके फलस्वरूप कार्यक्रम में उन्हें प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। प्याऊ घर एक सार्वजनिक जलसेवा स्थल होता है जहाँ गर्मी के मौसम में राहगीरों, मजदूरों और आम नागरिकों के लिए शीतल जल निस्वार्थ सेवा भाव से प्रदान किया है, गर्मियों में जब तापमान अत्यधिक बढ़ जाता है, तब प्याऊ घर राहगीरों, मजदूरों और गरीबों के लिए संजीवनी का कार्य करता है। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला मुख्य आयुक्त चंद्रप्रकाश बाजपेयी, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी डॉ अनिल तिवारी, विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य संगठन आयुक्त स्काउट विजय कुमार यादव, शाला की प्राचार्य डॉ. गायत्री तिवारी ने किया।

हाईकोर्ट में ग्रीष्मकालीन अवकाश अब 12 मई से 6 जून तक

■ **हाईकोर्ट ने तीसरी बार जारी किया आदेश**

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के संबंध में जारी आदेश को वापस ले लिया है। रजिस्ट्रार जनरल ने 02 जून से 28 जून तक कर दिया था। हाईकोर्ट में अब 12 मई से 6 जून तक अवकाश रहेगा

अवकाश में बदलाव को लेकर उमाकांत सिंह चंदेल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ बिलासपुर व वरूणेन्द्र मिश्रा सचिव छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ बिलासपुर ने चीफ जस्टिस को पत्र लिखकर पूर्व में जारी आदेश के तहत समर वेकेशन रखने की मांग की थी। पत्र में लिखा है कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के द्वारा अधिवक्ताओं से सलाह लिया गया जिसमें वाट्सअप के माध्यम से जनमत भी संग्रह किया गया जिस पर अधिकांश अधिवक्ताओं के द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश की तिथि बढ़ाये जाने का विरोध किया गया एवं निम्नलिखित परेशानियां बताई। कुछ अधिवक्ताओं द्वारा मेडिकल ट्रीटमेंट के लिए बाहर जाकर अपांइटमेंट लिया जा चुका है। कुछ अधिवक्ताओं के द्वारा पारिवारिक एवं वैवाहिक कार्यक्रम निश्चित किया जा चुका है। कुछ अधिवक्ताओं के द्वारा पारिवारिक छुट्टी के लिए महंगी टिकट बुक कराई जा चुकी है।

असमंजस की स्थिति बनी

शिक्षक नेता ने पत्र में लिखा है कि 12 मई से 6 जून तक हाईकोर्ट में समर वेकेशन घोषित था। समर वेकेशन के तत्काल बाद 9 जून में को सुनवाई निर्धारित थी। हाईकोर्ट द्वारा पूर्व में तय की गई तिथि के दौरान समर वेकेशन रहेगा। इसे लेकर अब असमंजस की स्थिति बनने लगी है। हाईकोर्ट के समर वेकेशन के बाद सुनवाई होने पर 2025-26 का शिक्षा सत्र आरंभ हो चुका होगा, जहां शालाओं में तैयारी का समय नहीं मिलेगा। बता दें कि महाधिवक्ता कार्यालय के द्वारा कोर्ट का आश्वस्त किया था कि नए सत्र शुरू होना है इससे पूर्व प्राचार्य पदोन्नति हो इसके लिए शिक्षा विभाग भी प्रयासरत है।

व्यक्तित्व विकास शिविर आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, श्री विहार, सरकंडा के तहत चार दिवसीय बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया गया है। इसका उद्घाटन सत्र 8 मई को किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद श्याम साहू एवं शिवांश डेंटल क्लिनिक इंचार्ज प्रीति वर्मा रही। यह बाल व्यक्तित्व शिविर 8 से 11 मई तक सुबह 8 बजे से 10 तक आयोजित किया गया।

शिवतराई समाधान शिविर में 1808 आवेदनों का निराकरण

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शासन की मंशा के अनुरूप जनसामान्य की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कोटा ब्लॉक के ग्राम पंचायत शिवतराई में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में 10 ग्राम पंचायत के ग्रामीणों से प्राप्त सभी मांगों एवं शिकायत के आवेदनों का निराकरण किया गया। 1944 आवेदन मिले थे जिनमें से 1808 का निराकरण किया गया। शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, मछली पालन, पशुधन विकास, लोक निर्माण, विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, आबकारी विभाग, जिला सहकारी, वन विभाग, श्रम विभाग, खाद्य विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। सभी विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी। समाधान शिविर में प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, कोटा जनपद अध्यक्ष सूरज साधे लाल भारद्वाज, उपाध्यक्ष मनोहर सिंह राज सहित अन्य जनप्रतिनिधि, एडीएम शिव कुमार बनर्जी, एसडीएम नितिन तिवारी, सीईओ युवराज सिंहा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। समाधान शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास आवास की चाबी, कृषि विभाग द्वारा स्प्रेयर और लपेटा पाइप, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड, एनआरएलएम के तहत समूह की दीदियों को बैंक लिंकेज का चेक से लाभान्वित किया गया।

व्यस्ततम आवागमन को देखते नेहरू चौक से दोनों ओर अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

होटल, दुकान व फुटकर व्यवसाईयों को मुख्य मार्ग में सामग्री फैलाकर विक्रय नहीं करने दी हिदायत

बिलासपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में शहर में सरल, सुगम, सुरक्षित, सुव्यवस्थित, एवं सुचारु यातायात प्रबंधन हेतु नियमित रूप से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों, दुकान संचालको, फुटकर व्यवसाईयों एवं प्रमुख मार्गो में प्रावधान करने वाले अन्य लोगों पर निरंतर कठोर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज नेहरू चौक से लेकर इंदिरा सेतु के मध्य प्रतिदिन शाम को व्यस्ततम यातायात एवं वाहनों की अत्यधिक संख्या के एकत्रित होने के कारण यातायात चुनौतियों को देखते हुए उक्त मार्ग के दोनों तरफ यातायात को व्यवधान करते हुए विभिन्न प्रकार के दुकानों के संचालक एवं होटल, चाट, गुपचुप एवं फल इत्यादि के दुकानों के माध्यम से मुख्य मार्ग को बाधित करने वाले संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। अतिक्रमित भूमि पर अपने विक्रय सामग्री को फैला कर रखने वालों के विरुद्ध सघन एवं कठोर कार्रवाई की गई है। इस क्रम में उन्हें पूर्व में भी विक्रय सामग्री को दुकानों, होटलों एवं अन्य प्रयोजन हेतु लगाई गई होर्डिंग्स को बाहर फैला कर नहीं रखने हेतु हिदायत दिया गया था परंतु उक्त निर्देशों के अवहेलना करते हुए उनके द्वारा लगातार व्यावसायिक परिपेक्ष में अपने विक्रय सामग्री को मुख्य सड़क पर फैलाने के कारण आवागमन बाधित हो रही थी।

शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर /नवप्रदेश। शादी करने का झांसा देकर युवती का दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार प्रार्थीया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि इसका जान पहचान रथराम कैवर्त के साथ था जो जनवरी 2025 में पत्नी बनाकर रखने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाकर दैहिक शोषण कर बालात्कार किया है, जिसे शादी करने के लिए कहने पर शादी करने से इन्कार कर भाग गया है, प्रार्थिया के उक्त रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह को अवगत कराने पर तत्काल आरोपी को गिरफ्तार करने निर्देश दिये। जिसके परिपालन में अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक सरकंडा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सरकंडा निरीक्षक निलेश पाण्डेय के नेतृत्व में टीम तैयार कर आरोपी रथराम कैवर्त को रिपोर्ट के महज 24 घंटों के भीतर 9 मई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

सद्भावना

सीयू में राष्ट्र प्रथम- ए कैंपेन इन सपोर्ट ऑफ नेशन फर्स्ट पर रैली आयोजित

राष्ट्र प्रथम ही हमारे जीवन व कर्तव्य का मूलमंत्र: प्रो. चक्रवाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) नैक से ए++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय में 10 मई को अपराह्न 4 बजे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल के सक्षम नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में राष्ट्र की संप्रभुता की रक्षा में जुटी भारतीय सेना के साथ एकजुटता प्रकट करने हेतु 'राष्ट्र प्रथम' अभियान के अंतर्गत एक रैली का आयोजन किया गया।

ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में राष्ट्र प्रथम- ए कैंपेन इन सपोर्ट ऑफ नेशन फर्स्ट के अंतर्गत रैली में विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स एवं शिक्षक, अधिकारी और विद्यार्थी शामिल हुए। रैली का प्रारंभ रजत जयंती सभागार से गुरु घासीदास बाबा की प्रतिमा तक किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि हम सभी भारत वासियों के जीवन के प्रत्येक क्षण में राष्ट्र प्रथम की भावना सर्वोपरि है। इस संकट की घड़ी में पूरा देश एकजुट होकर भारतीय सेना के साथ देश की संप्रभुता, एकता और सुरक्षा के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध खड़ा है। विश्वविद्यालय परिसर देशभक्ति के जज़्बे और भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और समर्थन की भावना से गूंज उठा। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रो. शैलेन्द्र कुमार अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने स्वागत उद्बोधन दिया। विश्वविद्यालय एनएसएस कोऑर्डिनेटर प्रो. राजेन्द्र कुमार मेहता ने संचालन किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. ए.एस. रणदिवे ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

जवानों के अदम्य साहस बलिदान और निष्ठा को सलाम

कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने कहा कि देश की सीमा के प्रहरी हमारी सेना के जवानों के अदम्य साहस, बलिदान और निष्ठा को सलाम है। उन्होंने कहा कि जैसे सीमा पर हमारे जवान हर परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं वैसे ही एक सजग नागरिक के रूप में हम सभी अपने पूरे समर्पण के साथ डटे हुए हैं। रैली में सहभागिता करने वाले शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भारतीय सेना के समर्थन में राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए भारत माता की जय, जय हिंद, राष्ट्र प्रथम सदैव प्रथम और तिरंगे की शान में, सिन्दूर की जान है जैसे जोशीले नारों के साथ देशभक्ति का अद्वितीय प्रदर्शन किया।

न्यूज गैलरी

सैन्य बजट में भारत के सामने फिसड्डी पाकिस्तान

नई दिल्ली। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट सैन्य व्यय डेटाबेस से प्राप्त डेटा के जरिये हम आपको साल 2000 से लेकर 2024 तक भारत और पाकिस्तान के सैन्य बजट की तुलना बता रहे हैं। हम आपको इस खबर में भारत और पाकिस्तान के सैन्य बजट में भारी अंतर के बारे में बताएंगे। सैन्य बजट के मामले में पाकिस्तान भारत के आसपास भी नहीं है। पहलगाम में 22 अप्रैल को पाकिस्तान ने जिस नापाक हरकत को अंजाम दिया था उसका भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से बदला लिया। भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया, जिसमें 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। इसके बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी और यह भी कहा कि किसी सैन्य ठिकानों या फिर आम लोगों को निशाना नहीं बनाया गया। आतंक पर भारतीय सेना की कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान ने भारत पर हमले की कोशिश भी की, लेकिन पूरी तरह फुस्स साबित हुए। भारतीय रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के हर हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया। भारतीय सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में रक्षा क्षेत्र में जो निवेश किए हैं, उसका असर अब दिखने लगा है। इसके उलट पाकिस्तान की रक्षा प्रणाली फिसड्डी साबित हुई और उन्हें भारत की जवाबी कार्रवाई में भारी नुकसान का भी सामना करना पड़ा है। हम आपको इस खबर में भारत और पाकिस्तान के सैन्य बजट में भारी अंतर के बारे में बताएंगे। पाकिस्तान भारत के आसपास भी नहीं है। पूरी सावधानी बरतते हुए भारतीय सेना ने आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद किया। हालांकि, इसके बाद भी पाकिस्तानी नहीं सुधरे और आतंकियों को आम जनता बताते हुए पाकिस्तानी सेना ने भारत पर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए। पिछले तीन दिन से लगातार पाकिस्तान की ओर से ड्रोन्स और मिसाइल से हमले किए जा रहे हैं और भारत उसका मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। भारत ने जहां आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया तो वहीं पाकिस्तान भारत के आम नागरिकों और शहरों को निशाना बना रहा है। पाकिस्तान ने भारत के कई उत्तरी और पश्चिमी शहरों पर ड्रोन्स और मिसाइल्स से हमले किए, लेकिन भारत की सुरक्षा प्रणाली ने सभी को ध्वस्त कर दिया।

आरबीआई का एसबीआई पर एक्शन 1.72 करोड़ का लगाया जुर्माना

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से भारतीय स्टेट बैंक पर भारी भरकम जुर्माना लगाया गया है। जानकारी के मुताबिक, आरबीआई ने एसबीआई पर 1.72 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। ये कार्रवाई निर्देशों का पालन नहीं करने पर की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) पर 1.72 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना आरबीआई के कुछ निर्देशों का ठीक से पालन नहीं करने पर लगाया है। यह जुर्माना बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 के तहत लगाया है। आरबीआई के बयान के अनुसार एसबीआई से आरबीआई के ऋण और अग्रिम वैधानिक व अन्य प्रतिबंध ग्राहक संरक्षण अनधिकृत, इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन में ग्राहकों की देयता को सीमित करना और बैंकों की तरफ से चालू खाते खोलना अनुशासन की आवश्यकता पर जारी किए गए कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने पर जुर्माना लगाया है। दरअसल, आरबीआई ने 31 मार्च 2023 तक बैंक की वित्तीय स्थिति के बारे में पर्यवेक्षी मूल्यांकन वैधानिक निरीक्षण (आईएसई 2023) किया। इस दौरान पता चला कि एसबीआई आरबीआई के निर्देशों के पालन नहीं कर रही है। इसके बाद से एसबीआई को एक नोटिस जारी कर कारण बताने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही यह भी कहा गया है कि निर्देशों का पालन नहीं करने पर आरबीआई आप पर क्यों जुर्माना न लगाए। इसके बाद एसबीआई ने आरबीआई के नोटिस का जवाब दिया फिर व्यक्तिगत सुनवाई के बाद से आरबीआई ने एसबीआई पर जुर्माना लगाया है।

सभी प्रमुख क्रॉनिक थेरेपी ने भी सकारात्मक वैल्यू और वॉल्यूम वृद्धि दर्ज करवाई है

अप्रैल में भारतीय फार्मा बाजार में 7.8 प्रतिशत राजस्व वृद्धि : रिपोर्ट

नई दिल्ली। भारत के फार्मास्यूटिकल बाजार (आईपीएम) ने इस साल अप्रैल में राजस्व में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि जारी रखी। यह जानकारी गुरुवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। रेटिंग एजेंसी इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (इंड-रा) की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनियों की मूल्य वृद्धि की वजह से यह वृद्धि दर्ज की गई है, जिसमें वॉल्यूम में 1.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। लगभग सभी प्रमुख क्रॉनिक थेरेपी ने भी सकारात्मक वैल्यू और वॉल्यूम वृद्धि दर्ज करवाई है।

इंड-रा के कॉरपोरेट रेटिंग्स के निदेशक निशीथ सांघवी ने कहा, इंड-रा को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2026 के दौरान आईपीएम में सात से आठ प्रतिशत की वृद्धि होगी, जिसमें क्रॉनिक थेरेपी में निरंतर वृद्धि की गति होगी। यह निरंतर वृद्धि मूल्य वृद्धि और नए उत्पादों के लॉन्च के साथ देखी जा सकेगी। रिपोर्ट से

पता चला है कि एंटी-डायबिटिक सेगमेंट में जेनेरिकाइजेशन अवसरों के कारण अप्रैल में वॉल्यूम वृद्धि सालाना आधार पर 2.8 प्रतिशत रही।प्रमुख थैरेपी जैसे कि गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल में 5.5 प्रतिशत, डर्मा में 3.1 प्रतिशत और कार्डियक में 2.2 प्रतिशत की वॉल्यूम वृद्धि भी दर्ज की गई।इसके अलावा, अप्रैल 2025 में स्थिर प्रदर्शन रहा, जहां सभी थैरेपी में मूल्य वृद्धि देखी गई।कार्डियक, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल, एंटी-डायबिटिक और डर्मा जैसी थैरेपी में आईपीएम की तुलना में वॉल्यूम में अधिक वृद्धि देखी गई।गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल, विटामिन, दर्द/एनाल्जेसिक और एंटी-इंफेक्टिव जैसी अक्यूट थैरेपी में क्रमशः 10.1 प्रतिशत, 7.5 प्रतिशत, 8.5 प्रतिशत और 6.5 प्रतिशत की बिक्री वृद्धि देखी गई।

डर्मा, कार्डियक, एंटी-डायबिटिक और सीएनएस जैसी क्रॉनिक थैरेपी में क्रमशः 10.8 प्रतिशत, 10.6 प्रतिशत, 7.7 प्रतिशत और 9.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई।इंड-रा की मार्च रिपोर्ट से पता चला है कि एक्यूट सेगमेंट की बिक्री में सालाना आधार पर 6.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कार्डियक (आईपीएम का 13.4 प्रतिशत क्रोनिक), एंटी-इंफेक्टिव (11.7 प्रतिशत एक्यूट), गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल (12.1 प्रतिशत एक्यूट), एंटी-डायबिटिक (9.2 प्रतिशत क्रोनिक) और विटामिन (9.0 प्रतिशत एक्यूट) ने मार्च 2025 में आईपीएम में 55 प्रतिशत का योगदान दिया।

सर्च चैटजीपीटी के सबसे लोकप्रिय फीचर्स में से एक है

ओपनएआई ने चैटजीपीटी सर्च को लेकर पेश किए नए सुधार

नई दिल्ली। ओपनएआई ने मंगलवार को चैटजीपीटी सर्च को लेकर कई नए सुधारों को पेश करने की घोषणा की। इसमें यूजर के लिए बेहतर शॉपिंग एक्सपीरियंस को भी शामिल किया गया है। सर्च चैटजीपीटी के सबसे लोकप्रिय फीचर्स में से एक है। पिछले हफ्ते में ही 1 बिलियन से अधिक वेब सर्च रिकॉर्ड किए गए हैं। सैम ऑल्टमैन द्वारा संचालित कंपनी ने कहा, चैटजीपीटी यूजर्स अब किसी प्रोडक्ट को सर्च करने से लेकर प्रोडक्ट की खरीदारी तक कर सकते हैं। इसके अलावा, यूजर्स के लिए प्रोडक्ट कंपेयर करने की सुविधा भी मौजूद है। यूजर्स के पास पर्सनलाइज्ड रिकमेंडेशन, विजुअल प्रोडक्ट डिटेल्स, प्राइसिंग, प्रोडक्ट रिव्यू और खरीदारी के डायरेक्ट लिंक की सुविधा मौजूद होगी।कंपनी ने आगे कहा कि प्रोडक्ट से जुड़े रिजल्ट स्वतंत्र रूप से चुने जाते हैं और विज्ञापन नहीं होते हैं।ओपनएआई ने कहा, चैटजीपीटी में

व्यापार अभी भी शुरुआती चरण में है और हम व्यापारियों को अपनी यात्रा में शामिल करना जारी रखेंगे क्योंकि हम तेजी से सीखने पर ध्यान देते हैं।
शॉपिंग को लेकर इन नए सुधारों को हर उस बाजार के लिए लाया जा रहा है, जहां चैटजीपीटी उपलब्ध है। इसके साथ ही यह सुविधा प्लस, प्रो, फ्री और लॉग-आउट यूजर्स के लिए लाई जा रही है।ओपनएआई के अनुसार, मेमोरी जल्द ही सर्च और शॉपिंग के साथ काम करेगी। इसका मतलब है कि चैटजीपीटी यूजर के साथ पहले हुई बातचीत से कॉन्टेक्स्ट समझने की कोशिश करेगा, ताकि यूजर के लिए बेहतर जवाब पेश कर सके।कंपनी ने कहा, यूजर का चैटजीपीटी की मेमोरी पर पूरा कंट्रोल होगा, जिसे सेटिंग में जाकर किसी भी समय अपडेट किया जा सकेगा। हम इसे कुछ ही हफ्तों में रोलआउट करने की योजना बना रहे हैं। यह ईईए, यूके, स्विटजरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन को छोड़कर सभी प्लस और प्रो यूजर्स के लिए होगा। चैटजीपीटी को व्हाट्सएप मैसेज भेजकर अप-टू-डेट जवाब पाया जा सकता है। यह सुविधा चैटजीपीटी के साथ सभी यूजर्स के लिए उपलब्ध है। इसके अलावा, व्हाट्सएप इंटीग्रेशन के बारे में अधिक जानकारी ली जा सकती है और क्यूआर कोड की मदद से व्हाट्सएप कॉन्टैक्ट में चैटजीपीटी को जोड़ा जा सकता है।चैटजीपीटी अब किसी दिए गए विचार के लिए कई साइटेशन शामिल कर सकता है ताकि यूजर्स जवाबों के बारे में अधिक जानकारी ले सकें और साथ ही अलग-अलग सोर्स से जानकारियों को वेरिफाई कर सकें।कंपनी का कहना है कि जवाब में किस साइटेशन को कहां से लिया गया है, इसे अलग से ज्यादा स्पष्ट तरीके से दिखाने के लिए एक नए हाइलाइट यूआई को भी लाया गया है। इसके अलावा, यूजर्स अब चैटजीपीटी से रियल-टाइम सुझावों के साथ तेज सर्च रिजल्ट पा सकते हैं।

राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान तेल, गैस पर होगा सरकार का पहला अधिकार

नई दिल्ली। तेल क्षेत्र से जुड़े कानूनों में संशाधन के लिए तैयार किए गए मसौदा नियमों के अनुसार राष्ट्रीय आपातकाल की स्थिति में सरकार के पास देश में उत्पादित सभी तेल और प्राकृतिक गैस पर पहला अधिकार होगा। मसौदा नियमों के अनुसार तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादकों को ÷पूर्व-अधिकरण के समय प्रचलित उचित बाजार मूल्य का भुगतान किया जाएगा। तेल क्षेत्र से जुड़े कानूनों में संशाधन के लिए तैयार किए गए मसौदा नियमों के अनुसार राष्ट्रीय आपातकाल की स्थिति में सरकार के पास देश में उत्पादित सभी तेल और प्राकृतिक गैस पर पहला अधिकार होगा। कच्चे तेल को भूमिगत या समुद्र तल के नीचे से निकाला जाता है और इसे पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों में परिष्कृत किया जाता है।

इसके साथ ही प्राकृतिक गैस का उपयोग बिजली उत्पादन, उर्वरक उत्पादन, वाहनों के लिए सीएनजी और पाइप्ड रसोई गैस के लिए किया जाता है। नियमों में संशोधन से जुड़े मसौदे में ऐसे अधिकारों को शामिल करने का मकसद सरकार को राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने और आपात स्थितियों के दौरान सार्वजनिक कल्याण सुनिश्चित करने में मदद करना है। मसौदा नियमों के अनुसार तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादकों को पूर्व-अधिकरण के समय प्रचलित उचित बाजार मूल्य÷ का भुगतान किया जाएगा। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने मसौदा नियमों पर टिप्पणियां आमंत्रित की हैं। इस वर्ष की शुरुआत में संसद ने तेल क्षेत्र (विनियमन व विकास) संशोधन विधेयक पारित किया था। इस विधेयक में घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने, निवेश आकर्षित करने और देश के ऊर्जा परिवर्तन लक्ष्यों को समर्थन देने के लिए 1948 के अधिनियम के पुराने प्रावधानों को बदलने का प्रस्ताव है।

नियमों में कहा गया है कि, पेट्रोलियम उत्पादों या खनिज तेल के संबंध में राष्ट्रीय आपातकाल की स्थिति में, भारत सरकार को, ऐसे आपातकाल के दौरान, हर समय, पट्टे पर दिए गए क्षेत्र से निकाले गए कच्चे तेल या प्राकृतिक गैस से उत्पादित खनिज तेलों, परिष्कृत पेट्रोलियम या पेट्रोलियम या खनिज तेल उत्पादों, या ऐसे कच्चे तेल या प्राकृतिक गैस, जिसे पट्टेदार को भारत के भीतर परिष्कृत किए बिना बेचने, निर्यात करने या निपटाने की अनुमति है ।

राजस्थान में होम ब्रॉडबैंड पर जियो का दबदबा, कुल ग्राहक संख्या 7.7 लाख से अधिक पहुंची

जयपुर। राजस्थान में होम ब्रॉडबैंड सेवाओं के क्षेत्र में रिलायंस जियो ने अपनी स्थिति और भी मज़बूत की है। टेलीकॉम रेग्युलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) द्वारा मार्च 2025 के लिए जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, जियो एयर फाइबर और जियो फाइबर सेवाओं के माध्यम से राज्य में जियो के ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या 7.7 लाख के पार पहुँच चुकी है। जियो एयर फाइबर ने राजस्थान में 5जी फिक्सड वायरलेस एक्सेस (एफडब्लूए) सेगमेंट में 3 लाख ग्राहकों का आंकड़ा पार कर लिया है। यह संख्या निकटतम प्रतिस्पर्धी के मुकाबले चार गुना अधिक है, जिसकी ग्राहक संख्या 73,743 है। मार्च 2025 में राजस्थान में कुल 5जी एफडब्लूए या एयर फाइबर ग्राहकों की संख्या 3.74 लाख से अधिक रही, जिसमें जियो ने 80 प्रतिशत से अधिक ग्राहक हिस्सेदारी के साथ नेतृत्व किया। वायर्ड ब्रॉडबैंड श्रेणी में भी जियो अग्रणी बना हुआ है, जहां जियो फाइबर के माध्यम से 4.71 लाख से अधिक घर और व्यावसायिक प्रतिष्ठान हाई-स्पीड इंटरनेट, अनलिमिटेड वाई-फाई और प्रीमियम होम एंटरटेनमेंट का लाभ उठा रहे हैं। इस श्रेणी में निकटतम प्रतिस्पर्धी 3.25 लाख ग्राहकों के साथ काफी पीछे है। जियो की वायरलाइन और फिक्स्ड वायरलेस सेवाओं को मिलाकर कुल ग्राहक संख्या 7.71 लाख हो गई है, जो निकटतम प्रतिस्पर्धी से लगभग दोगुनी है और जिसकी ग्राहक संख्या 3.98 लाख है।

इक्सिगो का बड़ा फैसला : तुर्किये समेत 3 देशों के लिए सभी बुकिंग निलंबित

सीईओ बोले- 'खून और बुकिंग एक साथ नहीं'

नई दिल्ली। ऑनलाइन ट्रैवल पोर्टल इक्सिगो ने तुर्किये, चीन और अजरबैजान के लिए अपनी सभी फ्लाइट और होटल बुकिंग सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कंपनी के ग्रुप सीईओ आलोक बाजपेयी ने इस फैसले की जानकारी देते हुए कहा है कि 'खून और बुकिंग एक साथ संभव नहीं हैं', जो भारत-पाकिस्तान संघर्ष में इन देशों के कथित भारत-विरोधी रुख के विरोध में उठाया गया एक प्रतीकात्मक लेकिन महत्वपूर्ण कदम है।

इक्सिगो के ग्रुप सीईओ आलोक बाजपेयी ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स'

(पूर्व में ट्विटर) पर इसकी जानकारी साझा की। उन्होंने अपने पोस्ट में स्पष्ट शब्दों में लिखा, बहुत हो गया! खून और बुकिंग एक साथ नहीं हो सकते। हम ढ्ढ×द्बद्दश्च पर तुर्किये, चीन और अजरबैजान के लिए सभी फ्लाइट और होटल बुकिंग निलंबित कर रहे हैं। उनका यह बयान इन देशों के कथित भू-राजनीतिक झुकाव और भारत की संप्रभुता व सुरक्षा पर उनके रुख के खिलाफ एक कड़ा संदेश माना जा रहा है। यह उल्लेखनीय है कि भारतीय ट्रैवल उद्योग में यह पहला ऐसा कदम नहीं है। भारतीय ट्रैवल कंपनियों जैसे ईजमाईट्रिप और कॉक्स एंड किंग्स ने भी पहले इसी तरह के निर्णय लिए हैं। भारतीय ट्रैवल कंपनियों का यह एकजुट रुख भारत-पाकिस्तान संघर्ष में तुर्किये और अजरबैजान के कथित भारत विरोधी रुख की प्रतिक्रिया के रूप में देखा जा रहा है, जहां इन देशों ने पाकिस्तान का समर्थन किया था।इसी क्रम में, कॉक्स एंड किंग्स ने भी घोषणा की है कि उसने अजरबैजान, उज्बेकिस्तान और तुर्किये के लिए सभी नए यात्रा विकल्पों को अस्थायी रूप से हटाने का फैसला किया है। कॉक्स एंड किंग्स के निदेशक करण अग्रवाल ने इस निर्णय पर टिप्पणी करते हुए कहा, यह निर्णय हमारे और हमारे देश के लोगों के लिए अहम सिद्धांतों को बनाए रखने की हमारी प्रतिबद्धता से प्रेरित है। उन्होंने भारतीय यात्रियों को सलाह दी है कि वे विवेक का प्रयोग करें और व्यापक भू-राजनीतिक माहौल में अधिक स्पष्टता होने तक इन गंतव्यों की किसी भी गैर-जरूरी यात्रा से बचें। यह कदम भारतीय ट्रैवल कंपनियों के बढ़ते राष्ट्रीय चेतना और विदेश नीति के मुद्दों पर अपनी राय रखने की प्रवृत्ति को दर्शाता है।

मधुरा को महिला एकल में स्वर्ण, तीरंदाजी विश्व कप में भारत ने कम्पाउंड वर्ग में 5 पदक जीते

स्पोर्ट्स डेस्क। यह मधुरा का इस स्पर्धा में तीसरा पदक रहा। इससे पहले उन्होंने महिला टीम स्पर्धा में रजत और अभिषेक वर्मा के साथ मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है।

मधुरा धामनगांवकर ने राष्ट्रीय टीम में तीन साल के बाद शानदार वापसी करते हुए शनिवार को तीरंदाजी विश्व कप चरण दो के कम्पाउंड वर्ग की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण के साथ टीम स्पर्धा में रजत और कांस्य पदक जीतकर भारत को बड़ी कामयाबी दिलायी। भारत ने शनिवार कम्पाउंड वर्ग में दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते। मधुरा को तीन साल से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा नहीं करने के कारण विश्व तीरंदाजी रैंकिंग में जगह नहीं मिली है। इस 24 साल की खिलाड़ी ने अमेरिका की कार्सन क्रेहे पर 139-138 की शानदार जीत के साथ अपना पहला व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र की अमरावती की इस खिलाड़ी ने इससे पहले महिला टीम स्पर्धा में रजत और अभिषेक वर्मा के साथ मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। मधुरा के लिए लिए हालांकि व्यक्तिगत स्वर्ण सबसे खास रहा क्योंकि उन्होंने उतार-चढ़ाव से भरे खिताबी मुकाबले में धैर्य बनाये रखा। वह तीसरे गेम में सात अंक के निशाने के बाद 81-85 से पीछे चल रही थीं। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि दबाव में शानदार संयम दिखाया और चौथे गेम में सिर्फ एक अंक गवां कर स्कोर 110-110 पर

बराबर कर लिया। मधुरा ने निर्णायक गेम में दो 10 के निशाने लगाये और ये दोनों केंद्र के बिलकुल करीब थे। उन्होंने तीसरे प्रयास में नौ के निशाने के साथ क्रेहे को पछाड़ दिया।मधुरा क्वालीफायर्स में तीसरे स्थान के साथ भारतीयों में शीर्ष पर थी। उन्होंने अपने अभियान के दौरान तुर्की की विश्व की 13वें नंबर की खिलाड़ी हेजल बुरुन को शिकस्त दी। मधुरा ने दो बार की विश्व कप टीम पदक विजेता को 143-141 से मात दी थी। मधुरा ने इससे पहले मेडेलिन में 2022 तीरंदाजी विश्व कप चरण चार में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।इससे पहले कम्पाउंड पुरुष टीम ने स्वर्ण, महिला टीम ने रजत और मिश्रित टीम ने कांस्य पदक हासिल किए। अभिषेक वर्मा, ओजस देवताले और ऋषभ यादव की पुरुष टीम ने फाइनल में मैक्सिको को 232-228 से हराया। भारतीय तिकड़ी ने धैर्य के साथ दबाव वाली परिस्थितियों में अचूक निशाना साध कर शीर्ष स्थान हासिल किया।भारत ने पहले गेम में 59 अंक के साथ दो अंकों की बढ़त हासिल की। मैक्सिको ने हालांकि दूसरे गेम में 58 अंक बनाकर वापसी की। इस गेम में भारतीय तीरंदाज 56 अंक ही जुटा सके जिससे स्कोर 115-115 से बराबर हो गया। भारतीय तिकड़ी ने तीसरे गेम में एक बार फिर से एक अंक की बढ़त कायम कर ली। भारत के 58 अंक के मुकबाले मैक्सिको के तीनों तीरंदाज 57 अंक ही बना सकें।भारतीय तिकड़ी ने अंतिम गेम में अपना धैर्य बनाए रखा और 60 में से 59 अंक हासिल किये।

खेलो इंडिया में हर्षवर्धन-अस्मिता का जलवा

पटना। आईडब्ल्यूएफ विश्व युवा चैम्पियनशिप में पदकों की हैट्रिक लगाने वाली 16 वर्ष की ज्योशना साबर ने लड़कियों के 40 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। हर्षवर्धन साहू और अस्मिता धोने ने खेलो इंडिया युवा खेल 2025 में भारोत्तोलन स्पर्धा के पहले दिन रिकॉर्ड प्रदर्शन किया। ओडिशा के गंजम जिले के खेलो इंडिया खिलाड़ी साहू ने लड़कों के 49 किलो वर्ग में दो राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड बनाए।

22 मई को 16 वर्ष के होने जा रहे साहू ने क्लीन और जर्क और समग्र भार में क्रमश 115 और 203 किलो वजन उठाकर नया राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने स्नैच में 88 किलो वजन उठाया। पिछले रिकॉर्ड झारखंड के बाबूलाल हेमब्रोम के नाम थे। आईडब्ल्यूएफ विश्व युवा चैम्पियनशिप में पदकों की हैट्रिक लगाने वाली 16 वर्ष की ज्योशना साबर ने लड़कियों के 40 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। वहीं महाराष्ट्र की अस्मिता धोने और उत्तर प्रदेश की मानसी चामुंडा ने

लड़कियों के 49 किलो वर्ग में स्नैच, क्लीन एंड जर्क और समग्र भारवर्ग में नये राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड बनाए। महाराष्ट्र 27 स्वर्ण, 21 रजत और 24 कांस्य समेत 72 पदक लेकर शीर्ष पर है। कर्नाटक दूसरे स्थान पर है जबकि राजस्थान तीसरे, मध्यप्रदेश चौथे और पंजाब पांचवें स्थान पर है। दिल्ली की 25 मीटर पिस्टल निशानेबाज नाम्या कपूर ने मध्यप्रदेश की अंजलि भागवत को एक अंक से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं असम के प्रियांशु भट्टाचार्य ने लड़कों के वर्ग में बाजी मारी। मेजबान बिहार सेपक टेकरॉ के दोनों फाइनल हार गया।

हाथी का आतंक: 2 महिलाओं को कुचला, मौत, 1 घायल

रायगढ़/नवप्रदेश। लैलूंगा विधानसभा अंतर्गत ग्राम गेमकेला में बीती रात जंगली हाथी ने एक गांव में घुसकर घर के बाहर सो रही दो महिलाओं को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया. वहीं इस दौरान एक ग्रामीण भी घायल हुआ है जिसे उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मामले की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई में जुट गई है. वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर मृत महिलाओं के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है.

मिली जानकारी के अनुसार, मृत महिला सुनीला लोहरा अपने घर के बाहर सो रही थी. इसी बीच एक हाथी अपने झुंड से बिछड़कर भटकते हुए बीती रात करीब 11:30 बजे जंगल से गांव की तरफ आ गया. यहां बस्ती में पहुंचते ही उसने पहले ही घर के सामने सो रही महिला सुनीला पर हमला कर दिया. हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे परिजनों ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसने दम तोड़ दिया.

सुनिला को कुचलने के बाद हाथी दूसरे मोहल्ले में जा पहुंचा. वहां भी उसने एक घर के सामने सो रही महिला सुशीला यादव 30 एवं उसके पति घसियाराम यादव पर भी हमला कर दिया. इस हमले में महिला की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं उसके पति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है. हाथी के हमले से एक ही रात में 2 महिलाओं की मौत हो जाने के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है. वहीं घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम गांव पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है. फिलहाल, वन विभाग ने हाथियों की निगरानी और आगे की स्थिति पर काबू पाने के लिए विशेष टीम तैनात की है.

संक्षिप्त खबरें

शारीरिक संबंध बनाने से पत्नी ने किया इनकार, पति ने उतारा मौत के घाट

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ एक पति ने शारीरिक संबंध बनाने से इंकार करने पर अपनी पत्नी की लात-घूंसे के बाद पत्थर से मारकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी. पुलिस ने मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है. घटना कुसमी थाना क्षेत्र के सेरेंगाजोभी गाँव की है, जहां 7 मई की रात करीब 11.30 बजे पहाड़ी कोरवा बबुआ ने अपनी पत्नी ढिलो बाई से शारीरिक संबंध बनाना चाहा. पत्नी के इनकार करने पर पति का पारा चढ़ गया और लात-घूंसे के बाद पत्थर से सिर और छाती पर वार कर दिया, जिससे पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई. पीड़िता के पिता सुखदेव ने घटना की जानकारी कुसमी थाने में दी. मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया. पूछताछ में आरोपी के जुर्म कबुलने के बाद उसे 8 मई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है.

घर में शादी के बाद खाना खाने पहुंचा भालू, हड़कंप

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले स्थित दशपुर गांव में बीती रात एक शादी वाले घर में भालू खाना खाने के लिए आ धमका. भालू को देखते ही वहां अफरा-तफरी मच गई. लोग डर से वहां से भागने लगे और घर के अंदर घुस गए. भालू ने घर के बाड़ी में रखा पूरा तेल पीकर चट कर दिया. इस दौरान लोगों ने घर की छत से उसका वीडियो बनाया जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. राहत की बात यह रही कि इस दौरान कोई भालू के हमले का शिकार नहीं हुआ. लेकिन आय-दिन इलाके में भालुओं के आने और ग्रामीणों पर हमले से लोगों में डर का माहौल है.

बता दें, इन दिनों भालू का आतंक दशपुर के ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है. स्थानीय लोगों के मुताबिक, भालू रोजाना शाम होते ही गांव की ओर आ जाता है, जिससे ग्रामीणों में भारी दहशत का माहौल है. कुछ दिन पहले भी भालू ने गांव के 2 ग्रामीणों पर हमला किया था. वन विभाग को इस घटना की जानकारी दे दी गई है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है. ग्रामीणों ने सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की है.

आदिवासी युवती पर चोरी का आरोप लगाकर मालिक ने की दबंगई

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर शहर में एक 19 वर्षीय आदिवासी युवती पर चोरी का आरोप लगा है। इस आरोप के बाद दुकान के मालिक ने युवती के साथ दबंगई दिखाते हुए उसे कमरे में बंद कर दिया और अश्लील वीडियो दिखाई. उक्त आरोपों के आधार पर कांकेर के कोतवाली थाने में आरोपी दुकानदार के खिलाफएफआईआर दर्ज कर ली गई है। कांकेर पुलिस के मुताबिक पीड़िता अरिहंत फैशन हाउस में काम करती थीं. वहां के मालिक ने उक्त युवती पर करीब 1.5 लाख रुपए चोरी के आरोप लगाए। पीड़िता ने बताया कि वह पिछले एक साल से यहां कार्यरत थी. आरोप है कि दुकान मालिक ने उसे दुकान के अंदर बंद कर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया. युवती ने बताया कि उस पर दबाव डालकर स्टांप पेपर पर जबरन हस्ताक्षर कराए गए. इतना ही नहीं, मालिक ने जवाहर वार्ड स्थित युवती के किराए के मकान जाकर उसके और उसकी छोटी बहन के शैक्षणिक प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र समेत निजी सामान जब्त कर लिए। पीड़िता का यह भी आरोप है कि उसे डराने-धमकाने के लिए आपत्तिजनक वीडियो दिखाए गए और बार-बार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया. युवती ने भावुक होकर कहा, ÷मैं आदिवासी समाज से हूं, इस आधार पर मुझ पर शक किया गया और मेरी छवि खराब करने की कोशिश की गई. मेरे कपड़े और जरूरी दस्तावेज भी छीन लिए गए।

बस की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। नेशनल हाइवे 30 स्थित ग्राम देवरी के पास बस की टक्कर से बाइक सवार दो अधेड़ की मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मोहंदा निवासी मृतक कमलेश मोहर 50 वर्ष अपने साथी रामप्रसाद ध्रुव 65 वर्ष के साथ बाइक क्रमांक सीजी 04 डीक्यू 6076 से कहीं जा रहा था, तभी एनएच 30 स्थित ग्राम देवरी के पास बस क्रमांक सीजी 04 ईए 0990 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार दोनों अधेड़ की मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने बस जब्त कर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौत

भिलाई/नवप्रदेश। सुपेला थाना अंतर्गत चंद्रा मौर्या चौराहे पर शनिवार देर शाम सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। बाइक पर जा रहे युवक को ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। काफी देर तक वह सड़क पर पड़ा रहा। जब तक उसे अस्पताल पहुंचाया जाता उसकी मौत हो गई। घटना के बाद सुपेला पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार चंद्रा मौर्या चौक पर शनिवार देर शाम हादसा हुआ। वार्ड क्रमांक 7 कृष्णा नगर निवासी कुर्बान अली अपने साथी के साथ जा रहा था। चंद्रा मौर्या चौराहे पर सामने से बस वाले ने ब्रेक मारा तो पीछे से कुर्बान अली ने ओवर टेक किया।

कांतिलाल बोथरा बने छत्तीसगढ़ राइस मिल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर के प्रतिष्ठित राइस मिलर व भाजपा नेता कांतिलाल बोथरा को छत्तीसगढ़ राइस मिल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। वे पिछले 35 साल से भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं। बोथरा ने जिला भाजयुमो अध्यक्ष, जिला भाजपा महामंत्री का ओहदा संभाल चुके हैं। विभिन्न चुनावों में विधान सभा चुनाव प्रभारी / समन्वयक, कोष प्रभारी जैसे कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने के साथ ही भाजपा के चुनावी रणनीतिकार के रूप में भी महत्वपूर्ण पहचान बनाई है। अब उन्हें छत्तीसगढ़ राइस मिल एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया है। आज बिलासपुर में एसोसिएशन की बैठक बोथरा को नया अध्यक्ष चुना गया।

बोथरा ने नव प्रदेश से बातचीत के दौरान कहा कि राइस मिलर्स की समस्याओं का समाधान करने के लिये वे हरसंभव प्रयास करेंगे। पिछली सरकार के कार्यकाल में राइस मिलर्स को कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। प्रदेश के सभी राइस मिलर्स से चर्चा कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। बोथरा ने कहा कि साय सरकार ने सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखा है। पूरी उम्मीद है कि राज्य सरकार राइस मिलर्स की समस्याओं का समाधान भी करेगी। राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में वे सरकार और राइस मिलर के बीच समन्वय कायम करने की दिशा में लगातार प्रयासरत रहेंगे।

कुम्हारी नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी निलंबित

दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग से इस वक्त बड़ी खबर सामने आ रही है जहां छत्तीसगढ़ नगरी निकाय शासन ने कुम्हारी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर को निलंबित कर दिया है। उनके निलंबन का आदेश जारी कर दिया गया है। दरअसल पिछले दिनों छत्तीसगढ़ के नगरी निकाय मंत्री अरुण साव अचानक कुम्हारी नगर पालिका परिषद पहुंचे थे, जहां उन्होंने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण करने के बाद कार्यों में लापरवाही और धीमी गति से हो रहे विकास कार्य को लेकर उन्होंने पहले तो नाराजगी और फिर जब कार्यालयीन दस्तावेज देखे तो उन्हें दस्तावेज भी पूर्ण नहीं मिले। साथ ही विकास कार्यों में भरपूर लापरवाही की जा रही थी। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना और अमृत मिशन के कार्य अधिकार बहुत धीमा चल रहा था। इतना ही नहीं सुशासन तिहार में नागरिकों द्वारा की गई शिकायतों का समाधान भी सुस्त गति से किया जा रहा था। जिसके बाद डिप्टी सीएम और नगरी निकाय मंत्री अरुण साव ने इसे घनघोर लापरवाही मानते हुए कुम्हारी नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर को निलंबित कर दिया है.

दलधोवा घाट में दो ट्रकों में भिड़ंत, ड्राइवर घायल

बलरामपुर/नवप्रदेश। आज सुबह 8 बजे के करीब राष्ट्रीय राजमार्ग 343 में दलधोवा घाट में दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिससे एक ट्रक ड्राइवर का पैर स्टेरिंग में फंस गया काफी मशक्कत के बाद ट्रक ड्राइवर को निकाला जा सका नेशनल हाईवे में काफी देर जाम की स्थिति निर्मित हो गई मौके पर पहुंची हाईवे पेट्रोलिंग की टीम के द्वारा यातायात व्यवस्था को सामान्य किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 8 बजे के करीब राष्ट्रीय राज्य मार्ग में क्लिंकर लोड ट्रक रायपुर से औरंगाबाद जा रहा था वही खाली ट्रक रायपुर की ओर जा रहा था इसी दौरान दलधोवा घाट में दोनों की आमने-सामने टक्कर हो गई जिससे क्लिंकर ट्रक चालक पैर का स्टेरिंग से पर फंस गया जिसे स्थानीय लोगों एवं मौके पर पहुंची हाईवे पेट्रोलिंग की टीम के द्वारा काफी मुश्किल से बाहर निकल गया वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग 1 घंटे से अधिक जाम की स्थिति निर्मित रही हाईवे पेट्रोलिंग की टीम के द्वारा यातायात व्यवस्था को सामान्य किया गया।

बोर्ड परीक्षा में खराब परिणाम, डीईओ पर गिरी गाज

महासमुंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जीरो टॉलरेंस नीति और परिणाम आधारित कार्यशैली का असर अब स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने महासमुंद जिले में पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी का स्थानांतरण करते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि शिक्षा व्यवस्था में लापरवाही, निष्क्रियता और खराब प्रदर्शन अब किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार महासमुंद जिले के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी प्राचार्य एमआर सावंत को उनके पद से हटाकर कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग, जगदलपुर में सहायक संचालक के पद पर पदस्थ किया गया है।

अवैध शराब तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के थाना लोहारा ने अवैध शराब की तस्करी और बिक्री पर एक बड़ी कार्रवाई की है, जिसमें पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की। यह कार्रवाई पुलिस द्वारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत की गई, और आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

दिनांक 10/05/2025 की रात को थाना लोहारा को मुखबीर से सूचना मिली कि नया बस स्टैंड क्षेत्र में एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर अवैध शराब की बिक्री करने जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी लालजी सिन्हा के नेतृत्व में लोहारा पुलिस की एक टीम ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। टीम ने छानबीन की और सूचना के आधार पर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा।

गिरफ्तार आरोपी का नाम फगु राम लोधी, पिता रामाधार लोधी, उम्र 40 वर्ष, निवासी कोटरा बुदेंली, थाना लोहारा है। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से एक लाल रंग की स्पलेंडर मोटरसाइकिल (क्रमांक - ष्टत्र07रूा7133) बरामद की गई, जिसके पेट्रोल टंकी के ऊपर रखे सफेद रंग के प्लास्टिक थैले में 30 पौवा (छ्वस्रू स्क्चष्टद्गरु ङ्क्षढ्ढस्यङ्क) जब्त किए गए। प्रत्येक पौवा में 180 एमएल शराब भरी हुई थी, जिससे कुल 5.4 लीटर शराब बरामद हुई।

इस अवैध शराब की बाजार मूल्य ?3,600 बताई जा रही है, इसके अलावा आरोपी के पास ?360 की बिक्री रकम भी मिली। जुमला में जब्त की गई संपत्ति की कुल कीमत ?38,960 है। इस कार्यवाही के बाद आरोपी को 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया और न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह (आईपीएस) के मार्गदर्शन में यह कार्यवाही की गई, जिनके नेतृत्व में जिले में अवैध शराब और अन्य अपराधिक गतिविधियों के खिलाफ लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र बघेल और श्री पंकज पटेल के दिशा-निर्देशन में इस कार्यवाही को अंजाम दिया गया।

प्रदेश में तेज धूप और भीषण गर्मी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के कई हिस्सों में रविवार को हल्की मध्यम बारिश के साथ मेघ गर्जन की संभावना है। वहीं प्रदेश के कई जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ दिनों से बारिश और गरज-चमक की गतिविधियों में कमी आई है। इससे प्रदेश में मौसम में बदलाव देखने को मिला है। इन दिनों तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जिसके वजह से लोगों को चिलचिलाती धुप में घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। हालांकि अब इस गर्मी से राहत मिल सकती है।

रविवार को प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की मध्यम बारिश के साथ मेघ गर्जन की संभावना है। वहीं प्रदेश के कई जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को मौसम में बदलाव हो सकता है। दोपहर के बाद दक्षिण बस्तर समेत प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी तूफान के साथ बारिश हो सकती है। यह अगले दो दिनों तक गतिविधि जारी रहने की संभावना जताई जा रही है। वहीं 12 से 14 मई तक मध्यम से तीव्र मेघ गर्जन होने की संभावना है। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सकती है। हालांकि आगामी दिनों में तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है।

अगले चार दिनों में उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं दक्षिण भागों में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। बताया जा रहा है कि वेस्टर्न डिस्टर्बेंस और द्रोणिका के असर से प्रदेश के कई हिस्सों में तेज आंधी-तूफान होने की संभावना है। साथ ही बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है।

यहां बारिश के आसार

मौसम एक्सपर्ट ने बताया कि रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई, राजनांदगांव, बलौदाबाजार, बस्तर, बीजापुर और दंतेवाड़ा समेत प्रदेश के कई हिस्सों में तेज आंधी के साथ बारिश हो सकती है।

जगमड़वा जलाशय योजना | बड़ौदा खुर्द और जगमड़वा जलाशय का निर्माण कार्य तेज़ी पर

मुख्य नहर से 14 गांवों के हजारों किसानों को मिलेगा सीधा लाभ

- उपमुख्यमंत्री ने जलाशय निर्माण कार्यों को समय सीमा और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के दिए निर्देश

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा क्षेत्र में किसानों की बहुप्रतीक्षित उम्मीदों को अब आकार मिलता दिखाई दे रहा है। यहां बड़ौदा खुर्द और जगमड़वा जलाशय योजना का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है, जो न केवल हजारों किसानों को सिंचाई सुविधा प्रदान करेगा, बल्कि जल संरक्षण के क्षेत्र में भी मील का पत्थर साबित होगा। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज इन निर्माणाधीन जलाशयों का स्थलीय निरीक्षण किया और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता और समय सीमा से कोई समझौता न हो। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों, तकनीकी विशेषज्ञों और निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ गहन समीक्षा करते हुए यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सरकार और किसानों का साझा प्रयास

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सुशासन सरकार और बड़ौदा खुर्द, जगमड़वा जलाशय का निर्माण किसानों की एकजुटता और उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा की दूरदर्शी नीति का नतीजा है। वर्षों तक संघर्ष करने के बाद किसानों को इस ऐतिहासिक परियोजना का लाभ मिलने जा रहा है। यह जलाशय न केवल कृषि क्षेत्र में सुधार करेगा, बल्कि जल प्रबंधन की दिशा में भी एक मिसाल बनेगा। उल्लेखनीय है कि बड़ौदा खुर्द, जगमड़वा जलाशय का निर्माण कृषि विकास, जल संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उप मुख्यमंत्री के नेतृत्व में निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है और सरकार इस परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए संकल्पित है।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने निर्माण कार्य में गति लाने और संसाधनों को बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बांध निर्माण कार्य किसी भी स्थिति में नहीं रुकना चाहिए। सभी अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण करें और निर्माण कार्य की सतत मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि यह जलाशय परियोजना क्षेत्र की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में अहम भूमिका निभाएगी। इससे न केवल सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा, बल्कि भूजल स्तर में भी सुधार आएगा। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने जोर देकर कहा कि सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण और कृषि क्षेत्रों को सशक्त बनाना है, और इस तरह की परियोजनाएं उसी दिशा में एक ठोस कदम हैं। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल एक बांध निर्माण का कार्य नहीं, बल्कि हजारों किसानों की आशाओं और आकांक्षाओं को साकार करने का प्रयास है। वर्षों तक संघर्ष करने के बाद अब जब यह सपना पूरा हो रहा है, तो हमें इसकी गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करना चाहिए।

जगमड़वा जलाशय का विस्तार

जगमड़वा जलाशय योजना का शीर्ष कार्यस्थल ग्राम-बोदलपानी, विकासखण्ड सहसपुर लोहारा, विधानसभा क्षेत्र कवर्धा, जिला-कबीरधाम में स्थित है। जिससे ग्राम जगमड़वा के समीप नदी पर पिकअप वियर निर्माण कर बांयी तट नहर एवं दांयी तट नहर के द्वारा अंतिम ग्रामों तक सिंचाई सुविधा प्रदान की जाएगी। जगमड़वा जलाशय की प्रशासकीय स्वीकृति 69.76 करोड़ है। मुख्य नहर से लगभग 1820 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होगी, जिससे फसल उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों की आय बढ़ेगी। बांध की कुल लंबाई 1070 मीटर और ऊँचाई 23.56 मीटर है। योजना के शीर्ष कार्य में कुल 120.02 हे. भूमि प्रभावित हो रही है। जल संग्रहण क्षेत्र 72.37 हेक्टेयर है। जगमड़वा जलाशय योजना के मुख्य नहर से 14 गांवों के हजारों किसानों को सीधा लाभ होगा। योजना के दाएं तट नहर जिसकी लंबाई 18.57 किलोमीटर और बायी तट नहर की लंबाई 1.95 किलोमीटर कुल मुख्य नहर की लंबाई 20.52 किलोमीटर प्रस्तावित है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com